सूर्योदय 5:25 सूर्यास्त 7:11

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.8 न्यू | 25.4अधि |
| धर्मशाला | 10.9 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75,237 |
| निफ्टी | 23,643 |
| सोना | 1,58,000 |
| चांदी | 2,68,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 17 मई 2026 | 3 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 138, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### मालदीव में इटली के 5 गोताखोरों की मौत

**एजेंसी, माले।** मालदीव के वावू एटोल में बड़ा डाइविंग हादसा सामने आया है, जिसमें इटली के 5 गोताखोरों की मौत हो गई। सभी डाइवर्स 50 मीटर गहराई में गुफाओं की खोज के लिए गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। अब तक केवल एक शव बरामद हुआ है, जबकि चार अन्य के गुफा में फंसे होने की आशंका है। खराब मौसम और कठिन समुद्री परिस्थितियों के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में बाधा आ रही है। (अनंत ज्ञान)

### आईएसआईएस के शीर्ष कमांडर की अमेरिकी ऑपरेशन में मौत

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि आईएसआईएस के दूसरे सबसे बड़े कमांडर अबू बिलाल अल मिनुकी को अमेरिकी सेना ने नाइजीरियाई सेना के साथ मिलकर अफ्रीका में एक संयुक्त ऑपरेशन में मार गिराया। ट्रंप के अनुसार यह कार्रवाई बेहद योजनाबद्ध और कठिन परिस्थितियों में की गई, जिसमें लंबे समय से निगरानी के बाद उसे निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि इस आतंकी की मौत से आईएसआईएस के फंडिंग नेटवर्क और कमांड सिस्टम को बड़ा झटका लगा है। ऑपरेशन की जगह और समय स्पष्ट नहीं किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### पाक में पेट्रोल-डीजल 5-5 रुपए सस्ता



**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 5 रुपए लीटर (पाकिस्तानी रुपया) की कटौती की है। इसके बाद अब पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 409.78 रुपए प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल की कीमत 409.58 रुपए प्रति लीटर पर आ गई है। नई कीमतें आज यानी 16 मई से लागू हो गई हैं। हाल के दिनों में लगातार बढ़ती कीमतों के बाद इस कमी से मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के बजट को थोड़ा सहारा मिलने की उम्मीद है, क्योंकि पेट्रोल का सीधा असर मोटरसाइकिल, रिक्शा और छोटी गाड़ियों पर पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

### ब्रिटेन में भारतीय मूल के इमाम को उम्रकैद

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्वी लंदन में एक भारतीय मूल के इमाम को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है, जिसने धार्मिक नेता के रूप में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए महिला श्रद्धालुओं का यौन शोषण किया था। अब्दुल हलीम खान को स्नेयर्सब्रुक क्राउन कोर्ट में सजा सुनाई गई है। उसे 2004 से 2015 के बीच सात महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ किए गए 21 यौन अपराधों का दोषी पाया गया था। जस्टिस लेस्ली कथबर्ट ने आदेश दिया कि 54 वर्षीय खान को पैरोल के लिए पहले कम से कम 20 साल की सजा काटनी होगी। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- गांवों में समृद्धि की नई फसल उगा रही सुक्खू सरकार -पेज 2
- बाबा बालक नाथ धाम में बंदरों के हमले से चार श्रद्धालु घायल -पेज 6
- हर्बल पार्क सुंदरनगर में लगाए औषधीय पौधे -पेज 9


# हिमाचल में 51 नगर निकायों में वोटिंग आज

## 3.80 लाख मतदाता तय करेंगे 1147 प्रत्याशियों की किस्मत

अनंत ज्ञान





**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के 51 शहरी निकायों में आज लोकतंत्र का बड़ा उत्सव सजने जा रहा है। राज्य के चार नगर निगमों सहित 25 नगर परिषदों और 22 नगर पंचायतों में होने वाले चुनावों को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। लगभग 550 पोलिंग पार्टियां शनिवार को ईवीएम और चुनाव सामग्री के साथ मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दी गईं। राज्यभर में 3 लाख 80 हजार से अधिक मतदाता 1147 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे।

इस बार के नगर निकाय चुनाव केवल स्थानीय विकास तक सीमित नहीं माने जा रहे, बल्कि इन्हें प्रदेश की सियासत का बड़ा संकेतक माना जा रहा है। दिसंबर 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले होने वाले इन चुनावों को कांग्रेस और भाजपा दोनों दल सेमीफाइनल के रूप में देख रहे हैं।

**◆ 550 पोलिंग पार्टियां ईवीएम लेकर रवाना, चार नगर निगमों पर पूरे प्रदेश की नजर**

यही कारण है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित कई मंत्रियों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकी। वहीं, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, श्रीकांत शर्मा और सांसद अनुराग ठाकुर लगातार मैदान में सक्रिय रहे।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार कुल 449 पार्षद पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई थी, जिनमें से 10 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। अब 439 पदों के लिए मुकाबला होना है। कांगड़ा जिले में सबसे ज्यादा 80 पार्षद पदों पर मतदान होगा, जबकि मंडी में 65, शिमला में 58, सोलन में 49, ऊना में 48, कुल्लू में 39, बिलासपुर में 34, सिरमौर में 33, चंबा में 27 और हमीरपुर में 16 पदों पर चुनाव कराए जाएंगे। नगर निगमों में कुल 64, नगर परिषदों में 229 और नगर पंचायतों में 156 पार्षद चुने जाएंगे।

निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। लगभग 3600 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में एक प्रीसाइडिंग अधिकारी, तीन पोलिंग अधिकारी और सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। मतदान समाप्त होने के बाद नगर परिषद और नगर पंचायतों की मतगणना तुरंत शुरू होगी, जबकि चार नगर निगमों सोलन, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला के परिणामों के लिए 31 मई तक इंतजार करना पड़ेगा। इन नगर निगमों की ईवीएम मशीनें जिला मुख्यालयों में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखी जाएंगी।

### राजनीतिक दलों की प्रतिष्ठता दांव पर

**प्रदेश** में चुनावी माहौल पूरी तरह गर्माया हुआ है। शहरों और कस्बों में अंतिम दौर तक प्रचार का शोर गूंजता रहा। अब सभी की नजरें रविवार को होने वाले मतदान पर टिकी है, जहां मतदाता अपने वोट की ताकत से विकास, नेतृत्व और स्थानीय राजनीति की नई दिशा तय करेंगे। वैसे भी राजनीतिक दलों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है और हर सीट पर मुकाबला बेहद दिलचस्प माना जा रहा है।

# मुख्यमंत्री सुक्खू 3 दिन शिमला से रहेंगे बाहर

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आगामी तीन दिनों तक शिमला में आम लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। मुख्यमंत्री शनिवार दोपहर शिमला से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं, जहां वह रात्रि विश्राम करेंगे। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार 17 मई की सुबह वह केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों दृष्टियों से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ओक ओवर स्थित सरकारी आवास में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लंबित प्रशासनिक मामलों और विकास योजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठकें भी की, ताकि उनकी अनुपस्थिति के दौरान सरकारी कार्य प्रभावित न हों।

**◆ केरलम में नए सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल**

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री सुक्खू 18 मई को केरलम में आयोजित होने वाले नए मुख्यमंत्री वीडी सतीशन के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेंगे। इस समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी सहित कई राज्यों के प्रमुख नेताओं की मौजूदगी को लेकर भी चर्चाओं का दौर तेज है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मुख्यमंत्री का यह दौरा राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी नेतृत्व और अन्य राज्यों के नेताओं के साथ समन्वय बढ़ाने के लिहाज से भी अहम साबित हो सकता है।

सूत्रों के अनुसार केरलम दौरे के बाद मुख्यमंत्री कुछ समय नई दिल्ली में भी रुक सकते हैं। इस दौरान उनकी केंद्रीय मंत्रियों, नीति आयोग के अधिकारियों और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की संभावना जताई जा रही है। माना जा रहा है कि हिमाचल प्रदेश से जुड़े वित्तीय सहायता, विकास परियोजनाओं, आपदा प्रबंधन और अधोसंरचना विस्तार जैसे विषयों पर केंद्र सरकार के साथ महत्वपूर्ण चर्चा हो सकती है। हालांकि, सरकार की ओर से अभी तक इन बैठकों को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

# सोलन में ड्राई-डे के बीच अवैध शराब की 10,160 बोतलें पकड़ीं

अनंत ज्ञान

**सोलन।** पुलिस थाना धर्मपुर की पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी की रोकथाम हेतु जोहड़जी के समीप विशेष नाकाबंदी की गई थी। नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर दो वाहनों को जांच हेतु रोका। तलाशी लेने पर दोनों वाहनों से अवैध रूप से परिवहन की जा रही देसी शराब मार्का 'पटियाला संतरा' की कुल 438 पेटियां बरामद की गईं। जिनकी कुल संख्या 10,160 बोतलें बनती हैं।

पुलिस ने मौके पर दोनों वाहनों में सवार व्यक्तियों से शराब संबंधी वैध दस्तावेज, परमिट अथवा लाइसेंस प्रस्तुत करने के लिए कहा गया, किंतु वे कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। वाहनों में सवार व्यक्तियों की पहचान अशोक कुमार पुत्र राधे श्याम निवासी गांव कुल्हाड़ी वाला, जिला सोलन, प्रदीप कुमार पुत्र मनोहर लाल निवासी गांव ठेडवाल पट्टी, जिला रूपनगर (रोपड़), पंजाब तथा साहिल राणा पुत्र संजय कुमार निवासी गांव मालपुर, जिला सोलन, के रूप में हुई है।

**◆ नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने 438 पेटियां की बरामद**

प्रारंभिक जांच में मामला अवैध शराब परिवहन एवं तस्करी से संबंधित पाया गया, जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तीनों आरोपियों से गहन पूछताछ की गई। तीनों आरोपियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों के अनुसार धारा 35(3) के तहत नोटिस देकर विधि अनुसार पाबंद किया गया है। इसके अतिरिक्त, आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा मामले में प्रयुक्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# चुनाव प्रचार से लौट रहे दो युवकों की पिकअप खाई में गिरी, मौत

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के रोहड़ू उपमंडल के जांगला क्षेत्र की ग्राम पंचायत रनोल में देर रात हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। पंचायत चुनाव प्रचार से घर लौट रहे लोकेंद्र सिंह और वीरेंद्र सिंह की पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, दोनों युवक देर रात प्रचार खत्म कर घर लौट रहे थे, तभी वाहन अचानक सड़क से नीचे गिर गया। हादसा इतना भीषण था कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों को बचाने का कोई मौका नहीं मिला। सूचना मिलते ही पुलिस थाना चिड़गांव की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शवों को खाई से निकालकर सड़क तक पहुंचाया। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संदासू भेजा गया। पुलिस अधीक्षक शिमला गौरव सिंह ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# डीजल महंगा होने पर नालागढ़ ट्रक यूनियन ने बढ़ाया मालभाड़ा

अनंत ज्ञान

**बीबीएन।** प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन (बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़) में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों का असर अब उद्योगों और परिवहन क्षेत्र पर साफ दिखाई देने लगा है। नालागढ़ ट्रक यूनियन ने मालभाड़े में बढ़ोतरी कर दी है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

जानकारी के अनुसार डीजल की हालिया बढ़ोतरी के बाद ट्रक यूनियन ने मालभाड़े में एक रुप, प्रति किलोमीटर की वृद्धि का फैसला लिया है। इससे बीबीएन क्षेत्र के उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ने की संभावना है।

यूनियन और उद्योग संघ के बीच पहले से समझौता लागू है, जिसके तहत डीजल के दाम बढ़ने पर मालभाड़े में संशोधन किया जाता है। इससे पहले 2016, 2018 और 2022 में भी इसी आधार पर किराया बढ़ाया गया था। बीबीएन देश के प्रमुख औद्योगिक हब्स में शामिल है, जहां से फार्मा, एफएमसीजी, प्लास्टिक और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद देशभर में भेजे जाते हैं। ऐसे में ट्रांसपोर्ट लागत बढ़ने का सीधा असर उत्पादों की कीमतों पर पड़ने की आशंका है। आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि ईंधन कीमतों में वृद्धि का सबसे अधिक असर परिवहन क्षेत्र पर पड़ता है और इससे महंगाई का दबाव भी बढ़ सकता है। ट्रक यूनियन प्रतिनिधियों के अनुसार लगातार डीजल महंगा होने से परिचालन लागत बढ़ रही है। कई बार ट्रक खाली लौटते हैं, जिससे खर्च और बढ़ जाता है। ऐसे में मालभाड़ा बढ़ाना मजबूरी बन गया है।

### उद्योगों पर बढ़ेगा दबाव



# मोदी बोले-दुनिया आपदाओं के दशक से गुजर रही

## पहले कोरोना, फिर युद्ध, अब ऊर्जा संकट, हालात नहीं बदले तो गरीबी के दलदल में फंसेंगे

**एजेंसी, द हेग**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया इस समय 'आपदाओं के दशक' से गुजर रही है, जहां पहले कोरोना महामारी, फिर युद्ध और अब ऊर्जा संकट जैसी चुनौतियां सामने हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हालात नहीं बदले तो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है और बड़ी आबादी गरीबी के दलदल में फंस सकती है।

नीदरलैंड के द हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज मानवता कई संकटों से जूझ रही है और ऐसे समय में स्थिरता और सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर दुनिया ने दिशा नहीं बदली तो दशकों की प्रगति पर पानी फिर सकता है। कार्यक्रम में भारतीय समुदाय ने उनका जोरदार स्वागत किया। कलाकारों ने भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां दीं।

पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें ऐसा महसूस हुआ जैसे वे भारत के किसी उत्सव में शामिल हों। उन्होंने द हेग को भारत-नीदरलैंड मित्रता का प्रतीक बताया। मोदी ने कहा कि भारतीय प्रवासियों ने नीदरलैंड में अपनी मेहनत और प्रतिभा से अलग पहचान बनाई है और देश के विकास में योगदान दिया है। उन्होंने भारत की आर्थिक प्रगति और स्टार्टअप ईकोसिस्टम का भी उल्लेख किया। मोदी ने कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बन चुका है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लोकतंत्र, युवा शक्ति और तकनीकी विकास पर भी जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत एआई, सेमीकंडक्टर और डिजिटल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। समापन पर भारतीय समुदाय ने 'भारत माता की जय' के नारों से उनका अभिवादन किया। (अनंत ज्ञान)

# केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे आरडी नजीम व प्रियंका बसु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा में अहम जिम्मेदारियां निभा रहे अतिरिक्त मुख्य सचिव आरडी नजीम और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी प्रियंका बसु अब केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर नई जिम्मेदारियां संभालेंगे। वर्तमान में आरडी नजीम प्रदेश सरकार में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत हैं और कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। वहीं प्रियंका बसु भी हिमाचल में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं और प्रशासनिक कार्यशैली को लेकर उनकी अलग पहचान रही है। सूत्रों के अनुसार केंद्र सरकार ने दोनों अधिकारियों की सेवाएं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए स्वीकृत कर दी हैं। बताया जा रहा है कि दोनों अधिकारी जल्द नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करेंगे। हालांकि केंद्र में उन्हें कौन सा विभाग और दायित्व सौंपा जाएगा, इसकी औपचारिक अधिसूचना का इंतजार किया जा रहा है।

**◆ केंद्र सरकार में संभालेंगे नई जिम्मेदारियां**

# अमेरिका अगले हफ्ते दोबारा ईरान पर हमले की तैयारी में

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



अमेरिका अगले हफ्ते ईरान पर दोबारा सैन्य हमले की तैयारी कर रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेंटागन ने हमले के कई विकल्प तैयार किए हैं और अब अंतिम फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेना है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई बढ़ाने की योजना तैयार है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, हमले के विकल्पों में ईरान के सैन्य और इंफ्रास्ट्रक्चर ठिकानों पर बड़े हवाई हमले शामिल हैं। एक विकल्प अमेरिकी स्पेशल ऑपरेशन फोर्सेज को जमीन पर उतारकर इस्फहान परमाणु साइट में दबे परमाणु सामग्री, यानी एनरिच्ड यूरेनियम तक पहुंचने का भी है। हालांकि, अधिकारियों ने माना कि ऐसा ऑपरेशन बेहद जोखिम भरा होगा और इसमें भारी सैन्य नुकसान हो सकता है।

**◆ 50 हजार सैनिक और युद्धपोत तैनात, ट्रंप के फैसले का इंतजार**

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने मिडल-ईस्ट में 50 हजार से ज्यादा सैनिक तैनात रखे हैं। इसके अलावा दो एयरक्राफ्ट कैरियर, एक दर्जन से ज्यादा नेवी डेस्ट्रॉयर और बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान भी क्षेत्र में मौजूद हैं। करीब 5 हजार मरीन और 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के 2 हजार पैराट्रूपर्स भी आदेश का इंतजार कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में कल से बढ़ेगा गर्मी का प्रकोप

## तापमान में 5 डिग्री तक आएगा उछाल, 4 जिलों में येलो अलर्ट

अनंत ज्ञान



फाइल फोटो

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अब गर्मी का प्रकोप बढ़ने की संभावना है। बीते पांच दिनों के दौरान कुछेक भागों में हल्की बूंदाबांदी के बाद कल से धूप खिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार 21 मई तक मौसम पूरी तरह साफ रहेगा। इस दौरान तापमान में चार से पांच डिग्री का उछाल आएगा।

राज्य के मैदानी इलाकों में गर्मी का असर दिखना शुरू हो गया है। ऊना का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। हालांकि, यह अभी सामान्य से 1.7 डिग्री कम है। बीते चार दिनों के दौरान आसमान में बादल छाए रहने और कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश के कारण कई शहरों का तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ था, लेकिन अब मौसम साफ होने के बाद इसमें तेजी से उछाल आएगा।

मौसम विभाग के अनुसार चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिले में आंधी-तूफान को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि, पिछले पांच दिनों से लगातार अलर्ट जारी किए जा रहे हैं। विशेषकर 12 व 13 मई भारी ओलावृष्टि-तूफान का ऑरेंज अलर्ट था। मगर इस दौरान भी अधिकांश भागों में धूप खिली रही।

मौसम विभाग के अनुसार मई महीने में अब तक सामान्य से 13 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है। यही वजह रही कि इस बार मई के मध्य तक भी प्रदेश में लोगों को गर्मी का एहसास नहीं हुआ, लेकिन आने वाले दिनों में लगातार धूप खिलने से मैदानी और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में गर्मी बढ़ने लगेगी।

**मौसम** | प्रशांत महासागर उम्मीद से ज्यादा गर्म, भारत में भीषण गर्मी और सूखा पड़ने की आशंका

# अल नीनो की दस्तक से बदलेगा मौसम का मिजाज, मई-जून से झुलसाएगी गर्मी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



मौसम के मिजाज में बड़ा बदलाव आने वाला है और इसके असर से भारत समेत पूरी दुनिया भीषण गर्मी से झुलस सकती है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने चेतावनी दी है कि अल नीनो इस बार तय समय से पहले, मई से जुलाई के बीच ही विकसित हो सकता है। इसका सीधा असर तापमान और बारिश के पैटर्न पर पड़ेगा। पहले जहां इसके अगस्त-सितंबर में आने की संभावना जताई जा रही थी, अब इसके जल्दी दस्तक देने के संकेत ने मौसम वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ा दी है।

अल नीनो की आहट के साथ ही भारत में मानसून को लेकर अनिश्चितता गहराने लगी है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) पहले ही 'सामान्य से कम' बारिश का अनुमान जता चुका है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर अल नीनो मजबूत हुआ, तो यह खेती, जल भंडारण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गहरा असर डाल सकता है।

खासकर वर्षा-आधारित कृषि वाले इलाकों में सूखे जैसी स्थिति बन सकती है। अल नीनो का असर हर जगह एक जैसा नहीं होता। भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया में सूखे की स्थिति बन सकती है, जबकि दक्षिण अमेरिका, अमेरिका के कुछ हिस्सों और अफ्रीका के क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है। ऐसे में विशेषज्ञों ने सरकारों को पहले से तैयारी करने, जल प्रबंधन मजबूत करने और कृषि रणनीतियों में बदलाव की सलाह दी है, ताकि संभावित संकट का सामना किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

### अल नीनो?

**एक** प्राकृतिक जलवायु घटना है, जिसमें प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी हिस्से का सतही पानी सामान्य से ज्यादा गर्म हो जाता है। इससे वैश्विक मौसम पैटर्न प्रभावित होते हैं। इसके कारण कई जगहों पर भारी बारिश, बाढ़ और कुछ क्षेत्रों में सूखा पड़ सकता है। भारत में यह अक्सर मानसून को कमजोर कर देता है, जिससे बारिश कम हो सकती है और कृषि पर असर पड़ता है। यह हर 2 से 7 साल में होता है।

### विश्वभर में पड़ेगी गर्मी की मार

**डब्ल्यूएमओ** की ताजा रिपोर्ट साफ संकेत दे रही है कि मई-जून-जुलाई के दौरान दुनियाभर में जमीन का तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा। इसका मतलब है कि भारत में भी भीषण हीटवेव का खतरा बढ़ सकता है। इससे बिजली की मांग, पानी की खपत और स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव बढ़ेगा। शहरों में 'हीट आइलैंड' प्रभाव और ज्यादा तीखा हो सकता है। चिंता की एक और बड़ी वजह हिमालयी क्षेत्र में बर्फ का तेजी से घटता स्तर है। हिंदूकुश-हिमालय क्षेत्र में इस साल बर्फ की मौजूदगी सामान्य से 27.8% कम दर्ज की गई है, जो 20 साल में सबसे कम है। यह स्थिति नदियों के प्रवाह को प्रभावित कर सकती है और करीब दो अरब लोगों की जल सुरक्षा पर खतरा पैदा कर सकती है। भू-मध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्री सतह का तापमान तेजी से बढ़ रहा है, जो अल नीनो के विकसित होने का बड़ा संकेत माना जाता है। डब्ल्यूएमओ के अनुसार, जलवायु मॉडल अब इस पर लगभग एकमत हैं कि आने वाले महीनों में अल नीनो की स्थिति और मजबूत होगी। यह बदलाव वैश्विक मौसम प्रणाली को प्रभावित करेगा।

# हिमाचल में बढ़ सकता है वाहन किराया

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3-3 रुपए की बढ़ोतरी से परिवहन क्षेत्र में बढ़ी बेचैनी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हुई ताजा बढ़ोतरी ने राज्य में महंगाई की नई चिंता खड़ी कर दी है। ईंधन के दाम बढ़ने के बाद अब प्रदेश में बस, ट्रक और टैक्सी किराये में वृद्धि की संभावनाएं तेज हो गई हैं। लिहाजा, लगातार बढ़ते खर्चों के बीच पुराने किरायों पर संचालन करना अब घाटे का सौदा बन चुका है। ऐसे में आने वाले दिनों में इसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर दिखाई दे सकता है।




जानकारी के अनुसार प्रदेश के निजी बस ऑपरेटरों, ट्रक यूनियनों व टैक्सी संगठनों ने सरकार से किराया पुनर्निर्धारण की मांग तेज कर दी है। उनका कहना है कि पहले ईंधन के दामों में मामूली बढ़ोतरी होती थी, लेकिन इस बार एक साथ तीन रुपये तक की वृद्धि ने परिचालन लागत को बुरी तरह प्रभावित किया है। ऑपरेटरों के अनुसार स्पेयर पार्ट्स, इंश्योरेंस, टोल टैक्स, परमिट और रखरखाव का खर्च पहले ही लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में अब किराया बढ़ाना उनकी मजबूरी बन गया है।

परिवहन किराये में संभावित बढ़ोतरी का असर केवल यात्रियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि रोजमर्रा के सामानों की कीमतों पर भी इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। ट्रकों और मालवाहक वाहनों का किराया बढ़ने से सब्जियां, फल, राशन और अन्य आवश्यक वस्तुएं महंगी हो सकती हैं।

खासकर किसानों और बागवानों को अपनी फसलों और उत्पादों को मंडियों तक पहुंचाने में अधिक खर्च उठाना पड़ेगा, जिससे कृषि और बागवानी क्षेत्र पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव बढ़ने की आशंका है।

◆ **प्रदेश के बस, ट्रक और टैक्सी ऑपरेटरों ने उठाई किराया संशोधन की मांग**

◆ **रोजमर्रा की वस्तुओं से लेकर पर्यटन कारोबार तक पड़ सकता है असर**

पर्यटन कारोबार पर भी इसका असर साफ दिखाई दे सकता है। प्रदेश में पर्यटन सीजन शुरू होने के साथ टैक्सी और टेंपो ट्रैवलर की बुकिंग पहले से जारी है, लेकिन ईंधन महंगा होने के बाद ऑपरेटर किरायों में बढ़ोतरी की तैयारी में हैं। इससे बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों का बजट प्रभावित हो सकता है।

जनजातीय और दूरदराज क्षेत्रों में यात्रा करने वाले लोगों को भी अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ सकता है, क्योंकि वहां परिवहन सेवाएं पहले से ही सीमित और महंगी मानी जाती हैं।

गौर रहे कि सरकार ने अमेरिका-इसराइल की ईरान के साथ जंग के कारण पैदा हुए ऊर्जा संकट के कारण दो दिन पूर्व ही पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपए की बढ़ोतरी की है।

### सरकार से सकारात्मक निर्णय लेने की मांग

**परिवहन** संगठनों ने सरकार से जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की है, ताकि ऑपरेटरों को आर्थिक संकट से राहत मिल सके। वहीं आम जनता की निगाहें भी अब इस बात पर टिकी हैं कि सरकार महंगाई की इस नई मार से राहत देने के लिए क्या कदम उठाती है। यदि जल्द संतुलित समाधान नहीं निकला तो आने वाले दिनों में प्रदेश में महंगाई का दायरा और व्यापक हो सकता है, जिसका असर हर वर्ग के लोगों पर महसूस किया जाएगा।

# पेट्रोल-डीजल महंगा होने से प्रभावित होगा हिमाचल का पर्यटन कारोबार : विक्रमादित्य

## केंद्र पर साधा निशाना, कहा-आम लोगों की जेब पर पड़ेगा असर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ईंधन के दाम बढ़ने का सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ेगा और इससे महंगाई और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल में पर्यटन सीजन के दौरान होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और परिवहन कारोबार पर इसका नकारात्मक असर देखने को मिलेगा।

विक्रमादित्य सिंह ने शनिवार को कहा कि पेट्रोल-डीजल महंगा होने से किसान, बागवान, छोटे कारोबारी और आम जनता सबसे ज्यादा प्रभावित होगी। उनका कहना था कि चुनावों के दौरान पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाए गए, लेकिन चुनाव खत्म होते ही कीमतों में बढ़ोतरी कर दी गई। उन्होंने कहा कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर पहले ही महंगा हो चुका है और अब ईंधन की कीमतें बढ़ने से कारोबारियों की लागत और बढ़ जाएगी।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में इस समय पर्यटन सीजन चरम पर है। ऐसे में ईंधन और गैस महंगी होने से होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट संचालकों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। डीजल के दाम बढ़ने से मालभाड़ा भी महंगा होगा, जिसका असर सीमेंट, सरिया, एल्युमिनियम और अन्य निर्माण सामग्री की कीमतों पर पड़ेगा। इसके साथ ही सब्जियों, दूध, खाद्य तेल और रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं के दाम बढ़ने की भी आशंका है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि बिटुमिन की कीमतें बढ़ने से सड़क निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से इस विषय को गंभीरता से लेने और राहत देने की मांग की। नगर निगम चुनावों को लेकर भी विक्रमादित्य सिंह ने कांग्रेस की जीत का दावा किया। उन्होंने कहाकहा कि चारों नगर निगम चुनावों में कांग्रेस मजबूती के साथ मैदान में है और पार्टी के सभी नेताओं ने चुनाव प्रचार में सक्रिय भूमिका निभाई है।

### शहरी विकास के लिए 1200 करोड़ रुपए मंजूर



**विक्रमादित्य** ने कहा कि शहरी विकास और लोक निर्माण विभाग के लिए केंद्र से वित्तीय सहायता लाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहरी विकास से जुड़े 5400 करोड़ रुपए के प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे गए थे, जिनमें से करीब 1200 करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन बढ़ने के साथ कूड़ा निस्तारण एक बड़ी चुनौती बन रहा है। सरकार इस दिशा में बायोगैस प्लांट और सीवरेज सिस्टम को मजबूत करने पर काम कर रही है ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ शहरी सुविधाओं को भी बेहतर बनाया जा सके।

# शिमला में एक माह बंद रहेगा एजी चौक-विधानसभा मार्ग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला शहर में आगामी एक माह तक यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप द्वारा जारी आदेशों के अनुसार एजी चौक से विधानसभा तक जाने वाला मार्ग 19 मई 2026 से 18 जून 2026 तक वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगा। यह निर्णय भूमिगत यूटिलिटी डक्ट निर्माण कार्य को सुरक्षित और सुचारु रूप से पूरा करने के उद्देश्य से लिया गया है। प्रशासन ने निर्माण कार्य की गंभीरता और पुलिस विभाग की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है।




आदेशों के तहत निर्माण अवधि के दौरान समस्त यातायात को कार्ट रोड की ओर मोड़ा जाएगा ताकि शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। प्रशासन ने कार्य एजेंसी को निर्देश दिए हैं कि निर्माण स्थल पर बैरिकेडिंग, सुरक्षा जाल और रात्रि प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही स्कूल बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और पैदल चलने वालों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। शहरवासियों से अपील की गई है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर प्रशासन का सहयोग करें ताकि राजधानी में विकास कार्य बिना बाधा आगे बढ़ सके।

◆ **कार्ट रोड की ओर मोड़ा जाएगा यातायात**

# शिमला शहर में गहराया सफाई संकट

## एस्मा लागू होने के बावजूद दूसरे दिन भी हड़ताल पर डटे सैहब कर्मचारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर संकट गहराने लगा है। राजधानी शिमला में सैहब सोसायटी के कर्मचारियों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। एस्मा लागू होने के बावजूद सफाई कर्मी अपनी मांगों को लेकर डटे रहे और शनिवार को उपायुक्त कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।

हड़ताल के कारण हजारों घरों, बाजारों और व्यावसायिक संस्थानों से कूड़ा नहीं उठ पाया, जिससे शहर में गंदगी बढ़ने लगी है। स्वच्छता सर्वेक्षण के बीच सफाई व्यवस्था ठप होने से नगर निगम प्रशासन की चिंता भी बढ़ गई है। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि शहरवासियों का भी सहयोग मिल रहा है, लेकिन लगातार बढ़ते कचरे के कारण चुनौती बनी हुई है।



डीसी ऑफिस बाहर मांगों को लेकर प्रदर्शन करते सैहब सोसायटी के कर्मचारी।

सैहब सोसायटी के करीब 800 कर्मचारी, जिनमें सफाई कर्मी, चालक, सुपरवाइजर और घर-घर से कूड़ा उठाने वाले कर्मचारी शामिल हैं, नगर निगम द्वारा दस प्रतिशत वार्षिक वेतन बढ़ोतरी वापस लेने के फैसले का विरोध कर रहे हैं। यूनियन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि दस प्रतिशत बढ़ोतरी की जगह केवल तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता देने से कर्मचारियों को हर महीने सात सौ से एक हजार रुपये तक का नुकसान होगा। यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह और महासचिव ओमप्रकाश गर्ग ने कहा कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा, जबकि नगर निगम प्रशासन ने हड़ताल को अवैध बताते हुए कर्मचारियों को तुरंत काम पर लौटने के निर्देश दिए हैं।

### मेयर का 10 फीसदी वेतन बढ़ोतरी का भरोसा

**नगर** निगम शिमला के मेयर सुरेंद्र चौहान ने सफाई कर्मचारियों से काम पर लौटने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की 10 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी की मांग पर फैसला नगर निगम की एजीएम में ही लिया जा सकता है और इसमें कुछ समय लगेगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने कर्मचारियों के हित में कई कदम उठाए हैं। निगम के इतिहास में पहली बार कर्मचारियों के लिए 30 लाख रुपए तक का बीमा करवाया गया है। इसके अलावा दिवाली बोनस को बढ़ाकर 2000 रुपए किया गया है और कर्मचारियों को मिलने वाले अवकाश भी बढ़ाए गए हैं। मेयर ने कहा कि आचार संहिता खत्म होने के बाद वेतन बढ़ोतरी के मुद्दे पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों से शहरहित में हड़ताल खत्म कर काम पर लौटने की अपील की।

# नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू



अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** विद्युत मंत्रालय ,भारत सरकार व एसजेवीएन के निगम मुख्यालय, शिमला के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन द्वारा 'स्वच्छता पखवाड़ा 2026' का आयोजन 16 मई से 31 मई, 2026 तक किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत 16 मई, 2026 को शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुई, जिसमें परियोजना परिसर, झाकड़ी तथा नाथपा डैम के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख, एनजेएचपीएस श्री राजीव कपूर ने सभी उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई, जिसमें स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। 16 मई से 31 मई, तक आयोजित होने वाले इस स्वच्छता पखवाड़े के दौरान एसजेवीएन द्वारा विभिन्न रचनात्मक और जागरूकता से परिपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें स्वच्छता अभियान, सरकारी विद्यालयों में बालिका शौचालयों को गोद लेना, स्वच्छता रैली, नुक्कड़ नाटक और अन्य जन-जागरूकता गतिविधियाँ शामिल हैं। इन सभी आयोजनों का उद्देश्य एनजेएचपीएस स्टाफ के साथ-साथ स्थानीय समुदाय में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है।

# मतदान दलों को समय पर रामपुर बुशहर में पोलिंग बूथ स्थापित करने के निर्देश

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** नगर परिषद रामपुर बुशहर निर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी नागरिक रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह ने मतदान प्रक्रिया में नियुक्त सभी पीठासीन अधिकारियों, मतदान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम मशीनों के वितरण से पूर्व विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए निर्देश दिए कि मतदान कार्य पूर्णतः निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही संपन्न करवाया जाए। इस दौरान ई.वी.एम. मशीनों के संचालन, मॉक पोल प्रक्रिया, मतदान प्रारंभ व समाप्ति संबंधी औपचारिकताओं, मतदाता पहचान प्रक्रिया, मतदान अभिलेखों के रख-रखाव तथा सीलिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।



◆ **पीठासीन और मतदान अधिकारियों को दिया ईवीएम संचालन प्रशिक्षण**

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान दलों को समयबद्ध तरीके से मतदान केंद्रों पर पहुंचना सुनिश्चित करना होगा तथा मतदान शुरू होने से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करनी होंगी। मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या या अन्य कठिनाई होने पर सेक्टर अधिकारियों एवं नियंत्रण कक्ष से तुरंत संपर्क करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने सभी मतदान दलों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं एवं पोलिंग बूथ स्थापित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता को सुगम एवं व्यवस्थित मतदान सुविधा उपलब्ध करवाना चुनाव अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

# बिजली सेस लगाकर सरकार ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें : संदीपनी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर बिजली दरों में बढ़ोतरी और अतिरिक्त सेस लगाए जाने के फैसले को प्रदेश के व्यापारियों, होटल कारोबारियों और मध्यम वर्ग पर 'आर्थिक हमला' करार दिया है। उन्होंने कहा कि चुनावों से पहले कांग्रेस ने 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आते ही जनता पर लगातार महंगाई और टैक्स का बोझ डाला जा रहा है। अब प्रति यूनिट अतिरिक्त एक रुपये का सेस लगाकर सरकार ने अपनी कथनी और करनी का अंतर साफ कर दिया है। संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि नई दरों के तहत 0 से 20 यूनिट, 20 से 100 यूनिट तथा 100 यूनिट से अधिक खपत पर बिजली दरों में एक रुपए प्रति यूनिट की वृद्धि कर दी गई है, जिससे प्रदेश के लाखों व्यावसायिक उपभोक्ता प्रभावित होंगे।



उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों, होटलों, शिक्षण संस्थानों, शॉपिंग मॉल, निजी कार्यालयों और छोटे कारोबारियों पर इसका सीधा असर पड़ेगा तथा आने वाले समय में बाजार में महंगाई और बढ़ सकती है। भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश पर लगातार कर्ज बढ़ रहा है और सरकार अपनी विफलताओं का बोझ जनता पर टैक्स, सेस और बढ़ी हुई दरों के माध्यम से डाल रही है। उन्होंने कहा कि पहले पानी के बिल, डीजल-पेट्रोल, स्टांप ड्यूटी और परिवहन किराए बढ़ाए गए, जबकि अब बिजली पर अतिरिक्त बोझ डालकर आम लोगों की जेब पर सीधा प्रहार किया गया है।

## कुलदीप पठानिया को सौंपे ज्ञापन, मांगों पर विचार करने का मिला आश्वासन

# विधानसभा सचिवालय के कर्मियों ने विस अध्यक्ष के समक्ष खोला मांगों का पिटारा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय में शनिवार को अधिकारी एवं कर्मचारी संगठनों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपे। इस दौरान दोनों संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने मुद्दों को विस्तार से रखते हुए शीघ्र समाधान की मांग उठाई। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी मांगों पर सकारात्मक और सहानुभूतिपूर्ण विचार करने का भरोसा दिलाया।

पूर्वाह्न लगभग 11:30 बजे हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय अधिकारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बेग राम कश्यप की अगुवाई में पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। संगठन की ओर से विभिन्न प्रशासनिक एवं कर्मचारी हितों से जुड़ी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इसके बाद अपराह्न 12:30 बजे तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दीपक ठाकुर के नेतृत्व में कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने भी विधान सभा अध्यक्ष से मुलाकात की। इस दौरान संघ ने कर्मचारियों से संबंधित मांगों और सुविधाओं को लेकर ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा मांगों पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेने का आग्रह किया। दोनों बैठकों में संगठनों के सभी प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।


विधानसभा अध्यक्ष पठानिया को ज्ञापन सौंपते विधानसभा सचिवालय के अधिकारी संघ व तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

# हाईकोर्ट ने युद्ध चंद की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने कांगड़ा सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक (केसीसीबी) ऋण मामले में व्यवसायी युद्ध चंद बैंस और उनके बेटे हरीश चंद की गिरफ्तारी पर एक बार फिर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति राकेश कैंथला ने अपने फैसले में कहा कि सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो यह साबित करने में विफल रहा कि आरोपियों से हिरासत में पूछताछ क्यों आवश्यक है। अदालत ने यह भी कहा कि कई बैंक अधिकारियों और निदेशकों को केवल नोटिस देकर छोड़ दिया गया, जबकि उधारकर्ताओं की गिरफ्तारी पर जोर दिया जा रहा है। उच्च न्यायालय ने जांच एजेंसी के रवैये पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस हिरासत कोई ऐसा 'जादुई शब्द' नहीं है, जिससे अदालत अपने अधिकारों का इस्तेमाल करना छोड़ दे। अदालत ने माना कि मामले में जांच एजेंसी की कार्रवाई और केस डायरी में कई खामियां सामने आई हैं। फैसले में यह भी कहा गया कि केवल धनराशि की बरामदगी या पूछताछ की मांग के आधार पर गिरफ्तारी को उचित नहीं ठहराया जा सकता।

◆ **मामले में जांच एजेंसी की कार्रवाई में कई खामियां आई सामने**

**खेतीबाड़ी**

## 63 हजार किसानों से खरीदी जाएगी प्राकृतिक उपज, प्रदेश बना देश में नई कृषि क्रांति का अग्रदूत

# गांवों में समृद्धि की नई फसल उगा रही सुक्खू सरकार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में प्राकृतिक खेती अब केवल खेती का विकल्प नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला जनआंदोलन बनकर उभर रही है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी राजीव गांधी प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना ने हजारों किसान और बागवान परिवारों के जीवन में आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय बदलाव की नई इबारत लिखनी शुरू कर दी है। जलवायु परिवर्तन, खेती की बढ़ती लागत, मिट्टी की घटती उर्वरता और जंगली जानवरों से फसलों को हो रहे नुकसान के बीच प्राकृतिक खेती किसानों के लिए राहत और स्थायी आजीविका का मजबूत आधार बनती जा रही है। यही कारण है कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जिसने प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य तय कर किसानों के हितों को नई सुरक्षा प्रदान की है।



राज्य सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष लगभग 63 हजार किसानों से प्राकृतिक उपज खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कृषि विभाग के अनुसार प्रदेश में अब तक 2 लाख 23 हजार 29 किसान एवं बागवान परिवार पूर्ण या आंशिक रूप से प्राकृतिक खेती से जुड़ चुके हैं। यह अभियान प्रदेश की 99.3 प्रतिशत ग्राम पंचायतों तक पहुंच चुका है, जो इस योजना की व्यापक स्वीकार्यता को दर्शाता है। सरकार का मानना है कि गांव की पूंजी गांव की अर्थव्यवस्था में ही बनी रहे, तभी ग्रामीण विकास को वास्तविक गति मिल सकती है।

कृषि विभाग ने इस वर्ष एक लाख नए किसानों को हिम परिवार रजिस्टर से जोड़ने का लक्ष्य तय किया है। अब तक 70 हजार से अधिक किसान इस रजिस्टर से जुड़ चुके हैं, जो लक्ष्य का लगभग 70 प्रतिशत है। यह व्यवस्था किसानों तक सरकारी योजनाओं का पारदर्शी और प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आने वाले वर्षों में न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ लेने वाले किसानों की संख्या में और वृद्धि सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और अधिक सशक्त हो सके। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसलों के समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। प्राकृतिक गेहूं 80 रुपये प्रति किलोग्राम, मक्की 50 रुपये प्रति किलोग्राम, कच्ची हल्दी 150 रुपये प्रति किलोग्राम, पांगी घाटी की जौ 80 रुपये प्रति किलोग्राम तथा अदरक 30 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खरीदी जा रही है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 7,382 किसानों से 11,329 क्विंटल गेहूं, मक्की, हल्दी और जौ की खरीद की जा चुकी है। इसके बदले किसानों के बैंक खातों में 6.40 करोड़ रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की गई है। प्रदेश में प्राकृतिक गेहूं की खरीद में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले वर्ष जहां केवल 838 किसानों से गेहूं खरीदा गया था, वहीं इस वर्ष यह संख्या बढ़कर लगभग 2,022 तक पहुंच गई है। सरकार का मानना है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य केवल फसलों का मूल्य नहीं, बल्कि किसानों के विश्वास और परिश्रम का सम्मान भी है। यही कारण है कि छोटे और सीमांत किसान तेजी से प्राकृतिक खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

### प्राकृतिक उत्पादों विपणन पर सरकार दे रही विशेष ध्यान

**राज्य** सरकार प्राकृतिक उत्पादों के मूल्य संवर्धन और विपणन पर भी विशेष ध्यान दे रही है, ताकि किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल सके। पिछले वर्ष खरीदे गए प्राकृतिक उत्पादों में से 420 क्विंटल गेहूं आटा, 1,370 क्विंटल दलिया उत्पाद, 1,628 क्विंटल मक्की आटा तथा 59 क्विंटल जौ का आटा प्रसंस्कृत कर खाद्य आपूर्ति निगम और कृषि विभाग के माध्यम से बाजार में उतारा गया। इससे प्राकृतिक खेती को केवल खेती तक सीमित न रखकर एक सशक्त ग्रामीण उद्योग के रूप में विकसित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया जा रहा है।

# गाड़ी धोते समय फिसलने से घायल व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिला के नेरवा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की घर के बाहर गाड़ी धोते समय पैर फिसलने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 50 वर्षीय प्रेम प्रकाश कुमार पुत्र संत राम निवासी गांव गुरार, डाकघर थरोच, तहसील नेरवा के रूप में हुई है। पुलिस को 15 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेरवा से सूचना मिली कि प्रेम प्रकाश कुमार को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू की। मृतक के बेटे चिराग ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह करीब साढ़े दस बजे उसके पिता घर के बाहर अपनी गाड़ी धो रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह सिर के बल जमीन पर गिर पड़े। गिरने के बाद वह बेहोश हो गए। इसके बाद परिवार और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत नेरवा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का निरीक्षण किया, जिसमें सिर के पिछले हिस्से में चोट के निशान पाए गए। पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

# पंचायत चुनाव : 12854 उम्मीदवार मैदान से हटे

## मंडी सबसे ज्यादा नाम वापसी वाला जिला, अब 72608 दावेदारों का भाग्य तय करेंगे वोटर्स

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पंचायत चुनावों में नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होते ही अब चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है। प्रदेश भर में लगभग 12 हजार 854 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापस ले लिए हैं, जिसके बाद अब प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य, बीडीसी और जिला परिषद पदों के लिए करीब 72 हजार 608 उम्मीदवार मैदान में डटे हुए हैं। चुनाव चिन्ह आवंटित होते ही गांवों में प्रचार अभियान ने पूरी रफ्तार पकड़ ली है और अब हर पंचायत में राजनीतिक, सामाजिक और पारिवारिक समीकरण खुलकर सामने आने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में सबसे अधिक 2291 उम्मीदवारों ने मंडी जिले में नाम वापस लिए हैं, जबकि लाहौल-स्पीति में सबसे कम 66 नामांकन वापस हुए। शिमला जिले में 2174, कांगड़ा में 1413, कुल्लू में 1417, सिरमौर में 1806, चंबा में 1101, बिलासपुर में 506, सोलन में 606 और हमीरपुर में 477 उम्मीदवारों ने




चुनाव मैदान छोड़ा है। इसके साथ ही 130 से अधिक पंचायतें निर्विरोध चुनी जा चुकी हैं और राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार यह संख्या 150 के पार पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

नाम वापसी के बाद अब गांवों में मुकाबले पहले से ज्यादा दिलचस्प और कांटे के हो गए हैं। कई पंचायतों में सीधे दो धड़ों की टक्कर बन चुकी है, जबकि कुछ क्षेत्रों में पारिवारिक और जातीय समीकरण चुनाव परिणामों को प्रभावित करते दिखाई दे रहे हैं। युवाओं और महिलाओं की भागीदारी इस बार खास चर्चा में है। कई पंचायतों में पुराने जनप्रतिनिधियों को कड़ी चुनौती मिल रही है, वहीं पहली बार मैदान में उतरे युवा उम्मीदवार सोशल मीडिया और जनसंपर्क के सहारे चुनाव को नया रंग देने में जुटे हैं।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस बार पंचायत चुनाव केवल विकास के मुद्दों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि स्थानीय असंतोष, सड़क-पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं, बेरोजगारी और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन जैसे मुद्दे भी निर्णायक भूमिका निभाएंगे। कई पंचायतों में शराबबंदी, महिला सुरक्षा और युवाओं के पलायन जैसे विषय भी

- ◆ **कई पंचायतों में निर्विरोध जीत से बदला चुनावी माहौल**
- ◆ **चुनाव चिन्ह मिलने के बाद गांव-गांव तेज हुआ प्रचार**
- ◆ **जातीय और स्थानीय समीकरण होंगे निर्णायक**

चुनावी बहस के केंद्र में आ गए हैं। यही कारण है कि नाम वापसी के बाद अब चुनाव पूरी तरह प्रतिष्ठा की लड़ाई में बदलता नजर आ रहा है।

प्रदेश की 3 हजार 754 पंचायतों में 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में मतदान होगा। प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्य पदों की मतगणना मतदान वाले दिन ही पंचायत भवनों में पूरी कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे, जबकि बीडीसी और जिला परिषद सदस्यों की मतगणना 31 मई को जिला और ब्लॉक मुख्यालयों में होगी। चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं और प्रशासनिक मशीनरी भी पूरी तरह सक्रिय हो चुकी है।

### मशोबरा विकास खंड की 32 ग्राम पंचायतों में 252 प्रत्याशी लड़ेंगे चुनाव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मशोबरा विकास खंड की 32 पंचायतों में नाम वापसी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब कुल 252 उम्मीदवार चुनावी मैदान में रह गए हैं। खंड विकास अधिकारी कार्यालय मशोबरा की रिपोर्ट के अनुसार 164 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस लिए, जिनमें प्रधान पद के 57, उप प्रधान के 77 और वार्ड सदस्य पद के 30 उम्मीदवार शामिल हैं। अब प्रधान पद के लिए 99, उप प्रधान पद के लिए 90 और वार्ड सदस्य पद के लिए 63 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। केलटी बरमू और नाला पंचायत में प्रधान पद तथा डूम्मी, मल्याणा और मेहली पंचायत में उप प्रधान पद पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार सतलाई पंचायत में प्रधान पद के लिए सबसे अधिक सात उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जबकि भोंट पंचायत में छह प्रत्याशी आमने-सामने हैं। जुग्गा पंचायत में प्रधान और उप प्रधान पद पर चार-चार उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं पीरन पंचायत में प्रधान पद के लिए तीन और उप प्रधान पद के लिए चार उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। ब्लॉक की 32 पंचायतों में 154 वार्ड सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं तथा सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं।

प्रदेश के पंचायत चुनाव अब केवल स्थानीय प्रतिनिधि चुनने तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि इन्हें आने वाले राजनीतिक माहौल की बड़ी परीक्षा के रूप में भी देखा जा रहा है। गांवों में जिस तरह प्रचार तेज हुआ है और मतदाताओं की सक्रियता बढ़ी है, उससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि इस बार जनता केवल वादों पर नहीं, बल्कि पिछले कार्यकाल के कामकाज और व्यवहार पर भी फैसला सुनाने के मूड में दिखाई दे रही है।

# काथली भरण बनी भाईचारे की मिसाल, निर्विरोध चुनी पंचायत




राजगढ़ की काथली भरण पंचायत में निर्विरोध चुने प्रतिनिधि ग्रामीणों के साथ।

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** विकास खंड राजगढ़ की ग्राम पंचायत काथली भरण ने पंचायत चुनाव में भाईचारे, एकता और आपसी सहयोग की ऐसी मिसाल पेश की है, जिसकी पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। जहां एक ओर कई पंचायतों में चुनावी मुकाबले और राजनीतिक खींचतान देखने को मिल रही है, वहीं काथली भरण पंचायत के लोगों ने आपसी सहमति और सौहार्द के साथ पूरी पंचायत को निर्विरोध चुनकर लोकतंत्र का एक सकारात्मक संदेश दिया है।जानकारी के अनुसार प्रधान पद के लिए कुल 16 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए थे, लेकिन पंचायत के बुजुर्गों, युवाओं और सम्मानित लोगों की बैठकों के बाद सभी उम्मीदवारों ने आपसी सहमति से चुनाव मैदान से हटने का निर्णय लिया। इसके बाद पंचायत में सर्वसम्मति से नई पंचायत टीम का गठन किया गया। पंचायत के प्रधान पद पर भानु चौधरी को निर्विरोध चुना गया, जबकि उप-प्रधान पद की जिम्मेदारी चुन्नीलाल को सौंपी गई। वहीं, पंचायत के पांचों वार्डों से प्रवीण, निरीक्षा, प्रियंका, सरिता और अशोक को वार्ड सदस्य निर्विरोध चुना गया। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में विकास कार्यों को गति देने और आपसी भाईचारे को बनाए रखने के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया। पंचायत के लोगों ने कहा कि चुनावी प्रतिस्पर्धा से अधिक जरूरी गांव की एकता और विकास है, इसलिए सभी ने मिलकर सर्वसम्मति का रास्ता अपनाया।

# शिमला में 42 पंचायतों का निर्विरोध चयन

## सर्वसम्मति से जनप्रतिनिधि चुन भाईचारे की पेश की मिसाल

अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव की प्रक्रिया के बीच शिमला जिले की 42 ग्राम पंचायतें निर्विरोध चुनी गई हैं। जिला शिमला में कुल 441 ग्राम पंचायतें हैं और इनमें से 9.52 प्रतिशत पंचायतों में बिना मुकाबले ही उम्मीदवार विजयी घोषित हुए हैं। पंचायतों में यह जानकारी जिला पंचायत अधिकारी एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) शिमला की ओर से पंचायती राज विभाग को भेजी गई रिपोर्ट में सामने आई है। शुक्रवार शाम को नाम वापसी के बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए।

जिला प्रशासन के अनुसार यह सूची विकास खंडों से टेलीफोन के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर तैयार की गई है। पंचायत चुनाव में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने और जांच के बाद अब कई क्षेत्रों में मुकाबले की तस्वीर साफ होने लगी है। वहीं, किन्नौर जिले की हंगरंग घाटी एक बार फिर अपनी सामाजिक एकता और भाईचारे के लिए चर्चा में है। पूह ब्लॉक के सात गांवों हांगो, चुलिंग, लियो, नाको, चांगो, शलखर और सुमरा-में ग्रामीणों ने आपसी सहमति से बिना किसी चुनावी मुकाबले के प्रधान और उपप्रधान का चयन किया है। जानकारी के अनुसार, इन गांवों में नंबरदार और हेड लामा की अध्यक्षता में बैठकें आयोजित की गईं।

### जिले में निर्विरोध चुनी गईं पंचायतें

**चौपाल विकास खंड :** यहां सबसे ज्यादा 10 ग्राम पंचायतें निर्विरोध चुनी गई हैं। इनमें खद्दर, बिजमल, कुटाह, क्यारी (शिलान), बाघर (चौकी), सराहन, पंद्राड़ा, जवाग चमरोग, लच्छोग और बोहर पंचायतें शामिल हैं। इसके बाद छौहारा विकास खंड में 7 पंचायतें निर्विरोध चुनी गई हैं। इनमें अम्बोई, खशाली, धमवारी, दियुड़ी-मायला, पेखा, रणोल और थाना पंचायत शामिल हैं।

**ठियोग विकास खंड:** यहां 7 ग्राम पंचायतें निर्विरोध चुनी गई हैं। इनमें बलग, रौणी मतियाना, भोगड़ा-पल्ली, घूंड, क्यारा, ग्वाही स्थित देवी मोड़ और मुंडू पंचायतें शामिल हैं। रोहड़ू विकास खंड में 5 पंचायतों में मुकाबला नहीं हुआ। यहां करचाड़ी, पुजारली-3, जगोठी, मुंचारा और अंतापू-बटाड़ी पंचायतें निर्विरोध चुनी गई हैं।

**कोटखाई विकास खंड:** यहां गुम्मा, थरोला और घुंडा बढ़ेच पंचायतें निर्विरोध चुनी गई हैं, जबकि कुपवी विकास खंड में चुरायन डाक-श्राड़, मलाट और बाग धमराह पंचायतों में उम्मीदवार बिना मुकाबले जीत गए हैं। बसंतपुर विकास खंड की मंडयालू और हिमरी पंचायतें भी निर्विरोध चुनी गई हैं।

# शहरी निकाय चुनावों में बढ़ चढ़कर करें मतदान : राज्यपाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में 17 मई को होने वाले शहरी निकाय चुनावों से पहले राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने प्रदेशवासियों से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत चुनाव केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि बेहतर और समृद्ध शहरों की नींव हैं। राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का जिम्मेदारी के साथ प्रयोग करे और लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए।



◆ **शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया में सहयोग की अपील**

राज्यपाल ने विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले युवाओं से उत्साहपूर्वक चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पहली बार मतदान करना केवल संवैधानिक अधिकार ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का गर्वपूर्ण अवसर भी है। उन्होंने युवाओं से अपने शहरों के भविष्य को बेहतर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने और अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से शांतिपूर्ण, अनुशासित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने-अपने मतदान केंद्रों तक पहुंचने की अपील की। राज्यपाल ने कहा कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत हैं और सभी नागरिकों का दायित्व है कि वे चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में सहयोग करें।


### अपने मताधिकार का प्रयोग न कर पाना दुर्भाग्यपूर्ण : प्यार सिंह

# चुनावी ड्यूटी दे रहे कर्मचारियों को वोटिंग से वंचित रखना गंभीर मामला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी एवं पूर्व सचिव प्यार सिंह कंवर ने पंचायत चुनावों में चुनाव ड्यूटी पर तैनात हजारों कर्मचारियों के मतदान से वंचित होने के मुद्दे को लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 3758 पंचायतों, 251 जिला परिषद वार्डों और 1769 पंचायत समिति वार्डों के चुनावों के लिए करीब 13 हजार अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि इनमें से बड़ी संख्या अपना मताधिकार प्रयोग नहीं कर पाएगी।

कंवर ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने लगभग 1300 पोलिंग पार्टियां तो गठित कर दीं, लेकिन चुनाव ड्यूटी सर्टिफिकेट (ईडीसी) जारी करने और कर्मचारियों के मतदान की समुचित व्यवस्था करने में गंभीर लापरवाही बरती गई।



◆ **कहा-लोकतांत्रिक अधिकारों की अनदेखी से कर्मचारी वर्ग में बढ़ी नाराजगी**

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की ड्यूटी उनके मतदान क्षेत्रों से दूर लगाए जाने के कारण हजारों वोट प्रभावित हो रहे हैं।

भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी एवं पूर्व सचिवप्यार सिंह कंवर ने कहा कि पंचायत चुनावों में कई बार जीत और हार का अंतर केवल एक या दो वोटों तक सीमित रहता है, ऐसे में हजारों कर्मचारियों का मतदान न कर पाना चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर बड़े सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी पूरा दिन चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में जुटे रहेंगे, वही अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित हो रहे हैं, जिससे कर्मचारी वर्ग में भारी नाराजगी है।

भाजपा नेता ने कांग्रेस सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले चुनाव टालने की कोशिश हुई और अब चुनाव कर्मियों को ही मतदान से दूर रखा जा रहा है। उन्होंने राज्य चुनाव आयोग से मांग की कि चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के मतदान के लिए तुरंत विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी कर्मचारी का लोकतांत्रिक अधिकार प्रभावित न हो सके।

# प्रधान पद की महिला उम्मीदवार पर हमला, बेहोश होने तक पीटा

अनंत ज्ञान

◆ **पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ किया मामला दर्ज**

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के सुन्नी थाना क्षेत्र में पंचायत चुनाव के बीच हिंसा का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नालदेहरा पंचायत से प्रधान पद की उम्मीदवार सुषमा देवी पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। आरोप है कि महिला को रास्ते में रोककर मारपीट की गई, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और पंचायत चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

पीड़िता सुषमा देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने प्रधान पद के लिए नामांकन दाखिल किया था, जबकि बीडीसी पद का नामांकन उन्होंने वापस ले लिया था। शुक्रवार दोपहर वह प्रधान पद का नामांकन वापस लेने पंचायत घर नालदेहरा जा रही थीं। इसी दौरान घर से कुछ दूरी पर झाड़ियों से निकले दो नकाबपोश लोगों ने उन पर हमला कर दिया और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। हमलावर उन्हें धमकी देकर मौके से फरार हो गए। करीब एक घंटे बाद महिला को होश आया और उन्होंने गांव के एक व्यक्ति को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद स्थानीय लोग उन्हें उपचार के लिए मशोबरा अस्पताल ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी गौरव सिंह ने कहा कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बार काउंसिल चुनाव में मतदान कर चुके अधिवक्ता भी डाल सकेंगे वोट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्य निर्वाचन आयोग हिमाचल प्रदेश ने पंचायत चुनावों के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि हाल ही में बार काउंसिल चुनाव में मतदान कर चुके अधिवक्ताओं की अंगुलियों पर लगी अमिट स्याही पंचायत चुनाव में मतदान करने में किसी प्रकार की बाधा नहीं बनेगी।

◆ **पहचान पत्र दिखाने पर मतदान कर सकेंगे अधिवक्ता**

आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी मतदाता की अंगुली पर पहले से अमिट स्याही लगी हुई है, तो उसे मतदान से वंचित नहीं किया जाएगा। आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों, उपमंडल अधिकारियों तथा समस्त निर्वाचन कर्मियों को निर्देश जारी किए हैं कि ऐसे मतदाताओं की पहचान उनके अधिकृत परिचय पत्र अथवा बार काउंसिल पहचान पत्र के आधार पर सुनिश्चित की जाए। पहचान सत्यापित होने के बाद मतदाता को मतदान की अनुमति दी जाएगी तथा मतदान के उपरांत दूसरी अंगुली पर अमिट स्याही लगाई जाएगी। आयोग ने कहा कि यह व्यवस्था निष्पक्ष, पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू की गई है।

# नगर परिषद ठियोग और सुन्नी नगर पंचायत में चुनाव की तैयारियों पूरी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नगर परिषद ठियोग और सुन्नी में होने वाले नगर निकाय चुनावों को लेकर निर्वाचन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। निर्वाचन विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि ठियोग नगर परिषद के सात मतदान केंद्रों के लिए शनिवार को सात मतदान दल रवाना किए गए।

इसके अतिरिक्त तीन रिजर्व दल तथा 14 पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की गई है ताकि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके। प्रत्येक मतदान दल में एक पीठासीन अधिकारी और तीन मतदान अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, सुन्नी नगर



पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से सभी पोलिंग पार्टियों को मतदान प्रक्रिया से जुड़ी आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई गई तथा निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव संपन्न करवाने के निर्देश दिए गए। रवाना होने से पहले अधिकारियों ने मतदान कर्मियों को उनके दायित्वों और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के प्रति जागरूक किया।

नगर पंचायत क्षेत्र में चुनावी माहौल पूरी तरह सक्रिय नजर आया। विभिन्न वार्डों के लिए रवाना हुई पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदान केंद्रों की ओर बढ़ीं, जहां सुरक्षा व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं को भी सुनिश्चित किया गया है। प्रशासन का कहना है कि मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं, ताकि मतदाता बिना किसी परेशानी के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

# विनय बोले-नगर निकाय चुनाव में लोग बढ़-चढ़कर करें मतदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने 17 मई को होने वाले चार नगर निगमों सहित विभिन्न नगर निकाय चुनावों में मतदाताओं से बढ़-चढ़कर भाग लेने और बिना किसी भय अथवा दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

◆ **लोकतंत्र में एक-एक वोट की अहम भूमिका**

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट की अपनी विशेष अहमियत होती है, जो क्षेत्र के विकास, जनहित और समस्याओं के समाधान के लिए सक्षम जनप्रतिनिधियों के चयन का मार्ग प्रशस्त करता है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का यह पर्व जनभागीदारी से ही मजबूत होता है और सभी मतदाताओं को उत्साहपूर्वक मतदान करना चाहिए। विनय कुमार ने विश्वास जताया कि चारों नगर निगमों के चुनावों में कांग्रेस शानदार जीत दर्ज करेगी। साथ ही नगर निकायों में भी कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी विजय हासिल कर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विकासात्मक निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# आचार संहिता उल्लंघन मामले में सीएम सुक्खू के खिलाफ राज्य निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश में नगर निगम चुनावों के बीच आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन को लेकर सियासत गरमा गई है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता मनदीप चंदेल की ओर से राज्य निर्वाचन आयुक्त को एक औपचारिक शिकायत पत्र सौंपकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मुख्यमंत्री ने मंडी, सोलन, पालमपुर और धर्मशाला नगर निगम चुनावों की घोषणा के बाद विभिन्न जनसभाओं और प्रेस वार्ताओं में मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से वित्तीय प्रलोभन और घोषणाएं की हैं, जो सीधे तौर पर आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। शिकायत पत्र के अनुसार, मुख्यमंत्री ने मंडी के वार्ड नंबर 4 (नेला वार्ड) और वार्ड नंबर 13 (थनेडा वार्ड) में चुनावी रैलियों के दौरान सार्वजनिक रूप से यह घोषणा की कि यदि जनता कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करती है, तो सरकार द्वारा प्रत्येक वार्ड को क्रमशः 50 लाख रुपए और एक करोड़ रुपए की विकास राशि प्रदान की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, पालमपुर के विभिन्न वार्डों (पालमपुर खास, सुग्गर, बिंद्राबन) में 14 मई को और धर्मशाला के होटल धौलाधार में 15 मई को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी प्रत्येक वार्ड को एक-एक करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता देने का आश्वासन दोहराया गया।

मनदीप ने अपनी शिकायत में स्पष्ट किया है कि चुनाव अवधि के दौरान इस तरह की लोकलुभावन घोषणाएं करना हिमाचल प्रदेश पंचायत और नगर पालिका आदर्श आचार संहिता 2015 के नियमों, विशेषकर वित्तीय अनुदानों को प्रतिबंधित करने वाली धाराओं (4.7, 10.3, और 11.1) का स्पष्ट उल्लंघन है। शिकायतकर्ता का तर्क है कि ये बयान स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता को दूषित करते हैं और मतदाताओं को सीधे तौर पर प्रभावित करने का प्रयास हैं। शिकायत के साथ साक्ष्य के तौर पर वीडियो क्लिप और प्रेस रिपोर्ट भी आयोग को सौंपी गई हैं।

**महिला शक्ति** मतदान से मतगणना तक संभालेंगी जिम्मेदारी, 80 महिला कर्मी तैनात

# रोहड़ू नप चुनाव में महिलाओं के हाथ लोकतंत्र की कमान



महिला कर्मियों को मतगणना प्रक्रिया का प्रशिक्षण देते अधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** रोहड़ू नगर परिषद चुनाव इस बार महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनने जा रहा है। मतदान प्रक्रिया से लेकर मतगणना तक की पूरी जिम्मेदारी महिला कर्मचारियों को सौंपी गई है। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रोहड़ू धर्मेश रामौत्रा ने बताया कि नगर परिषद के सभी 9 वार्डों में महिला कर्मचारी मतदान कार्य संभालेंगी, जिसके लिए करीब 80 महिला कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

उन्होंने बताया कि मतगणना कार्य के लिए छह टीमों का गठन किया गया है, जिनमें काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग असिस्टेंट और माइक्रो ऑब्जर्वर शामिल हैं। महिला कर्मचारियों को मतगणना प्रक्रिया का विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है, ताकि चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाया जा सके।

### भंगरोटू मतदान केंद्र महिला शक्ति को समर्पित

अनंत ज्ञान

**नेरचौक।** नगर परिषद नेरचौक निर्वाचन के तहत वार्ड नंबर-5 स्थित भंगरोटू मतदान केंद्र को इस बार विशेष रूप से 'महिला मतदान केंद्र' के रूप में विकसित किया गया है। महिला सशक्तिकरण और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है।

इस मतदान केंद्र की खास बात यह रहेगी कि यहां चुनाव प्रक्रिया के संचालन के लिए प्रेजाइडिंग ऑफिसर सहित सभी पोलिंग ऑफिसर्स के रूप में केवल महिला कर्मचारियों की तैनाती की गई है। महिला कर्मचारियों द्वारा पूरी मतदान प्रक्रिया का संचालन किए जाने से यह केंद्र आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रिटर्निंग ऑफिसर-कम-एसडीएम बल्ह ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की प्रशासनिक क्षमता, नेतृत्व कौशल और निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस प्रकार के प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं। उन्होंने क्षेत्र के मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की।

◆ **नगर परिषद नेरचौक निर्वाचन में वार्ड नंबर-5 का पोलिंग बूथ बना 'महिला मतदान केंद्र'**

# बारिश के साथ जागरूकता से घटे जंगलों में आग के मामले

## धर्मशाला वृत्त में अब तक केवल 9 घटनाएं घटित, साढ़े 23 हेक्टेयर वन क्षेत्र आग से प्रभावित

◆ बरसात के बाद होगा नुकसान का सही आकलन

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** मौसम की मेहरबानी और जागरुकता से वन वृत्त धर्मशाला के तहत आते वन क्षेत्र में वनों में आग की घटनाओं में कमी आई है।

धर्मशाला वृत्त के आते धर्मशाला, पालमपुर व नूरपुर वन मंडल के तहत अब तक केवल 9 मामले वनों में आग के सामने आए हैं। इससे तीनों वन मंडलों में साढ़े तेईस हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। वन विभाग की मानें तो वनों में आग लगने से हुए नुकसान का अंतिम आकलन बरसात के बाद किया जाता है। गौरतलब है कि फायर सीजन 15 अप्रैल से 15 जून तक चलता है, इस अवधि के दौरान पूर्व में वनों में आग लगने के कई मामले घटित हो जाते थे, लेकिन इस बार वन विभाग की ओर से फैलाई गई जागरुकता और गर्मियों के दौरान हुई बारिश से इस बार वनों में आग के मामलों में कमी आई है।

### मार्च माह से बन जाती हैं आग की संभावनाएं



**वन** वृत्त धर्मशाला की अरण्यपाल बासु कौशल का कहना है कि मार्च माह से जंगलों में आग की संभावनाएं बन जाती हैं। इसके चलते वनों को आग से बचाने के लिए विभाग का फोकस सामुदायिक जागरुकता और स्टाफ जागरुकता पर रहता है। इस पर पिछले कुछ वर्षों में काम किया जा रहा है। पंचायतों, स्कूलों व कॉलेजों के माध्यम से लोगों को वनों की आग बारे जागरूक करने का प्रयास किया जाता है, जिसके सार्थक परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

### पौधरोपण में भी जन सहभागिता सुनिश्चित

**बासु** कौशल का कहना है कि विभाग की ओर से किए जाने वाले पौधरोपण में स्थानीय समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित की जाती है, साथ ही किस प्रजाति के पौधे लगाए जाएं, इस बारे भी उनसे विचार विमर्श किया जाता है।

### सफल पौधरोपण पर पुरस्कार का प्रावधान

**मुख्य** अरण्यपाल ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से आरंभ राजीव गांधी वन संवर्द्धन योजना में महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है, जिसमें महिला मंडलों व महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को शामिल किया जा रहा है। योजना के तहत किया गया पौधरोपण सफल रहता है तो इसमें पुरस्कार का भी प्रावधान है।

## छात्रों को स्वच्छता की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर ने 1 से 15 मई तक संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया। संस्थान के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव ने संस्थान के कार्मिक एवं छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। संस्थान की ओर से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। साथ ही पालमपुर के आसपास के स्कूल एवं और महाविद्यालयों के छात्रों के लिए स्वच्छता एवं पर्यावरण पर व्याख्यान आयोजित किए गए। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत पौधरोपण अभियान भी चलाया गया और वेस्ट टू वेल्थ प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें अपशिष्ट को उपयोग कर बनाए गए उत्पाद प्रदर्शित किए गए। डॉ. सुदेश कुमार यादव ने स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए स्वच्छता के महत्व को दोहराया और कर्मचारियों को इस पुण्य कार्य के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वच्छता हमारी दैनिक गतिविधियों का अभिन्न हैं।

## नगर निगम चुनाव में कांग्रेस डूबते जहाज पर सवार: सुधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने प्रसुक्खू सरकार पर धर्मशाला नगर निगम चुनावों में घटिया हथकंडे अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस डूबते जहाज पर सवार होकर जनता को बलगाने की कोशिश कर रही है। सीएम सुक्खू इस बात से भली-भांति परिचित हैं कि जनता ने सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले लिया है। कांग्रेस सरकार का साढ़े तीन वर्ष का कार्यकाल धर्मशाला की जनता पर कहर बनकर टूटा है। सरकार ने प्रदेश के हर वर्ग की कमर तोड़ दी है। खजाना खाली होने का ढोंग करने वाली कांग्रेस सरकार ने साढ़े तीन साल में 45 हजार करोड़ का कर्ज लेकर प्रदेश का कुल कर्ज 1.10 लाख करोड़ तक पहुंचा दिया गया है। सुक्खू सरकार पर धर्मशाला नगर निगम के चुनावों को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अपने फायदे के लिए कांग्रेस जनता को प्रलोभन दे रही है। उन्होंने सुक्खू सरकार पर चुनाव को वित्तीय रूप से कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस सरकार की विदाई का ट्रेलर करार दिया तथा कहा सरकार की विफलताओं का जवाब धर्मशाला की जनता 17 मई को मतदान से उसे देगी। जनता ही नहीं कांग्रेस के विधायक व मंत्री भी अपनी ही सरकार से दुखी व परेशान है। उन्होंने कहा नगर निगम चनावों में कमल का खिलना तय है। सभी 17 वार्डों से भाजपा प्रत्याशी भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे।



## सीयू के 30 करोड़ दबाकर धर्मशाला से सौतेला व्यवहार कर रही सरकार: काजल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला नगर निगम चुनाव के प्रभारी एवं भाजपा के वरिष्ठ विधायक पवन काजल ने मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा धर्मशाला नगर निगम चुनावों के लिए जारी किए कांग्रेस के घोषणा पत्र पर तीखा पलटवार किया है। काजल ने मुख्यमंत्री के दावों को पूरी तरह से खोखला बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार केवल चुनावी लाभ के लिए विकास का ढोंग रच रही है, जबकि धरातल पर वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। धर्मशाला की जनता को कांग्रेस के झूठे वादों से अब गुमराह नहीं किया जा सकता। पवन काजल ने पूछा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए निर्धारित 30 करोड़ की राशि को सरकार ने अब तक क्यों दबा रखा है? यह धनराशि जारी न करना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि सुक्खू सरकार धर्मशाला की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को राजनीतिक द्वेष के चलते बाधित कर रही है। यह धर्मशाला की जनता के साथ सरासर सौतेला व्यवहार है। कहा कि चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस को धर्मशाला के विकास की याद आने लगी है, जबकि पिछले कार्यकाल के दौरान सरकार ने केवल बजट रोकने और पुरानी योजनाओं को ठप करने का ही काम किया है।



## नैहरनपुखर-हारमिट्टा मे भारी-भरकम बिजली बिलों पर फूटा लोगों का गुस्सा

**अनंत ज्ञान, गरली।** प्रदेश सरकार की बिजली नीतियों के खिलाफ अब ग्रामीण इलाकों में खुला विरोध शुरू हो गया है। नैहरनपुखर, हारमिट्टा और आसपास के क्षेत्रों में भारी-भरकम बिजली बिल आने से लोगों में गुस्सा फूटा है। उपभोक्ताओं ने सरकार को आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार एक तरफ दो मीटरों पर 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि दूसरी तरफ कम खपत वाले मीटरों पर भी बिल थमाए जा रहे हैं। कई घरों में 50 से 60 यूनिट तक बिजली खर्च होने के बावजूद बिल भेज दिए गए, जिससे जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। बिजली बिल हाथ में आते ही गांवों में सरकार के खिलाफ जबरदस्त नाराजगी फैल गई। लोगों का कहना है कि महंगाई पहले ही आम आदमी की कमर तोड़ चुकी है और अब बिजली बिलों ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। उपभोक्ताओं ने कहा कि अगर प्रदेश सरकार ने बिजली बिलों को लेकर अपना रवैया नहीं बदला, तो पंचायत चुनावों में सरकार को कड़ा जवाब दिया जाएगा। चुनावों से पहले मुफ्त बिजली के वादे किए गए, लेकिन अब वही वादे जनता को छलावा लगने लगे हैं। कई ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द राहत नहीं मिली तो क्षेत्र में आंदोलन शुरू किया जाएगा। गांवों में बढ़ती नाराजगी ने चुनावी माहौल को भी गर्म कर दिया है और लोग अब खुलकर सरकार के खिलाफ बोलने लगे हैं। बिजली विभाग में तैनात बिजली का बिल काटने आए कर्मचारी से बात की तो उन्होंने कहा कि हमें भी समझ नहीं आ रहा है कि हर मीटर का बिल कैसे आने लगा है, हमें जानकारी नही हैं।

◆ ग्रामीणों ने सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी

## गढ़ जमूला स्कूल के स्वयंसेवियों ने की बावड़ी व स्कूल परिसर की सफाई



गढ़ जमूला स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का आयोजन।

अनंत ज्ञान


**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला में शनिवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी अजय सिंह पटियाल लेक्चर केमिस्ट्री की अगुवाई में आयोजित किया गया।

इस दौरान विद्यालय के साथ लगती गांव की बावड़ी तथा स्कूल परिसर की सफाई की गई। एनएसएस के 52 स्वयंसेवियों ने इस कैंप में भाग लिया। इस अवसर पर महिला कार्यक्रम अधिकारी उषा गौतम तथा विद्यालय के अन्य अध्यापक और प्राध्यापक जिनमें विकास अवस्थी, हरवंश लाल, संजीव कुमार, सनी परमार, शिवानी राणा, भारती अरोड़ा तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू सूद मौजूद रहीं। प्रधानाचार्या ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए कार्यक्रम अधिकारी अजय सिंह पटियाल तथा महिला कार्यक्रम अधिकारी उषा गौतम का धन्यवाद किया।

### आधे-अधूरे सुधार से खुली प्रशासन की पोल, जज्स कोर्ट और विजय लाल का जिक्र अब भी बरकरार

## वेबसाइट से हटा भारत का प्रथम शब्द, अब सिर्फ धरोहर गांव ही लिखा

अनंत ज्ञान




अनंत ज्ञान इंपैक्ट

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** सरकारी तंत्र की लापरवाही और डिजिटल मंचों पर चल रही मनमानी पर आखिरकार अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रामाणिक पत्रकारिता का बड़ा असर हुआ है। जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर धरोहर गांव परागपुर के नाम पर जो भ्रामक खेल चल रहा था, उसे आखिरकार 15 मई को प्रशासन ने समेट लिया है। वेबसाइट से परागपुर के बाहर की दोनों गलत तस्वीरें तो हटा दी गई हैं, लेकिन प्रशासन का यह सुधार पूरी तरह आधा-अधूरा और आंख में धूल झोंकने जैसा ही साबित हुआ है।

जिला प्रशासन की सरकारी वेबसाइट एक तीन सितारा निजी होटल जज्स कोर्ट का खुलेआम मुफ्त में प्रचार कर रही थी। सरकारी पोर्टल पर परागपुर से बाहर की संपत्तियों और इस निजी होटल की तस्वीरों को चस्पा कर पर्यटकों को गुमराह किया जा रहा था। अनंत ज्ञान ने जब धरोहर परागपुर पर सरकारी वेबसाइट में गड़बड़ी, भ्रामक जानकारी उजागर शीर्षक से इस घालमेल का पर्दाफाश किया, तो प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया। उपायुक्त कांगड़ा ने जिला सूचना अधिकारी को सख्त निर्देश जारी किए और जिला पर्यटन अधिकारी विनय कुमार ने भी गलती स्वीकारते हुए इसे हटवाने की बात कही। प्रशासन को वेबसाइट पर लिखा गया भारत का प्रथम धरोहर गांव शब्द हटाना पड़ा है, और अब वहां केवल धरोहर गांव ही लिखा गया है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि चौतरफा फजीहत और तस्वीरें हटने के बाद भी, वेबसाइट पर अभी भी जज्स कोर्ट और उसके मालिक विजय लाल का नाम और जिक्र शान से चमक रहा है। इस आधे-अधूरे सुधार के पीछे की मंशा पर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं कि आखिर क्यों जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग अभी भी एक खास होटल मालिक को फायदा पहुंचाने के लिए सरकारी मंच का दुरुपयोग कर रहे हैं। मामला सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। सरकारी वेबसाइट पर लाला रेरूमल की हवेली, बुटेल हवेली और चौज्जर मेंशन को भी धरोहर गांव के भीतर दर्शाया गया है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि ये सभी हवेलियां धरोहर गांव की सीमा में आती ही नहीं हैं। पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन को यह साफ तौर पर पता होना चाहिए कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, पटवार वृत्त परागपुर का केवल आबादी देह क्षेत्र ही धरोहर गांव घोषित है। इस कानूनी सीमा से बाहर की संपत्तियों को धरोहर गांव का हिस्सा बताना नियमों का सरेआम उल्लंघन है। प्रशासन और पर्यटन विभाग के लिए अब यह सीधी हिदायत है कि जब तक वेबसाइट से इन हवेलियों की गलत जानकारी और निजी होटल मालिक का यह विशेष जिक्र पूरी तरह नहीं हटाया जाता, तब तक आम जनता के बीच यही संदेश जाएगा कि जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग ने एक रसूखदार होटल मालिक के आगे पूरी तरह घुटने टेक दिए हैं। चंद निजी स्वार्थों के लिए सरकार की साख और परागपुर की वास्तविक ऐतिहासिक पहचान को दांव पर लगाने का यह खेल अब बेनकाब हो चुका है, जिससे पूरे क्षेत्र के प्रशासनिक हलकों में सनसनी फैल गई है।

## चंबी मैदान में मेडस्वान क्रिकेट लीग शुरू



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** चंबी मैदान में मेडस्वान फाउंडेशन 108 और 102 की ओर से आयोजित मेडस्वान क्रिकेट लीग के कांगड़ा जोन के एक दिवसीय मुकाबलों का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर शाहपुर के विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाओं से जुड़ा मेडस्वान फाउंडेशन युवाओं को खेलों के माध्यम से सकारात्मक दिशा देने का सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि 'स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है' और इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को खेलों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि प्रतिभा गांवों में भी भरपूर है, जरूरत केवल सही मंच और अवसर की है। ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है और वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि चंबी मैदान पहले भी कई ऐतिहासिक खेल प्रतियोगिताओं का साक्षी रहा है और अब मेडस्वान क्रिकेट लीग के आयोजन से यह मैदान एक बार फिर खेल गतिविधियों का केंद्र बना है। यह प्रतियोगिता स्थानीय खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने का बेहतरीन मंच साबित होगी।

## चंबी मैदान को स्टेडियम का रूप देने का कार्य शुरू

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया के अथक प्रयासों से क्षेत्र के ऐतिहासिक चंबी मैदान को एक आधुनिक स्टेडियम का रूप देने का काम धरातल पर शुरू करवा दिया गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूरा होने से शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास और खेल जगत में चार चांद लग जाएंगे।

गौरतलब है कि शाहपुर क्षेत्र में पहले भी कई विधायक और मंत्री रहे, लेकिन स्थानीय युवाओं की इस पुरानी मांग और आवाज पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। चुनावी रैलियों और बड़े आयोजनों के लिए तो तमाम राजनीतिक दलों ने इस मैदान का भरपूर इस्तेमाल किया, लेकिन इसके जीर्णोद्धार और इसे सुधारने की हिम्मत वर्तमान विधायक केवल सिंह पठानिया के अलावा किसी ने नहीं दिखाई।

विधायक पठानिया की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण आज चंबी मैदान धीरे-धीरे एक शानदार स्टेडियम का रूप लेने लगा है। इस कार्य की शुरुआत होने से स्थानीय युवाओं और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह है और उन्होंने विधायक के इस दूरदर्शी कदम की सराहना की है।



चंबी मैदान को आधुनिक स्टेडियम का रूप देने का कार्य शुरू।

## नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में आईक्यूएसी के सहयोग से नई शिक्षा नीति-2020 के संदर्भ में क्लस्टर स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों, प्राध्यापकों एवं शिक्षा विशेषज्ञों ने भाग लेकर नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास तथा विद्यार्थी केंद्रित शिक्षण प्रणाली को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विश्वजीत सिंह ने की। नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा को अधिक व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षकों से नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियां अपनाने का आह्वान किया। प्रो. संजीव कुमार ने कौशल आधारित शिक्षा, शोध व नवाचार की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रो. हरीश कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आलोचनात्मक चिंतन और नैतिक मूल्यों के विकास पर विशेष बल देती है।

## वोकेशनल ट्रेनर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से उठाए मानदेय और मैनेजमेंट चार्ज के मुद्दे



सीएम से व्यावसायिक शिक्षक सकारात्मक नीति निर्माण पर की चर्चा।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश वोकेशनल ट्रेनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण मेघटा, महिला विंग की को-प्रेसिडेंट मोनिका ठाकुर, वाइस प्रेसिडेंट सुचिता शर्मा, राज्य उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, महासचिव विजय कुमार एवं अन्य राज्य कार्यकारिणी सदस्यों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट कर व्यावसायिक शिक्षकों की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण मेघटा द्वारा मुख्यमंत्री को विस्तृत मांगपत्र सौंपा गया। मुख्यमंत्री ने मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए मांग पत्र को परीक्षण के लिए संबंधित विभाग को प्रेषित किया तथा व्यावसायिक शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमुख मांग रखते हुए कहा कि कंपनियों को दिए जाने वाले 14 प्रतिशत मैनेजमेंट चार्ज में कमी की जाए तथा व्यवसायिक शिक्षकों के मानदेय में वृद्धि सुनिश्चित की जाए। इस विषय पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक सहमति प्रदान करते हुए उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह को भी मांगों से अवगत करवाया, जिस पर मंत्री ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए सकारात्मक निर्णय का भरोसा दिलाया।

## डैकवां स्कूल में विद्यार्थियों को बताया मताधिकार का महत्व



विद्यार्थियों को जिम्मेदार मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया।

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** राजकीय वरिष्ठ पाठशाला डैकवां में चुनावी साक्षरता क्लब की ओर से एक व्यापक मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके मताधिकार, लोकतांत्रिक मूल्यों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भूमिका के प्रति संवेदनशील बनाना था। कार्यक्रम के माध्यम से यह प्रयास किया गया कि युवा पीढ़ी को मतदान के महत्व और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों, वोटिंग की प्रक्रिया और जिम्मेदार नागरिक के रूप में उनकी जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि कैसे प्रत्येक वोट समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है और कैसे युवा मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी से सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। विद्यालय के कार्यवाहक प्रिंसिपल और सुपरवाइजर राजीव वशिष्ठ ने विद्यार्थियों को जागरूक एवं जिम्मेदार मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक चेतना और जिम्मेदारी की भावना को और अधिक प्रबल किया, जिससे भविष्य में वे अपने मताधिकार का सही और प्रभावी उपयोग कर सकें।

## नूरपुर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपी किए गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** नूरपुर जिला पुलिस ने फतेहपुर और डमटाल थाना क्षेत्रों में दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पहले मामले में थाना फतेहपुर पुलिस टीम ने मारपीट और अवैध हथियार रखने के आरोप में गुरविंदर सिंह उर्फ गगन सैनी, निवासी गुरदासपुर, पंजाब को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं जैसे कि 115(2), 352, 351(2), 109 और 25, 54, 59 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस अब मामले में इस्तेमाल हथियार के स्रोत और अन्य सहयोगियों का पता लगाने के लिए आगे की जांच कर रही है। दूसरे मामले में, थाना डमटाल पुलिस ने पिछले वर्ष से फरार चल रहे जम्मू-कश्मीर निवासी रामपाल, पुत्र गुरनाम सिंह, निवासी लखनपुर, कठुआ को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ मामला संख्या 157/25 में 305 और 3(5) धाराओं के तहत दर्ज है। आरोपी लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहा था, जिसे पुलिस ने सतर्कता और कुशल कार्रवाई के बाद दबोचा। एएसपी धर्मचंद वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि जिला पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या जानकारी के लिए तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या 112 डायल करें। इससे पुलिस को समय पर कार्रवाई करने में मदद मिलेगी और जिले में सुरक्षा एवं शांति सुनिश्चित होगी।



पुलिस`न चोरी व आर्म्स एक्ट के तहत की कार्रवाई।

## स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मैट्रिक द्वितीय परीक्षा के लिए पात्रता की निर्धारित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि मार्च-2026 में आयोजित मैट्रिक (कक्षा 10वीं) परीक्षा परिणाम के उपरांत विद्यार्थियों की विभिन्न श्रेणियों के अनुसार द्वितीय परीक्षा के लिए पात्रता निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि आवश्यक सुधार श्रेणी में वे विद्यार्थी शामिल होंगे, जिन्होंने पांच अनिवार्य विषयों में से कम से कम तीन विषयों में उत्तीर्णता प्राप्त की है। ऐसे विद्यार्थियों को जिन दो विषयों में उत्तीर्णता प्राप्त नहीं हुई है, उन विषयों की द्वितीय परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी। यदि विद्यार्थी दोनों विषयों में उत्तीर्ण हो जाते हैं, तो उन्हें उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा। यदि वे केवल एक विषय में उत्तीर्ण होते हैं, तो उन्हें कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा जाएगा तथा यदि दोनों विषयों में अनुत्तीर्ण रहते हैं, तो उन्हें अनिवार्य पुनरावृत्ति श्रेणी में रखा जाएगा। ऐसे विद्यार्थी पूर्व में उत्तीर्ण किए गए तीन विषयों में से किसी एक विषय में सुधार परीक्षा देने के लिए भी पात्र होंगे। वैकल्पिक सुधार श्रेणी उन विद्यार्थियों के लिए होगी, जिन्होंने सभी अनिवार्य विषयों में उत्तीर्णता प्राप्त कर ली है, लेकिन अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। ऐसे विद्यार्थियों को पांच अनिवार्य विषयों में से अधिकतम तीन विषयों में सुधार परीक्षा देने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि अनिवार्य पुनरावृत्ति श्रेणी में वे विद्यार्थी रखे जाएंगे, जो पांच अनिवार्य विषयों में से कम से कम तीन विषयों में उत्तीर्णता प्राप्त नहीं कर सके हैं। ऐसे विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा के लिए पात्र नहीं होंगे तथा उन्हें आगामी शैक्षणिक सत्र की मुख्य परीक्षा में पुनः सम्मिलित होना होगा। डॉ. शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन विद्यार्थियों का प्रथम परीक्षा परिणाम कंपार्टमेंट श्रेणी में है, उन्हें कंपार्टमेंट श्रेणी के अंतर्गत द्वितीय परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

## उप प्रधान चुनाव लड़ रहे मोनू चौधरी की दादागिरी खानी पड़ी हवालात की हवा

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा।** थाना इंदौरा क्षेत्र में उपप्रधान का चुनाव लड़ रहे मोनू चौधरी की दबंगई का मामला सामने आया है। सुनील कुमार पुत्र प्रीतम चंद निवासी नूरपुर ने थाना इंदौरा में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मंड भोगरवा में क्रेशर पर गया था, जहां पर मोनू चौधरी ने धमकी दी और मारपीट की। आरोपी सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर लोगों को डराता-धमकाता है और क्रेशर पर आकर वीडियो बनाने लगा। जब सुनील ने मना किया तो उसने धक्का-मुक्की की और जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक आशीष पठानिया ने तत्परता दिखाते हुए मोनू चौधरी को हिरासत में ले लिया है और उसके खिलाफ धारा 333, 352, 351(1) के तहत मामला दर्ज किया है। एएसपी धर्मचंद वर्मा ने बताया कि मोनू चौधरी पहले भी सोशल मीडिया पर सरकारी अधिकारियों, विधायकों को धमकाने और गाली गलौज करने का कार्य करता रहा है। वह क्रेशर संचालकों को उनकी वीडियो बनाकर धमकाता था, जिसकी शिकायत पहले ही एसडीएम को दी जा चुकी है। मोनू चौधरी दुहग से उपप्रधानी का चुनाव भी लड़ रहा है, लेकिन उसकी इस दबंगई के कारण उसे हवालात की हवा खानी पड़ी है।

# आईपीएल मैच : धर्मशाला में विशेष ट्रैफिक प्लान लागू

## कचहरी चौक से एजुकेशन बोर्ड चौक तक सड़क पर ड्रॉपिंग-पिकअप के अलावा पार्किंग रहेगी प्रतिबंधित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला पुलिस कांगड़ा ने 17 मई को धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैच के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अतिरिक्त ट्रैफिक प्लान जारी किया है। यह आदेश पुलिस अधीक्षक कांगड़ा की ओर से जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार आपातकालीन वाहन और एंबुलेंस सभी मार्गों पर हर समय आवाजाही कर सकेंगे।

कचहरी चौक से एजुकेशन बोर्ड चौक तक सड़क पर ड्रॉपिंग-पिकअप के अलावा किसी भी प्रकार की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी। 17 मई को सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक भारी वाहनों की आवाजाही पर कई स्थानों पर रोक रहेगी। इनमें वोल्वो बस स्टैंड धर्मशाला से गांधी चौक, चैतड़ू चौक से शीला चौक तथा क्लॉक टॉवर से शीला चौक मार्ग शामिल हैं।

### शिक्षा बोर्ड चौक पर केवल शटल बस सुविधा

**दर्शकों** के लिए एजुकेशन बोर्ड चौक पर केवल शटल बसों की सुविधा रहेगी। रेडक्रॉस चौक से एजुकेशन बोर्ड बस स्टॉप के बीच सामान्य बसों में यात्रियों की चढ़ाई-उतराई नहीं होगी। सभी टैक्सियों के लिए बोर्डिंग और डी-बोर्डिंग केवल पुलिस ग्राउंड धर्मशाला में निर्धारित की गई है।

**डायवर्ट किए जाएंगे वाहनः** मटौर, गगल और सकोह की ओर से आने वाले वाहनों को चेतड़ू चौक से ढगवार होते हुए शीला रोड की ओर डायवर्ट किया जाएगा। धर्मशाला शहर में प्रवेश केवल शीला चौक-दाड़ी मार्ग से होगा। वहीं मैक्लोडगंज जाने वाले हल्के वाहन कुनाल पत्थरी रोड, सर्किट हाउस और आईएसबीटी मार्ग से वन-वे चलेंगे।

**पार्किंग के लिए स्थान तयः** पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था भी तय की है। दाड़ी मेला ग्राउंड, अचीवर्स हब स्कूल ग्राउंड, मिनी सचिवालय, पुलिस ग्राउंड, डीआईजी ऑफिस परिसर, बीएड कॉलेज और साई ग्राउंड को अलग-अलग श्रेणियों के वाहनों के लिए चिन्हित किया गया है। मीडिया वाहनों के लिए प्रयास भवन कॉम्प्लेक्स पार्किंग आरक्षित रहेगी, जबकि दोपहिया वाहन सरकारी डिग्री कॉलेज में पार्क किए जाएंगे।

**मैच समाप्त होने पर निकासी के अलग-अलग रूटः** वीआईपी और विशेष पास वाले वाहनों को ही साई ग्राउंड और एमई-1 की ओर जाने की अनुमति होगी। मैच समाप्ति के बाद वाहनों की निकासी के लिए भी अलग-अलग रूट निर्धारित किए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने सभी अधिकारियों को आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम 2007 की धारा 115 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# आईपीएल के साथ वीकेंड, बढ़ी ऑक्यूपेंसी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो। धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में रविवार को खेले जाने वाले आईपीएल मुकाबले के साथ वीकेंड होने के चलते क्षेत्र के होटलों में ऑक्यूपेंसी बढ़ गई है। रविवार के मैच के लिए शनिवार को ही पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर के क्रिकेट प्रेमियों ने धर्मशाला में डेरा जमा लिया है। आईपीएल के बीच सुहावना मौसम भी पर्यटकों व क्रिकेट प्रेमियों को धर्मशाला की ओर आकर्षित कर रहा है।

**बिग बूस्टर का काम करता है आईपीएल :** धर्मशाला में पर्यटन में आईपीएल बिग बूस्टर का काम करता है। धर्मशाला क्षेत्र में शनिवार सुबह से ही काफी तादाद में सैलानियों तथा क्रिकेट प्रेमियों के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया जो रात तक जारी है। इस दौरान मैक्लोडगंज, धर्मकोट, सतोवरी तथा नड्डी समेत पूरा धर्मशाला आईपीएल के रंगों में रंगा आया है।

### तीनों मैचों में एक दिन पहले हुई बारिश

**धर्मशाला** में अब तक खेले गए दो मुकाबलों के दौरान बारिश के अनुमानों के बावजूद क्षेत्र के अराध्य भगवान इंद्रुनाग के आर्शीवाद से साफ मौसम में दोनों मुकाबले हो चुके हैं। वहीं रविवार को होने वाले मुकाबले से पूर्व शनिवार दोपहर के बाद मौसम ने फिर से तेवर दिखाए, लेकिन हल्की बूंदाबांदी के बाद मौसम साफ हो गया। मैच के पहले दिन धर्मशाला में बारिश का क्रम तीनों मैचों से लगातार जारी रहा।

**मैच के चलते बढ़ी पर्यटक आमदः** धर्मशाला में आईपीएल के 11 मई को खेले गए मैच से पर्यटकों की आमद बढ़ गई है तथा मैचों के दौरान ऑक्यूपेंसी 80 प्रतिशत के पार रही। वीकेंड के दौरान वाहनों की आवाजाही में एकदम बढ़ने के कारण यहां जाम लग जाता है, तो वहीं रविवार को होने वाले आईपीएल मुकाबले के कारण वाहनों की तादाद काफी बढ़ गई है।

> **धर्मशाला** के पर्यटन के लिए आईपीएल का आयोजन फायदेमंद साबित होता है। इस बार आईपीएल के कुल चार मुकाबलों के लिए धर्मशाला को चुने जाने से निश्चित तौर पर पर्यटन कारोबार में इजाफा हुआ है।
>
> **-अश्वनी बांबा, अध्यक्ष, होटल एंड रेस्टारेंट एसोसिएशन, धर्मशाला।**

## बस से कीमती सामान वाला बैग गायब

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा जिले के गगल गांव की कशिश कपूर, जो गुजरात में एमबीए की पढ़ाई कर रही है, ने वीरवार को गुजरात से चंडीगढ़ हवाई यात्रा के बाद रात के लिए एचआरटीसी वोल्वो बस बुक की। रात 9:30 बजे बस में बैठते समय उन्होंने पांच मिनट के लिए अपना काले रंग का बैग सीट पर रखा और बाहर गईं। लौटने पर बैग गायब मिला, जिसमें लैपटॉप, चार्जर, ईयरफोन, हेयरड्रायर और महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। कशिश ने चालक और परिचालक से मदद मांगी, लेकिन बैग नहीं मिला। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज के बारे में पूछताछ की, पर जानकारी अस्पष्ट रही। इसके बाद चंडीगढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस में तलाशी ली, लेकिन बैग नहीं मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एचआरटीसी धर्मशाला के आरएम साहिल कपूर ने बताया कि पुलिस जब भी सीसीटीवी फुटेज के लिए संपर्क करेगी, उन्हें पूरा सहयोग मिलेगा।

## हैप्पी बर्थडे



बरवाडा (देहरा) की शामली धीमान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## बीडीसी के लिए चार गुना जिप के लिए साढ़े चार गुना से अधिक प्रत्याशी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में पंचायतीराज चुनावों के लिए प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो चुकी है। जिले में पंचायतीराज चुनावों में विभिन्न पदों के लिए दो से चार गुना अधिक प्रत्याशी मैदान में हैं। पंचायत समिति सदस्य के लिए चार गुना, जबकि जिला परिषद सदस्य के चुनाव के लिए चार गुना से भी अधिक प्रत्याशी मैदान में है। जिले में प्रधान के 846, उपप्रधान के 846, वार्ड सदस्य के 4854, पंचायत समिति के 377, जबकि जिला परिषद सदस्यों के 54 पद हैं, जबकि आवेदन इनसे अधिक हुए हैं। प्रधान के 846 पदों के लिए 3276 प्रत्याशी मैदान में हैं, जो कि करीब चार गुना हैं। उपप्रधान के 846 पदों के लिए करीब चार गुना से अधिक 3678 प्रत्याशी मैदान में हैं। वार्ड सदस्यों के 4854 पदों के लिए 2 गुना प्रत्याशी यानी 9799 प्रत्याशी, पंचायत समिति के 377 पदों के लिए चार गुना यानी 1509, जबकि जिला परिषद सदस्यों के 54 पदों के मुकाबले 246 प्रत्याशी मैदान में हैं, जो कि साढ़े गुना से अधिक हैं। विभिन्न पदों के लिए दो से चार गुना से अधिक प्रत्याशी मैदान में होने के चलते पंचायतीराज संस्थाओं में रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। अब मैदान में उतर चुके प्रत्याशी डोर-टू-डोर प्रचार भी शुरू कर चुके हैं।

# सर्वसम्मति से चुनी बगली पंचायत को मिलेंगे 20 लाख



नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बिक्रम ठाकुर ने परागपुर विकास खंड की पंचायत बगली के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस पंचायत का चुनाव स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पूरी तरह सर्वसम्मति से किया गया है। कार्यक्रम में विधायक ने सर्वसम्मति से चुने गए प्रधान, उपप्रधान और सभी पंचायत सदस्यों को माता-पिता की चुनरी और हिमाचली टोपी पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय की सराहना की और क्षेत्र के लोगों का आभार व्यक्त किया। विधायक बिक्रम ने पंचायत के चहुंमुखी विकास का भरोसा दिलाते हुए घोषणा की कि विकास कार्यों के लिए कुल 20 लाख रुपए की राशि दी जाएगी। इसमें से 10 लाख रुपए विधायक निधि और 10 लाख रुपए सांसद निधि से प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जैसे ही पंचायत के प्रस्ताव उनके पास आएंगे, यह धनराशि तुरंत जारी कर दी जाएगी। उन्होंने गांव की मुख्य समस्या, कनेक्टिविटी, का भी जिक्र किया। गांव का एक रास्ता पक्का है, जबकि दूसरा हिस्सा अभी भी कच्चा है। विधायक ने प्रतिनिधियों को इस कच्चे मार्ग के दस्तावेजी कागजात जल्द तैयार करने को कहा ताकि इसे पक्का किया जा सके। अंत में उन्होंने पूरी पंचायत को सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं और नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई दी।

## परागपुर में पंचायतीराज चुनाव को लेकर करवाई रिहर्सल

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** पंचायती राज संस्थाओं के आगामी चुनावों को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए विभाग ने अपनी कमर कस ली है। इसी कड़ी में शनिवार को विकास खंड परागपुर के केंद्रीय सभागार में चुनावी तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शिविर और रिहर्सल का आयोजन किया गया।

इस सत्र का मुख्य उद्देश्य चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को पूरी प्रक्रिया से अवगत कराना और उनके संशयों का निवारण करना था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता देहरा के उपमंडल अधिकारी नागरिक कुलवंत सिंह ने की। बीडीओ परागपुर मीना कुमारी भी उपस्थित रही। लगभग 130 पीठासीन अधिकारियों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया, जिसमें मतदान के दिन निभाई जाने वाली जिम्मेदारियों का व्यावहारिक पाठ पढ़ाया गया। एसडीएम कुलवंत सिंह ने मतदान केंद्र की स्थापना, मतपत्रों और मतपेटियों की सुरक्षा, मतदान से पूर्व औपचारिकताएं तथा मतदान समाप्ति के बाद की कागजी कार्रवाई के विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी मीना शर्मा ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को बिना किसी बाधा के संपन्न कराने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार है। इस अवसर पर निरीक्षक देशराज वालिया, खंड समाज कल्याण अधिकारी राजकुमार, प्रवक्ता जोगिंदर सिंह समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले में 1680 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित

- पंचायतीराज चुनाव 1657 प्रत्याशी निर्विरोध बने वार्ड सदस्य
- इंदौरा ब्लॉक में सबसे अधिक 153 वार्ड सदस्य निर्विरोध चुने

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पंचायतीराज चुनाव में कांगड़ा जिले में 1680 पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए हैं। इनमें 10 प्रधान, 8 उप प्रधान, 1657 ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य व 5 पंचायत समिति सदस्य शामिल हैं।

जिला परिषद सदस्य पद पर कोई भी उम्मीदवार निर्विरोध नहीं चुना गया। सबसे अधिक पंचायत वार्ड सदस्य इंदौरा विकास खंड में 153, जबकि लंबागांव में 127 और रैत में 121 निर्वाचित हुए हैं। विकास खंड के आधार पर बात करें तो परागपुर में 1 प्रधान, 1 उप प्रधान, 105 वार्ड सदस्य, 1 पंचायत समिति सदस्य, पालमपुर में 72 वार्ड सदस्य, पंचरुखी में 1 प्रधान, 1 उप प्रधान, 47 वार्ड सदस्य, बैजनाथ में 98 वार्ड सदस्य, सुरानी में 2 प्रधान, 1 उप प्रधान, 120 वार्ड सदस्य, इंदौरा में 5 प्रधान, 1 उप प्रधान, 153 वार्ड सदस्य, नगरोटा बगवां में 43 वार्ड सदस्य, 1 पंचायत समिति सदस्य, नगरोटा सूरियां में 1 उपप्रधान व 99 वार्ड सदस्य, सुलह में 88 वार्ड सदस्य, बड़ोह में 42 वार्ड सदस्य, 1 पंचायत समिति सदस्य, कांगड़ा में 101 वार्ड सदस्य, धर्मशाला में 1 उप प्रधान, 57 वार्ड सदस्य, लंबागांव ब्लाक में 127 वार्ड सदस्य, भवारना में 1 प्रधान, 65 वार्ड सदस्य, रैत में 1 उपप्रधान, 121 वार्ड सदस्य व 1 पंचायत समिति सदस्य, फतेहपुर में 103 वार्ड सदस्य, देहरा में 119 वार्ड सदस्य और नूरपुर ब्लाक में 1 उप प्रधान, 97 वार्ड सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं। जिला प्रशासन के अनुसार पंचायत चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से जारी है और निर्विरोध निर्वाचन को लोकतांत्रिक सहमति का सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

### जिले में 17,643 उम्मीदवार मैदान में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। विभिन्न पदों के लिए कुल 17,643 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। आंकड़ों के अनुसार, कुल 19,698 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे, जिनमें से 250 नामांकन निरस्त किए गए और 1,805 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए। सहायक निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) सचिन ठाकुर ने बताया कि प्रधान पद के लिए कुल 3,817 नामांकन दाखिल हुए थे। जांच में 62 नामांकन निरस्त और 479 नाम वापसी के बाद 3,276 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। उप-प्रधान पद के लिए 4,212 नामांकन पत्र दाखिल हुए, जिनमें से 26 निरस्त और 508 नाम वापसी के बाद 3,678 उम्मीदवार मैदान में हैं। वार्ड सदस्य पद के लिए 9,799 नामांकन दाखिल किए गए, जांच में 145 निरस्त और 720 नाम वापसी के बाद 8,934 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। पंचायत समिति सदस्य के लिए 1,604 नामांकन, 14 निरस्त और 81 नाम वापसी के बाद 1,509 उम्मीदवार बच गए। जिला परिषद सदस्य पद के लिए 266 नामांकन में 3 निरस्त और 17 नाम वापसी के बाद 246 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए हैं।

## आदित्य भंगालिया हेड ब्वॉय और दिव्यांशी बनी हेड गर्ल



विवेका फाउंडेशन विद्यालय में अलंकरण एवं अभिनंदन समारोह आयोजित।

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** विवेका फाउंडेशन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनसिम्बल में शनिवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए भव्य अलंकरण और अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि रेडक्रॉस सोसाइटी की सचिव सीमा शर्मा और इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष आभा पीटर रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इस अवसर पर छात्र परिषद का गठन किया गया और नवनियुक्त छात्र नेताओं को बैज व सैश प्रदान कर शपथ दिलाई गई। हेड ब्वॉय आदित्य भंगालिया, हेड गर्ल दिव्यांशी, स्कूल एडमिन बॉय अक्षित पठानिया और एडमिन गर्ल एंजल सहित अन्य प्रमुख पदों पर नियुक्ति की गई। 17 क्लबों और चार सदनों के कप्तानों ने भी कार्यभार संभाला। छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें नाटी नृत्य और भावपूर्ण गीत विशेष आकर्षण रहे। समारोह में शैक्षणिक, सह-पाठ्यचर्या और कला प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंत में हेड गर्ल दिव्यांशी के धन्यवाद प्रस्ताव और राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

# नगर पंचायत शाहपुर में आज होगा मतदान

अनंत ज्ञान

- 7 वार्डों के 4290 मतदाता करेंगे उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला

**कोहली, शाहपुर।** नगर पंचायत शाहपुर के सभी 7 वार्डों में सदस्यों के निर्वाचन के लिए चुनावी रण पूरी तरह सज चुका है और कल यानी रविवार को मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रशासन द्वारा मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, पूरे शाहपुर शहरी स्थानीय निकाय में किसी भी पोलिंग स्टेशन को संवेदनशील या अति-संवेदनशील घोषित नहीं किया गया है, जो शांतिपूर्ण मतदान के लिहाज से एक राहत भरी खबर है।

इस चुनाव में कुल 4290 मतदाता अपने वोट की ताकत दिखाएंगे, जिनमें 2136 पुरुष और 2154 महिला मतदाता शामिल हैं। महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक होने के कारण इस बार जीत-हार तय करने में महिलाओं की भूमिका बेहद निर्णायक होने वाली है। निर्वाचन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, सभी 7 वार्डों के लिए अलग-अलग पोलिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं। वार्ड नंबर 01 (सीहोलपुरी) में कुल 627 मतदाता (306 पुरुष, 321 महिला) हैं, जिनके लिए राजकीय आईटीआई शाहपुर के एफएंडवीपी थ्योरी रूम में पोलिंग बूथ बनाया गया है।

अनुसूचित जाति (महिला) के लिए आरक्षित वार्ड नंबर 02 (हाड़ा) में कुल 606 मतदाता (309 पुरुष, 297 महिला) राजकीय आईटीआई शाहपुर के एडमिन ब्लॉक में वोट डालेंगे। अनुसूचित जनजाति (महिला) के लिए आरक्षित वार्ड नंबर 03 (झूलर) के 784 मतदाता (383 पुरुष, 401 महिला) राजकीय माध्यमिक पाठशाला सीहोलपुरी के कमरा नंबर 02 में मतदान करेंगे। अनारक्षित (महिला) श्रेणी के वार्ड नंबर 04 (शाहपुर) के 357 मतदाता (180 पुरुष, 177 महिला) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शाहपुर के कमरा नंबर 03 में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

इसके अलावा, सामान्य श्रेणी के वार्ड नंबर 05 (चन्द्रून) के 680 मतदाता (331 पुरुष, 349 महिला) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शाहपुर के कमरा नंबर 11 में, वार्ड नंबर 06 (गोरडा) के 539 मतदाता (278 पुरुष, 261 महिला) इसी स्कूल के कमरा नंबर 20 में और वार्ड नंबर 07 (मझियार) के 697 मतदाता (349 पुरुष, 348 महिला) राजकीय प्राथमिक पाठशाला मझियार के कमरा नंबर 02 में वोट डालेंगे। इस बार कई वार्डों में उम्मीदवारों के बीच बेहद कड़ा और दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल रहा है।

## नगर निगम पालमपुर चुनाव: मतदान की तैयारियां पूरी: डॉ. ओपी यादव

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** नगर निगम पालमपुर के 15 वार्डों में 17 मई को मतदान होगा। 34 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान जारी रहेगा। कुल 31,177 मतदाता इसमें भाग लेंगे, जिनमें 15,402 महिलाएं और 15,775 पुरुष शामिल हैं। एसडीएम पालमपुर डॉ. ओपी यादव ने बताया कि संवेदनशील और अति-संवेदनशील पोलिंग स्टेशनों पर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। मतदाता अपने वोट डालने के लिए मान्य फोटो पहचान पत्र साथ लाएं। मतगणना 31 मई 2026 को सुबह 9 बजे शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय डिग्री कॉलेज में शुरू होगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी चुनाव प्रक्रिया में सहयोग बनाए रखने तथा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। नगर निगम चुनावों के लिए मतगणना 31 मई को सुबह 9 बजे से शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय डिग्री कॉलेज पालमपुर में आरंभ की जाएगी।

## धर्मशाला नगर निगम चुनाव: मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण: एसडीएम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला के आगामी चुनावों के दृष्टिगत प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। एसडीएम धर्मशाला मोहित रत्न ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम धर्मशाला के कुल 17 वार्डों में मतदान के लिए 34 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें से 12 मतदान केंद्रों को संवेदनशील तथा 5 मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील (हाइपर सेंसिटिव) श्रेणी में रखा गया है। इन मतदान केंद्रों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था एवं विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम मोहित रत्न ने बताया कि नगर निगम धर्मशाला क्षेत्र में कुल पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 36,800 है। इनमें 18,258 महिला मतदाता तथा 18,542 पुरुष मतदाता शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और सभी पात्र मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

उन्होंने जानकारी दी कि मतदान प्रक्रिया 17 मई 2026 को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक संपन्न करवाई जाएगी। इसके पश्चात नगर निगम चुनावों के लिए मतगणना 31 मई 2026 को सुबह 9 बजे से नगर निगम मुख्यालय में आरंभ की जाएगी।

एसडीएम मोहित रत्न ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता तथा निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से भी चुनाव प्रक्रिया में सहयोग बनाए रखने तथा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

## स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल व्यवस्था करने में विफल नजर आ रही प्रदेश सरकार: डॉ. जनक राज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिस सरकार के पास अपने अधिकारियों, कर्मचारियों व पेंशनर्स को वेतन व पेंशन देने के लिए पैसे न हों, वह किस आधार पर विकास की बात करती है, इन सभी नीतियों की वजह से हिमाचल आर्थिक कंगाली पर खड़ा है। यह बात भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज ने शनिवार को धर्मशाला में कही। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल व्यवस्था सरकार को लोगों को बिना किसी भेदभाव के मुहैया करवानी चाहिए, लेकिन प्रदेश सरकार इसमें विफल होती नजर आ रही है। हिमाचल में जिन विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के विधायक है, उन क्षेत्रों से भेदभाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि सूचना के अनुसार, प्रदेश में 128 पंचायतें निर्विरोध चुनी गई है और एक पंचायत को 25 लाख रुपए सरकार देने की बात कर रही है तो 33 करोड़ रुपए का बजट बन रहा है, लेकिन प्रदेश की सरकार इन निर्विरोध चुनी पंचायतों को कुछ नहीं दे पाएगी यह भी आने वाले एक साल के बाद भाजपा की सरकार को ही करना होगा।

## ज्वालामुखी में चरस तस्करी मामले में एक और आरोपी किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, देहरा।** पुलिस थाना ज्वालामुखी के तहत चरस बरामदगी मामले में पुलिस ने फॉरवर्ड-बैकवर्ड लिंक जांच करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। ज्वालामुखी पुलिस टीम की ओर से यातायात चेकिंग एवं नाकाबंदी के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर वाहन संख्या एचपी-83ए- 1181 को स्थान कोप्रा (गगरूही के समीप) पर रोककर नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन चालक 35 वर्षीय लवकेश निवासी गांव हार देहरी, डाकघर सिल्ह, तहसील ज्वालामुखी के कब्जे से 354 ग्राम चरस बरामद की गई थी। उक्त बरामदगी के आधार पर आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया और उसके विरुद्ध पुलिस थाना ज्वालामुखी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की आगामी अन्वेषण के दौरान फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंक, वित्तीय लेनदेन तथा तकनीकी निगरानी के आधार पर मादक पदार्थों के सप्लायर एवं उपभोक्ताओं की पहचान के लिए गहन जांच की गई। जांच के दौरान प्राप्त ठोस साक्ष्यों एवं तकनीकी तथ्यों के आधार पर एक अन्य व्यक्ति की संलिप्तता भी प्रकाश में आई। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने बताया कि ज्वालामुखी पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को एनडीपीएस एक्ट की धारा 29 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए एक अन्य आरोपी 34 वर्षीय शम्मी कुमार निवासी गांव गगाल, डाकघर भरमोटी, तहसील नादौन, जिला कांगड़ा को गगाल मार्केट(नादौन) से गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि मामले में आगामी अन्वेषण जारी है तथा नशा तस्करी से जुड़े अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता के संबंध में भी गहनता से जांच की जा रही है।

## पति की लंबी उम्र की कामना के साथ सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा

अनंत ज्ञान

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** लोअर लंबागांव में शनिवार को वट सावित्री अमावस्या का पर्व महिलाओं ने पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने सबसे पहले वट वृक्ष की जड़ों पर जल अर्पित करके, वट के चारों ओर सूत लपेटकर परिक्रमा कर साथ में वट वृक्ष की विधिवत पूजा कर तथा पति की लंबी आयु व सुख समृद्धि की कामना की।



# 100 वर्ष की साधना में आरएसएस ने किया कई चुनौतियों का सामना: रोशन

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तर क्षेत्र के कार्यवाह रिटायर वायुसेना अधिकारी रोशन ने शनि मंदिर सुनहेत में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी में कहा कि संघ को बाहर से नहीं समझा जा सकता, इसे जानने के लिए संघ के भीतर जाना होगा। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में 100 वर्ष की साधना में संघ द्वारा निभाई गई जनसेवा और चुनौतियों का उल्लेख किया। रोशन ने चरखी दादरी हरियाणा में हुए विमान हादसे का संस्मरण साझा करते हुए बताया कि संघ स्वयंसेवकों ने मृतकों का सम्मानपूर्वक संस्कार किया और बाद में मुस्लिम धर्मगुरुओं द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने समाज में राष्ट्रीयता, पारिवारिक मर्यादा और जातिगत विषमताओं से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने घरों में मंगल सभा करने और परिवार में साप्ताहिक सामाजिक-सांस्कृतिक चर्चा करने का सुझाव भी दिया।

कार्यक्रम में प्रांत सह संघचालक अशोक, भाजपा महामंत्री सुदेश कुमारी, जिला संघचालक डॉ. निगम, नगर संघचालक कैप्टन दिलबाग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार, पालमपुर के ग्राम पंचायत बंदला नछीर वार्ड नंबर 7 के आंगनवाड़ी केंद्र सुरढ़ वृत भवारना में अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## डॉ. प्रकाश चंद राणा ने की सिटी अस्पताल में कार्डियोलॉजी सेवाएं शुरू

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** सिटी सुपरस्पेशलिटी अस्पताल एवं सिटी अस्पताल घुरकड़ी मटौर में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. प्रकाश चंद राणा ने अपनी सेवाएं प्रारंभ कर दी हैं। लगभग 13 वर्षों के अनुभव के साथ डॉ. प्रकाश चंद राणा हृदय रोगों के उपचार एवं प्रबंधन में अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करेंगे। अस्पताल में कार्डियोलॉजी सेवाओं के विस्तार के साथ अब हृदय रोगों से संबंधित आधुनिक जांच, परामर्श एवं उपचार सुविधाएं मरीजों को एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। अस्पताल संचालक डॉ. प्रदीप मक्कड़, डॉ. आशीष गर्ग और डॉ. राजीव डोगरा ने बताया कि अस्पताल का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को बेहतर एवं विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, ताकि मरीजों को हृदय संबंधी उपचार के लिए बड़े शहरों का रुख न करना पड़े। अस्पताल में अब अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट की उपलब्धता से मरीजों को समय पर परामर्श एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार का लाभ मिलेगा। डा. प्रकाश चंद राणा सीने में दर्द, उच्च रक्तचाप, धड़कन की अनियमितता, सांस फूलना, हार्ट अटैक, हृदय की नसों में ब्लॉकेज तथा अन्य कार्डियोलॉजी संबंधी समस्याओं के निदान एवं उपचार में विशेषज्ञता रखते हैं। इसके अतिरिक्त मरीजों को नियमित हृदय जांच, ईसीजी, इको तथा अन्य आवश्यक कार्डियक परामर्श सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। अस्पताल संचालकों ने कहा कि वर्तमान समय में हृदय रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए समय पर जांच एवं विशेषज्ञ परामर्श अत्यंत आवश्यक है। अस्पताल प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. प्रकाश चंद राणा के जुडने से क्षेत्र के मरीजों को उच्च स्तरीय कार्डियोलॉजी सेवाओं का लाभ मिलेगा तथा स्वास्थ्य सुविधाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी।

# सुजानपुर और भोटा में मतदान आज, पुख्ता प्रबंध

## दोनों शहरी निकायों के कुल 6966 मतदाता करेंगे 44 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला

◆ 100 मीटर के दायरे में प्रचार गतिविधियों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध : गंधर्वा

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिले की दो शहरी निकायों–नगर परिषद सुजानपुर और नगर पंचायत भोटा में रविवार को होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इन दोनों शहरी निकायों के कुल 6966 मतदाता 44 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। मतदान के दिन सभी मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में सभी तरह की प्रचार गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इस दायरे में किसी भी तरह की प्रचार सामग्री प्रदर्शित करने, मतदाताओं को लुभाने या प्रभावित करने से सहित अन्य सभी गतिविधियों पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर परिषद सुजानपुर के 9 वार्डों के लिए कुल 29 प्रत्याशी मैदान में हैं। वार्ड नंबर–1 में 2 उम्मीदवार, वार्ड नंबर–2 में 3, वार्ड नंबर–3 में 4, वार्ड नंबर–4 में सर्वाधिक 6, वार्ड नंबर–5 में 3, वार्ड नंबर–6 में 4, वार्ड नंबर–7 में 2, वार्ड नंबर–8 में 3 और वार्ड नंबर–9 में 2 उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे हैं।

### भोटा के 7 वार्डों में 15 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

**नगर** पंचायत भोटा के 7 वार्डों में कुल 15 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वार्ड नंबर 7 ज्वाला नगर में 3 उम्मीदवार हैं। अन्य सभी वार्डों में 2-2 उम्मीदवारों के बीच सीधे मुकाबले होंगे। वार्ड नंबर 1 रविदास नगर में वीना देवी और सरोज कुमारी, वार्ड नंबर 2 इंदिरा नगर में अश्वनी कुमार और सन्नी शर्मा, वार्ड नंबर 3 कृष्णा नगर में रिंका देवी और सर्वजीत कौर, वार्ड नंबर 4 नारायण नगर में मनोरमा शर्मा और लता कुमारी, वार्ड नंबर 5 में ज्योति धीमान और रंजना कतना, वार्ड नंबर 6 में मुख्तियार सिंह और बलदेव सिंह आमने-सामने होंगे, जबकि वार्ड नंबर 7 ज्वाला नगर में अनिल कुमार, संजय कुमार और शरण प्रसाद में तिकोना मुकाबले होगा।

### सुबह 7 बजे से शुरू होगा मतदान

**जिला** निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रविवार को सुबह 7 बजे से सायं 3 बजे तक मतदान होगा और मतदान की समाप्ति के बाद मतगणना शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने दोनों शहरी निकायों के सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

### सुजानपुर में किसके सर सजेगा ताज, आज होगा फैसला

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर के चुनाव के लिए रविवार को मतदान हो रहा है, जिसमें 29 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 5804 मतदाता करेंगे। इनमें 2927 महिला और 2877 पुरुष मतदाता शामिल हैं। इस बार 9 वार्डों में से 9 पार्षद चुने जाएंगे, जबकि नगर परिषद अध्यक्ष पद महिलाओं के लिए आरक्षित है। वार्ड नंबर 9 सबसे चर्चित मुकाबला बन गया है, जहां पूर्व अध्यक्ष मनोज ठाकुर, पूर्व उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता (निर्दलीय) और श्रवण कुमार आमने-सामने हैं। वार्ड नंबर 3 में मनोज ठाकुर की बहू ज्योतिका ठाकुर और पूर्व पार्षद तिलक राज के बीच कड़ा मुकाबला है। वार्ड 1, 4 और 5 में भी त्रिकोणीय मुकाबले देखे जा रहे हैं, जबकि वार्ड 7 में सीधा और वार्ड 8 में तिकोना मुकाबला है। वार्ड 6 में चार प्रत्याशी मैदान में हैं। राजनीतिक दलों के बीच सीधी टक्कर और निर्दलीय उम्मीदवारों की मौजूदगी से चुनाव और भी दिलचस्प हो गया है। मतदान के बाद परिणाम तय करेंगे कि नगर परिषद की सत्ता किसके हाथ में जाएगी।

**वार्ड नंबर 5 में सबसे ज्यादा वोटर, वार्ड नंबर 7 में सबसे कम :** नगर परिषद सुजानपुर के वार्ड नंबर 5 में सबसे ज्यादा 797 वोटर हैं। वार्ड नंबर एक में 587 वार्ड नंबर दो में 674 ,वार्ड नंबर 3 में 563 ,वार्ड नंबर 4 में 715, वार्ड नंबर 6 में 553 ,वार्ड नंबर 7 में 535 ,तथा वार्ड नंबर 8 में 693 के साथ वार्ड नंबर 9 में 557 वोटर हैं।

**3 बूथ संवेदनशील घोषित :** नगर परिषद सुजानपुर के हो रहे चुनाव में कुल 9 में से तीन बूथ सैंसिटिव हैं। वार्ड नंबर 3 वार्ड, चार और 7 को सैंसिटिव बूथ श्रेणी में रखा गया है। वार्ड 8 बूथ को महिला कर्मचारी बूथ बनाया गया है। इस बूथ पर सभी कर्मचारी महिलाएं ही होंगी।

### नगर पंचायत भोटा में 1167 मतदाता करेंगे 15 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला

**अनंत ज्ञान, भोटा।** नगर पंचायत भोटा में मतदान करवाने के लिए मतदान पार्टियां पहुंच गई हैं जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 1, 2, 3 और 7 के मतदाता राजकीय उच्च महाविद्यालय भोटा में अपना मतदान करेंगे। वहीं, वार्ड नंबर चार के मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र नगर पंचायत कार्यालय बनाया गया है, जबकि वार्ड नंबर 5 का मतदान जलशक्ति विवाग के कार्यालय में होगा इसी तरह बार नंबर 6 का मतदान इंदिरा मेमोरियल स्कूल में होगा। इन सभी वार्डों में लगभग 1167 मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे, जोकि 15 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला तय करेंगे। इन वार्डों में सात उम्मीदवार भाजपा समर्थित और तीन उम्मीदवार कांग्रेस समर्थित एवं चार उम्मीदवार व्यापार मंडल समर्थित एवं एक उम्मीदवार आजाद खड़ा है। इन सभी मतदान केंद्रों पर लगभग 14 कर्मचारी अपनी सेवाएं देंगे, जिनमें की 14 सुरक्षा पुलिसकर्मी अपनी सेवाएं देंगे।

# भाजपा ने किए 19 वार्डों के लिए प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त



चुनाव प्रबंधन समिति का भी गठन किया। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा ने हमीरपुर जिले के आगामी जिला परिषद चुनावों को देखते हुए सभी 19 जिला परिषद वार्डों के लिए प्रभारी और सह–प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। इसके साथ ही चुनाव प्रबंधन समिति का भी गठन किया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि पार्टी पूरी रणनीति और संगठनात्मक मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में ऐसे कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है, जिनकी क्षेत्र में मजबूत पकड़ और सक्रिय जनसंपर्क है। चुनाव प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना और पार्टी समर्थित प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करना है। जिला स्तर पर समग्र चुनाव संचालन की जिम्मेदारी स्वयं जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, जबकि अजय रिंटू शर्मा, अश्वनी गांधी, धर्मेंद्र शर्मा, विक्रमजीत सिंह बन्याल, होशियार सिंह और आईटी टीम को विभिन्न प्रबंधन कार्य सौंपे गए हैं। वार्डवार नियुक्तियों में कई क्षेत्रों के लिए प्रभारी और सह–प्रभारी तय किए गए हैं, जबकि कुछ वार्डों पर नाम विचाराधीन हैं। भाजपा ने दावा किया कि कार्यकर्ताओं में चुनाव को लेकर उत्साह है और संगठन पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगा।

# पंचायतीराज चुनाव: 484 ने वापस लिए नाम, 4849 उम्मीदवार मैदान में

अनंत ज्ञान

◆ 36 नामांकन रद्द, चुनाव चिह्न उम्मीदवारों को आवंटित

**हमीरपुर।** जिले में तीन चरणों में आयोजित होने वाले पंचायत चुनावों के लिए अब कुल 4849 उम्मीदवार चुनावी मैदान में बने हुए हैं। जिले की सभी 6 पंचायत समितियों के 119 वार्डों, जिला परिषद के 19 वार्डों और 242 ग्राम पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान तथा वार्ड सदस्यों के कुल 1860 पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि जिले में कुल 5369 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इनमें से 36 नामांकन पत्र रद्द हो गए और 484 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापस ले लिए। अब जिला परिषद के 19 वार्डों में 59 उम्मीदवार, 119 वार्डों में 448 बीडीसी उम्मीदवार और ग्राम पंचायतों में प्रधान 948, उपप्रधान 992 तथा वार्ड सदस्य 2402 उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदान 26, 28 और 30 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। पंचायत प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों के परिणाम उसी दिन घोषित होंगे, जबकि पंचायत समिति और जिला परिषद के मतगणना 31 मई से शुरू होगी। जिले में कुल मतदाता 3,63,699 हैं, जिनमें 1,83,851 महिलाएं, 1,79,846 पुरुष और 2 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

# जिला परिषद चमनेड़ वार्ड से भाजपा समर्थित प्रत्याशी रोहित का नामांकन स्वीकार होने से मुकाबला रोचक

## सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के चलते रद्द कर दिया था नामांकन

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** पंचायतीराज चुनावों में कई भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन रद्द हो गए थे, जिनमें चमनेड़ वार्ड से रोहित शर्मा का नामांकन भी रद्द कर दिया गया था। उन्होंने नामांकन रद्द होने के बाद उच्च न्यायालय में इसकी याचिका दर्ज की थी। शुक्रवार देर शाम उच्च न्यायालय ने जिला परिषद चमनेड़ वार्ड के प्रत्याशी रोहित शर्मा का नामांकन को दोबारा नई प्रक्रिया के तहत स्वीकार कर लिया है।

लिहाजा अब रोहित शर्मा चुनाव लड़ सकेंगे। रिटर्निंग ऑफिसर ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के चलते नामांकन रद्द कर दिया था, जिसे रोहित शर्मा ने उच्च न्यायालय चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम हमीरपुर संजीत ठाकुर ने नामांकन को स्वीकार करते हुए उन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया है। नामांकन स्वीकार करने के बाद भाजपा विशेषकर विधायक आशीष शर्मा का खेमा काफी खुश नजर आ रहा है और चुनावों में पूरी तैयारी कि साथ उतर गए हैं।

रोहित शर्मा के नामांकन रद्द होने से कांग्रेस के प्रत्याशी को भी किसी से चुनौती नहीं मिल रही थी, लेकिन अब मुकाबला भाजपा और कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों के बीच होगा।

### चमनेड़ वार्ड में चार प्रत्याशी मैदान में

**चमनेड़** वार्ड में चार प्रत्याशी मैदान में हैं इनमें भाजपा समर्थित प्रत्याशी रोहित शर्मा, कांग्रेस समर्थित नीरज ठाकुर, दुनी चंद और सुरेश कुमार मैदान में हैं। विधायक आशीष शर्मा और भाजपा कार्यकर्ता प्रत्याशी की जीत के लिए एकजुट होकर चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। हालांकि, इन चुनावों में जीत किसकी होती है यह तो चुनाव परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा, लेकिन कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार को जरूर चुनौती मिलेगी। जबकि अन्य जिला परिषद वार्डों में भाजपा समर्थित किसी भी प्रत्याशी का नामांकन स्वीकार नहीं किया गया है। उन वार्डों में सीधे तौर पर कांग्रेस समर्थित और अन्य उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। फिलहाल रोहित शर्मा के नामांकन स्वीकार होने से विधायक आशीष शर्मा की जीत के साथ जोड़कर देखा जा रहा है।

# सेना के जवान अभिषेक का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, संजीव चौहान टौणीदेवी।** टप्परे पंचायत के नोहंगी गांव, तहसील टौणीदेवी के निवासी और सेना में तैनात जवान अभिषेक ठाकुर (26) का शनिवार सुबह दिल्ली के आरआर अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके अचानक निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। अभिषेक के पिता जनकराज भारतीय सेना में कैप्टन पद से सेवानिवृत्त हैं और माता का नाम कमला देवी है।



उनकी शादी जुलाई 2024 में निकिता से हुई थी। अभिषेक हिसार में ड्यूटी पर तैनात थे। लगभग एक सप्ताह पहले उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें उल्टियों व दस्त की शिकायत हुई। जांच में उन्हें हेपेटाइटिस (काला पीलिया) होने की पुष्टि हुई। हालत गंभीर होने पर उन्हें दिल्ली के आरआर अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उन्होंने शनिवार सुबह अंतिम सांस ली। अंतिम समय में माता, पिता और पत्नी उनके साथ मौजूद थे। उनके निधन से गांव और आसपास के क्षेत्रों में मातम छा गया, और 95 वर्षीय दादा रिखी राम को गहरा सदमा लगा।

# भोरंज स्कूल में अधिकारियों की पहला चुनावी पूर्वाभ्यास

अनंत ज्ञान



◆ त्रुटिरहित व निष्पक्ष मतदान के लिए चुनावी प्रक्रिया का पूर्वाभ्यास जरूरी: शशि

◆ अधिकारियों को पूर्वाभ्यास में समझाई पंचायती चुनाव की प्रक्रिया

**भोरंज।** भोरंज ब्लॉक की 44 ग्राम पंचायतों में 26, 28 और 30 मई को होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर महिला एवं पुरुष पीठासीन तथा मतदान अधिकारियों का पहला चुनावी पूर्वाभ्यास मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में आयोजित किया गया। इसमें करीब 477 कर्मचारियों ने भाग लेकर चुनाव प्रक्रिया की बारीकियों को समझा।

खंड निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम भोरंज शशि पाल शर्मा ने पीठासीन व मतदान अधिकारियों को उनके दायित्वों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया और चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीठासीन अधिकारी डायरी, वोटर लेखा–जोखा, बैलेट बॉक्स की सीलिंग, एजेंटों की नियुक्ति, मतदाता प्रवेश प्रक्रिया, महिला–पुरुष वोटर सूची चिन्हांकन तथा बैलेट पेपर अकाउंट सहित संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने सभी टीमों को टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक जगदीश गौतम, बीडीओ कुलवंत सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### भगेटू में रतन चंद निर्विरोध वार्ड सदस्य चुने



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भगेटू के वार्ड नंबर 1, झिंझकरी से रतन चंद पुत्र लेख राम का वार्ड सदस्य पद पर निर्विरोध चयन पूरे गांव के लिए गर्व का विषय बना। उनकी इस उपलब्धि पर पंचायत प्रतिनिधियों, युवाओं और समस्त ग्रामवासियों ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि रतन चंद जनसेवा की भावना से वार्ड के विकास, समस्याओं के समाधान और क्षेत्र की प्रगति के लिए ईमानदारी और समर्पण से कार्य करेंगे। उनका निर्विरोध चयन जनता के विश्वास और अच्छे व्यवहार की पहचान है।

### ललित ने प्राकृतिक खेती से बनाई पहचान



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के निकटवर्ती गांव हरनेड़ के ललित कालिया प्राकृतिक खेती में उत्कृष्ट काम कर रहे हैं। इस सीजन में उन्होंने बिना किसी रासायनिक खाद या कीटनाशक के चने की खेती कर लगभग 75 किलोग्राम अच्छी क्वालिटी की पैदावार हासिल की, जो अन्य किसानों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने पहले गन्ना की खेती से मात्र 18 मरले जमीन पर 70 किलोग्राम शक्कर तैयार की थी। ललित कालिया पुराने देसी बीजों के संरक्षण में भी सक्रिय हैं। उनके बीज बैंक में गेहूं, मक्की, जौ, मोटे अनाज, दलहनी, तिलहनी और कई पारंपरिक सब्जियों के प्राचीन बीज सुरक्षित हैं। इसके अलावा मंढल, कोदरा, कौंगणी, बाजरा, सरसों, तिल, कुल्थ, रौंग, माह, चने, लहसुन, प्याज, भिंडी, घीया, कद्दू, रामतोरी, धनिया और मेथी के दुर्लभ बीज भी उपलब्ध हैं। यह प्रयास स्थानीय खेती और पारंपरिक बीज संरक्षण के लिए मिसाल बन गया है।

### पेंशनर्स संघ भोरंज खंड इकाई की बैठक 22 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ भोरंज खंड इकाई की बैठक एवं विशिष्ट पेंशनर्ज सम्मान समारोह 22 मई को सुबह 10 बजे राधा-कृष्ण मंदिर परिसर, डुंगरी (भ्याड़ चौक के निकट) में आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी प्रधान कमलेश कुमार मिश्रा करेंगे तथा योगराज शर्मा उपस्थित रहेंगे। बैठक में पेंशनरों की मांगों, समस्याओं और संघ की गतिविधियों पर चर्चा होगी। प्रदेश व जिला पदाधिकारी भी भाग लेंगे। खंड प्रधान पद की अस्थायी व्यवस्था तथा सदस्यता अभियान पर विचार होगा। चुनाव प्रक्रिया का संचालन योग राज शर्मा व जगदीश चंद शर्मा की देखरेख में किया जाएगा। सभी सदस्यों से उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

# राजपूर कल्याण सभा ने इनरव्हील क्लब के पदाधिकारी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजपूत कल्याण सभा के पदाधिकारियों ने इनर व्हील क्लब हमीरपुर के सदस्यों को समाज सेवा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र और पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। गत वर्ष सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के चबूतरा गांव में प्राकृतिक भूस्खलन से हुए नुकसान के समय इनर व्हील क्लब ने आर्थिक सहायता और राशन उपलब्ध कराकर मानवता की सेवा की थी।

इस अवसर पर राजपूत कल्याण सभा के संस्थापक सदस्य अनिल वर्मा ने सभी सदस्यों को इस निस्वार्थ सेवा में और अधिक सक्रिय होने के लिए प्रोत्साहित किया। सभा के अध्यक्ष जोगिंदर ठाकुर, महासभा के महासचिव जोगिंदर ठाकुर, पैटर्न यशपाल मन्हास और कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र भारद्वाज भी उपस्थित रहे। सम्मानित सदस्यों में क्लब की अध्यक्ष इना चैहान, चार्टर प्रेसिडेंट डॉ. शोभा ठाकुर, उपाध्यक्ष मनोरमा शर्मा, ज्वाइंट सचिव मीना चोपड़ा सहित अन्य सदस्य शामिल थे। सभी सदस्यों ने इस गौरवमयी सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

# विकसित भारत का रास्ता विकसित हिमाचल से होकर गुजरता है: अनुराग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने चंडीगढ़ में वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाइजेशन के प्रथम वार्षिक उत्सव 'नियुंदर' में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता, लोकसभा सांसद राजीव भारद्वाज एवं राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार के साथ सहभागिता करते हुए संगठन को शुभकामनाएं दीं तथा हिमाचल और हिमाचली संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुराग ने कहा कि वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाइजेशन विश्वभर में बसे हिमाचलियों को एक मंच पर लाने तथा हिमाचली साहित्य, सभ्यता और संस्कृति को आगे बढ़ाने का सराहनीय कार्य कर रही है।



उन्होंने कहा कि हिमाचल केवल जन्मभूमि नहीं, बल्कि संस्कार, परंपरा, पहचान और परिवार का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हिमाचली विरासत के संरक्षण के साथ–साथ विकास के रोडमैप पर भी गंभीरता से चर्चा होनी चाहिए। विकसित भारत की परिकल्पना विकसित हिमाचल के बिना अधूरी है। यदि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो हिमाचल को भी समान रूप से विकसित राज्य बनाना होगा। देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में रह रहे हिमाचली अपने–अपने क्षेत्र में भारत को समृद्ध और शक्तिशाली बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल एक पर्वतीय राज्य है और यहां विकास की प्राथमिकताएं अन्य राज्यों से अलग हैं। राज्य पर्यावरणीय असंतुलन जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है, इसलिए यहां विकास के साथ–साथ पर्यावरण और संस्कृति का संरक्षण भी आवश्यक है। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस विषय को लेकर सदैव गंभीर रहे हैं। वर्ष 2014 में केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमालयी राज्यों के लिए अलग नीति, योजना और विकास मॉडल की आवश्यकता पर बल दिया था। उसी दिशा में कार्य करते हुए हिमालयी राज्यों को पहले की तुलना में अधिक वित्तीय सहायता और सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास हुआ है।

# बाबा बालक नाथ धाम में बंदरों के हमले से चार श्रद्धालु घायल

अनंत ज्ञान



◆ एआरवी वैक्सीन खत्म होना मैनेजमेंट की असफलता

**एसके ठाकुर, बड़सर।** विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बालक नाथ धाम में शनिवार को गेट नंबर–3 के पास बंदरों के हमले में पंजाब के लुधियाना से आए चार श्रद्धालु को घायल कर दिया। बंदरों ने अचानक श्रद्धालुओं पर हमला कर उन्हें काट लिया, जिससे मंदिर परिसर में कुछ समय के लिए अफरा–तफरी का माहौल बन गया। घायलों की पहचान नीतू (42), हर्ष (16), वंश (10) और करण शर्मा के रूप में हुई है। सभी श्रद्धालु लुधियाना से बाबा बालक नाथ के दर्शन करने पहुंचे थे। घटना के बाद श्रद्धालुओं को यह जानकारी नहीं थी कि बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में ही चिकित्सालय की सुविधा उपलब्ध है। इसके चलते वे उपचार के लिए शाहतलाई के एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां उनका इलाज करवाया गया।

उधर, मंदिर अधिकारी सुभाष मल्होत्रा ने बताया कि मंदिर चिकित्सालय में श्रद्धालुओं के लिए प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध है। सभी सिक्योरिटी गार्ड को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि बंदरों से श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। मंदिर में एआरवी वैक्सीन एक दिन पहले ही समाप्त हुई है, जिसके लिए नया ऑर्डर दे दिया गया है और जल्द ही वैक्सीन मंदिर चिकित्सालय में उपलब्ध करवा दी जाएगी। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से भी सावधानी बरतने और बंदरों से दूरी बनाए रखने की अपील की है। श्रद्धालुओं ने न्यास प्रशासन से मांग उठाई है कि मंदिर परिसर में बढ़ रहे बंदरों के आतंक से श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए स्थायी और प्रभावी उपाय किए जाएं, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित माहौल में दर्शन कर सकें।

# हिम अकादमी स्कूल में नन्हे विद्यार्थियों ने कविता वाचन से मोहा सबका मन

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल दुगनेहड़ा में नन्हे विद्यार्थियों के लिए कविता वाचन गतिविधि का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस गतिविधि में कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में भाषा कौशल, मंच पर बोलने का आत्मविश्वास तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति का विकास करना था। गतिविधि के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति, प्रकृति, मां, शिक्षक तथा नैतिक मूल्यों से संबंधित विभिन्न सुंदर कविताओं का भावपूर्ण प्रस्तुतीकरण किया। बच्चों ने शुद्ध उच्चारण, स्पष्ट वाणी, उचित हाव–भाव एवं लयबद्धता के साथ कविताएं प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया, मंच का संचालन बैंड हेड मेडम प्रेमलता द्वारा बहुत ही बढ़िया तरीके से किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने न केवल कविता पाठ का आनंद लिया, बल्कि एक–दूसरे की प्रस्तुतियों से प्रेरणा भी प्राप्त की। अध्यापकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया।



विद्यार्थियों ने देशभक्ति, मां तथा नैतिक मूल्यों पर पेश किए कविताएं। अनंत ज्ञान

### सुजानपुर में पुलिस ने किया गाड़ी का 5 हजार रुपए का चालान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर पुलिस ने एक कार में शीशे पर काली फिल्म चढ़ी होने पर 5000 का चालान ठोंका है। प्रकाश ठाकुर ने बताया कि हरियाणा नंबर की एक कर पालमपुर की तरफ जा रही थी। सुजानपुर में उसे गाड़ी को रोक कर चेकिंग करी गई। इस अवसर पर पाया गया कि कर के शीशे पर काली फिल्म चढ़ी हुई थी। जिस पर पुलिस ने मौके पर कल फिल्म को उतारा तथा कार चालक का 5000 रुपए का जुर्माना किया।

# घर में पुरानी पांडुलिपि पड़ी है तो करवाएं पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** संस्कृति मंत्रालय की ओर से संचालित 'ज्ञान भारतम' राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत देश की अमूल्य पांडुलिपि विरासत के संरक्षण, दस्तावेजीकरण एवं अभिलेखीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिला भाषा अधिकारी संतोष कुमार पटियाल ने बताया कि हमारे देश में आज भी अनेक प्राचीन एवं दुर्लभ पांडुलिपियां आम घरों, मंदिरों, मठों, निजी परिवारों, संस्थाओं तथा विभिन्न समुदायों के पास सुरक्षित हैं, किन्तु उनका अभी तक कोई आधिकारिक रिकॉर्ड तैयार नहीं हो पाया है। अब संस्कृति मंत्रालय ने इन अमूल्य सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखने के लिए 'ज्ञान भारतम' राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान आरंभ किया है। संतोष कुमार पटियाल ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति, परिवार, संस्था अथवा समुदाय के पास किसी भी प्रकार की पांडुलिपियां, हस्तलिखित ग्रंथ, पुराने दस्तावेज अथवा ऐतिहासिक अभिलेख उपलब्ध हैं और अभी तक सूचीबद्ध या पंजीकृत नहीं हुए हैं, तो वे इसकी सूचना जिला भाषा अधिकारी कार्यालय हमीरपुर को उपलब्ध करवाएं। जिला भाषा अधिकारी ने बताया कि 'ज्ञान भारतम' मोबाइल ऐप एवं आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से भी लोग ऑनलाइन सर्वेक्षण में भाग लेकर पांडुलिपियों का पंजीकरण करवा सकते हैं। इस अभियान में जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत की समृद्ध पांडुलिपि परंपरा व सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने जिले के लोगों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और साहित्य प्रेमियों से इस अभियान में सहयोग की अपील की है।

# हमीरपुर में करोड़ों की लागत से बिछेगा नया सिंथेटिक ट्रैक

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हमीरपुर के डिग्री कॉलेज अणु खेल मैदान में नया सिंथेटिक ट्रैक बिछाने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी भारतीय खेल प्राधिकरण की हमीरपुर इकाई की कार्यकारी अधिकारी दिव्या तिवारी ने दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के शुभारंभ पर दी। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी हमीरपुर के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुके हैं। नए ट्रैक की मांग लंबे समय से थी, जिसे खेल प्राधिकरण ने पूरा किया। दिव्या तिवारी ने जिला संगठन की नशे के विरुद्ध और युवाओं को खेलों से जोड़ने की मुहिम की सराहना की। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुमित ठाकुर और महासचिव राजेंद्र सोनी भी उपस्थित रहे।

जिला एथलेटिक संगठन के अध्यक्ष पंकज भारतीय ने सभी विशिष्ट व्यक्तियों का स्वागत किया। इस अवसर पर एथलेटिक्स कोच राजेंद्र धीमान, सूरज ठाकुर, मंजू देवी, अनिल शर्मा, रजनीश शर्मा, निर्मला कुमारी, राहुल वर्मा, अरुण कुमार, प्रोफेसर सनी कुमार, संजय शर्मा, सुरेंद्र दहल, दिनेश ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### कौस्तुभ ने 60 मीटर, 600 मीटर और लॉन्ग जंप में प्रथम



विजेता खिलाड़ी किए सम्मानित। अनंत ज्ञान

हमीरपुर में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अंडर-14 और अंडर-16 वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-14 लड़कों में कौस्तुभ ने 60 मीटर, 600 मीटर और लॉन्ग जंप में पहले स्थान प्राप्त किया, जबकि सार्थक और अर्पित ने क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान हासिल किए। शॉट पुट में पीयूष पहले, अरनव राणा दूसरे और सूर्यास्त तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-14 लड़कियों में माधवी, प्रियांशी और वंशिका ने विभिन्न स्पर्धाओं में पहला स्थान प्राप्त किया। अंडर-16 लड़कों में नक्श और प्रकुल ने 60 मीटर और 600 मीटर में जीत दर्ज की, शॉट पुट में रजत ने बाजी मारी। अंडर-16 लड़कियों में मनीता और खुशी ने 60 मीटर, 600 मीटर और लॉन्ग जंप में पहले स्थान हासिल किए। सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा गया।

### प्रज्ञा वशिष्ठ 100 और 200 मीटर रेस में विजेता

हमीरपुर में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अंडर-18 और अंडर-20 वर्ग के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। अंडर-18 लड़कों में यशिमत ने 100 मीटर और लॉन्ग जंप में पहले स्थान हासिल किया, जबकि सूर्यास्त, नवीन और आर्यन ने विभिन्न रेस में पदक जीते। शॉट पुट में गुरदीप पहले, अभय दूसरे और अनिकेत तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-18 लड़कियों में प्रज्ञा वशिष्ठ ने 100 और 200 मीटर रेस में जीत दर्ज की, सृष्टि ने 400 मीटर और मन्नत ने 1000 मीटर रेस में पहला स्थान पाया। शॉट पुट में आरुषि, लॉन्ग जंप में जानवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-20 लड़कों में प्रशांत वीर ने 100 और 200 मीटर रेस में पहला स्थान हासिल किया। पीयूष ने 400 मीटर, रितिक शर्मा ने 800 मीटर और विशाल शर्मा ने 5000 मीटर में जीत दर्ज की। शॉट पुट में सुशांत और लॉन्ग जंप में आदित्य कपिल ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की गई।

# ककीरा-घटासनी मार्ग पर मंडराया खतरा, धंसी सड़क बनी जानलेवा

## श्मशान घाट के पास सड़क धंसने से बढ़ी दहशत, लोगों ने उठाई मरम्मत की मांग

अनंत ज्ञान

**ककीरा।** जिला चंबा के उपमंडल भटियात के अंतर्गत ककीरा-घटासनी मार्ग पर श्मशान घाट के समीप सफर करना लोगों के लिए जान जोखिम में डालने जैसा बन गया है। गत वर्ष जुलाई माह में हुई भारी बारिश के कारण सड़क का एक बड़ा हिस्सा धंस गया था, लेकिन लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी लोक निर्माण विभाग द्वारा यहां निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग अब अंदर से पूरी तरह खोखला हो चुका है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यह सड़क सामरिक और यातायात की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। बरसात के दिनों में जब मुख्य मार्ग बंद हो जाते हैं, तब डलहौजी, खज्जियार और चुवाड़ी जाने वाले अधिकांश वाहन चालक इसी वैकल्पिक मार्ग का सहारा लेते हैं। वर्तमान में सड़क इतनी संकरी हो चुकी है कि दो वाहनों का पास लेना तो दूर, छोटे वाहनों का गुजरना भी मुश्किल हो गया है। बरसात के दौरान सड़क पर जमा गंदा पानी गुजरते वाहनों के कारण सीधे राहगीरों के ऊपर छींटों के रूप में गिरता है, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बीते एक वर्ष से लगातार विभाग से सड़क की मरम्मत और डंगा निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो सकती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि जनहित को देखते हुए इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि वाहन चालकों और राहगीरों को राहत मिल सके। उधर, जब इस संबंध में लोक निर्माण विभाग ककीरा के सहायक अभियंता राजकुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला उनके ध्यान में है और सड़क को जल्द दुरुस्त कर डंगा निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा।



श्मशान घाट के पास सड़क धंसने से लोगों में दहशत। अनंत ज्ञान

# चेक, क्लीन एंड कवर से ही बनेगा डेंगू मुक्त चंबा: कविता महाजन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर नर्सिंग स्कूल पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा के सभागार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कविता महाजन ने की। इस अवसर पर शकुंतला मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज सरोल चंबा की छात्राओं तथा आशा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर डेंगू के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को डेंगू जैसी गंभीर मच्छर जनित बीमारी के प्रति जागरूक करना तथा इसके बचाव और रोकथाम संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान करना रहा। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कविता महाजन ने अपने संबोधन में कहा कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलने वाली खतरनाक बीमारी है, जो घरों और आसपास जमा साफ पानी में पनपती है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही भी डेंगू को न्योता दे सकती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर और आसपास साफ-सफाई बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से पूरी बाजू के कपड़े पहनने, मच्छरदानी एवं मच्छर रोधी दवाइयों का उपयोग करने तथा कूलर, गमलों, टायरों और पानी के अन्य बर्तनों की नियमित सफाई करने की अपील की। साथ ही छात्रों और आशा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे समाज में जागरूकता फैलाकर डेंगू मुक्त वातावरण बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने इस वर्ष की थीम कम्युनिटी पार्टिसिपेशन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डेंगू नियंत्रण में जनसहभागिता सबसे प्रभावी हथियार है। उन्होंने चेक, क्लीन एंड कवर अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि लोगों को नियमित रूप से पानी जमा होने वाले स्थानों की जांच, सफाई और पानी के बर्तनों को ढककर रखने की आदत अपनानी चाहिए।

# प्रिंटर खराब होने से धरवाला ग्रामीण बैंक में पासबुक अपडेट सेवा पड़ी ठप

अनंत ज्ञान

◆ खातों की जानकारी के लिए भटक रहे खाताधारक

**धरवाला।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा धरवाला में पिछले कई महीनों से पासबुक प्रिंटिंग मशीन खराब होने के कारण खाताधारकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक की इस तकनीकी खामी का असर क्षेत्र की दर्जनों पंचायतों के लोगों पर पड़ रहा है, जिन्हें अपने खातों की जानकारी लेने और लेनदेन का रिकॉर्ड अपडेट करवाने के लिए बार-बार बैंक के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

गौरतलब है कि ग्रामीण बैंक शाखा धरवाला राड़ी, भटवाड़ा, प्रीणा, किलोड़, कुनेड, गांण, लोथल, सुनारा, तागी, खुन्देल और बलोठ सहित कई पंचायतों के हजारों लोगों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करती है। ऐसे में पासबुक अपडेट सेवा बंद होने से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की दिक्कतें लगातार बढ़ती जा रही हैं।

स्थानीय खाताधारकों प्रहलाद, पूर्ण सिंह, सुनो देवी, शरण दास, रीता, सोनू, बालकृष्ण, मनीषा और निशा सहित अन्य लोगों ने बताया कि पिछले चार-पांच महीनों से पासबुक अपडेट नहीं हो पा रही है। इससे उन्हें अपने खातों में हुए लेनदेन और शेष राशि की सही जानकारी नहीं मिल पा रही। लोगों का कहना है कि कई बार बैंक आने के बावजूद उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। ग्रामीणों ने बैंक प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नई प्रिंटिंग मशीन उपलब्ध करवाई जाए, ताकि खाताधारकों को राहत मिल सके और बैंकिंग सेवाएं सुचारू रूप से बहाल हो सकें।

वहीं, हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा धरवाला के शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार ने बताया कि शाखा की ओर से उच्च कार्यालय को नए पासबुक प्रिंटर के लिए अनुरोध भेजा जा चुका है। उन्होंने आश्वासन दिया कि नया प्रिंटर उपलब्ध होते ही पासबुक अपडेट की सुविधा दोबारा नियमित रूप से शुरू कर दी जाएगी।

# असेंट स्कूल में बैडमिंटन स्पर्धा में 250 विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम



बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पधर।** पधर स्थित असेंट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जूनियर वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता में करीब 250 विद्यार्थियों ने भाग लेकर शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग हाउस के तहत प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिससे पूरे परिसर में उत्साह और तालियों की गूंज बनी रही।

छात्र वर्ग (कक्षा 1 से 5) में रमन हाउस के धैर्य और सूर्य ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अशोक हाउस के हार्दिक ठाकुर और शुभम ठाकुर उपविजेता रहे। छात्रा वर्ग में टैगोर हाउस की प्रिंसिका ठाकुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 से 8 के वर्ग में छात्र वर्ग में रमन हाउस के यशवर्धन और कुशल ठाकुर विजेता बने, जबकि टैगोर हाउस के देवांश ठाकुर और नमन ठाकुर दूसरे स्थान पर रहे। छात्रा वर्ग में रमन हाउस की परिणीता यादव और सूर्यवंशी ने प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं शिवाजी हाउस की हिमानी ठाकुर उपविजेता रहीं। प्रतियोगिता का संचालन कोऑर्डिनेटर अजय ठाकुर और मुख्य रेफरी अमित ठाकुर की देखरेख में किया गया। समापन पर विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य गुलाब सिंह चौहान ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# डलहौजी नप चुनाव के लिए मतदान आज, तैयारियां पूरी

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी नगर परिषद चुनाव के लिए 17 मई को मतदान होगा और प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। नगर परिषद के नौ वार्डों में मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक कराया जाएगा। उपमंडल प्रशासन ने मतदान दलों को समय पर बूथों पर पहुंचने के निर्देश जारी किए हैं। सभी केंद्रों पर रैंप, हेल्प डेस्क और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सहायता कर्मी भी तैनात रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस, होमगार्ड और क्यूआरटी टीमों को तैनात किया गया है। मतगणना शाम 5 बजे सीसीटीवी निगरानी में शुरू होगी और परिणाम उसी दिन घोषित होंगे। प्रशासन ने नागरिकों से अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया जाएगा। स्थानीय लोगों में मतदान को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है और सभी तैयार हैं।

# चंबा जिले में स्थानीय निकाय चुनावों के लिए सभी तैयारियां पूरी: उपायुक्त मुकेश

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा के नगर परिषद क्षेत्र चंबा व डलहौजी के अलावा नगर पंचायत चुवाड़ी में 17 मई को होने वाले चुनावों के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश वाले आज यहां दी। उन्होंने बताया कि आज अंतिम दौर की रिहर्सल के पश्चात पोलिंग पार्टीयां समस्त मतदान उपकरणों तथा सामग्री सहित अपने-अपने गंतव्यों के लिए रवाना हो गई हैं तथा सभी पोलिंग पार्टियों द्वारा अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच कर मतदान संबंधित तैयारियां पूर्ण कर ली गई ।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि नगर परिषद क्षेत्र चंबा के 11 वार्डों में 35 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है तथा सभी 11 वार्डों में 14855 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिनमें 7266 पुरुष व 7589 महिला मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा नगर परिषद डलहौजी के 9 वार्डों में 21 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है नगर परिषद डलहौजी में कुल 3150 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 1494 महिला व 1656 पुरुष मतदाता शामिल है। नगर पंचायत चुवाड़ी के संबंध में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत चुवाडी में कुल 7 वार्ड हैं जिसमें वार्ड नंबर 3 से एक उम्मीदवार का निर्विरोध चयन हुआ है तथा शेष 6 वार्डों में 16 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है नगर पंचायत चुवाडी के सभी 6 वार्डों में 2579 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिनमें 1308 महिला व 1271 पुरुष मतदाता शामिल है।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने नगर परिषद क्षेत्र चंबा व डलहौजी तथा नगर पंचायत चुवाडी के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे 17 मई को स्थानीय निकायों के लिए होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें ।

## पंचायत चुनावों के लिए मैदान में 7315 प्रत्याशी

**उपायुक्त** मुकेश रेपसवाल ने बताया कि जिला चंबा में पंचायत चुनावों के लिए 7315 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। उन्होंने बताया कि नामांकन वापसी के अंतिम दिन 15 मई को जिला चंबा में कुल 1128 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस लिए हैं जिनमें प्रधान पद के 292, उप प्रधान पद के 258, वार्ड सदस्य के 530, पंचायत समिति सदस्य के 43 तथा जिला परिषद सदस्य के 5 उम्मीदवार शामिल है। उन्होंने बताया कि जिला में 26, 28 व 30 मई को पंचायती राज चुनावों में प्रधान के 319 पदों के लिए 1293, उप प्रधान के 319 पदों के लिए 1303, वार्ड सदस्य के 1793 पदों के लिए 4013, पंचायत समिति सदस्य के 135 पदों के लिए 592 तथा जिला परिषद सदस्य के 18 पदों के लिए 114 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। उल्लेखनीय है कि जिला चंबा में पंचायती राज चुनावों की नामांकन प्रक्रिया के दौरान तीन दिनों में कुल 8479 उम्मीदवारों ने विभिन्न पदों के लिए अपने नामांकन दाखिल किए थे जिनकी विस्तृत छानबीन के दौरान 26 नामांकन रद्द पाए गए थे।

# परीक्षा घोटाला: मेहनती छात्रों को मिल रही मौत, माफियाओं को संरक्षण: मनीष सरीन

अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2022 के पूर्व प्रत्याशी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनीष सरीन ने देशभर में लगातार सामने आ रहे परीक्षा घोटालों, नीट परीक्षा विवाद और युवाओं की आत्महत्याओं को लेकर केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश का युवा अब केवल बेरोज़गारी से नहीं, बल्कि भ्रष्ट और संवेदनहीन व्यवस्था से भी लड़ रहा है। मनीष सरीन ने लखीमपुर खीरी के 21 वर्षीय छात्र ऋतिक मिश्रा की आत्महत्या का उल्लेख करते हुए कहा कि उसके अंतिम शब्द अब नहीं देनी प्रतियोगी परीक्षा पूरे देश के करोड़ों युवाओं की टूट चुकी उम्मीदों की चीख हैं। उन्होंने कहा कि तीसरी बार नीट की तैयारी कर रहा एक मेहनती छात्र परीक्षा रद्द होने के बाद मानसिक रूप से इस कदर टूट गया कि उसने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। गोवा में भी एक नीट अभ्यर्थी की आत्महत्या ने देश को झकझोर दिया है। सरीन ने कहा कि ये बच्चे परीक्षा में असफल नहीं हुए, बल्कि व्यवस्था की सड़ांध ने इन्हें मौत की ओर धकेल दिया। यह आत्महत्या नहीं, बल्कि सिस्टम द्वारा की गई हत्या है।



उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2015 से 2026 तक देश में लगभग 148 परीक्षा घोटाले सामने आए, जिनमें 87 परीक्षाएँ रद्द करनी पड़ीं और करीब 9 करोड़ युवाओं का भविष्य अंधकार में चला गया। इसके बावजूद आज तक किसी बड़े अधिकारी या राजनीतिक संरक्षण प्राप्त व्यक्ति पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों की जांचों के बाद भी बड़े चेहरे कानून की पकड़ से बाहर हैं, जबकि लाखों मेहनती छात्र अवसाद, निराशा और बेरोज़गारी का दंश झेल रहे हैं। मनीष सरीन ने कहा कि नीट, एआईपीएमटी और अन्य मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक, सॉल्वर गिरोह और फर्जीवाड़े का सामने आना इस बात का प्रमाण है कि देश की शिक्षा और भर्ती व्यवस्था पूरी तरह खोखली हो चुकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थियों को कर्तव्यों के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल भरमौर में का भव्य आयोजन किया गया। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन, टीमवर्क तथा सेवा भावना का विकास करना रहा। इस अवसर पर चयनित छात्र प्रतिनिधियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा उन्हें विद्यालय के नियमों का ईमानदारी और समर्पण के साथ पालन करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं अध्यापकगण ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र प्रतिनिधि विद्यालय की पहचान होते हैं और उन्हें अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कर्तव्यों का निष्ठा, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नेतृत्व की जिम्मेदारी मिलने पर गर्व व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया कि चयनित छात्र अपने उत्कृष्ट आचरण और नेतृत्व क्षमता से विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। यह आयोजन विद्यालय में लोकतांत्रिक मूल्यों एवं जिम्मेदार नागरिकता की भावना को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

### सरकाघाट शहरी निकाय मतदान की तैयारियां पूरी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट में शहरी निकाय चुनाव के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान 17 मई को सुबह 7 बजे से शाम 3 बजे तक होगा। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम राजेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि सात वार्डों में मतदान के लिए 7 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कुल 7 मतदान पार्टियों में 36 मतदान कर्मी और 22 सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं। प्रत्येक पार्टी में 4 मतदान कर्मी और 2 सुरक्षा कर्मी शामिल हैं। सभी टीमों को पूर्वाभ्यास के बाद मतदान सामग्री के साथ केंद्रों के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि मतदान के बाद ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा में मतगणना केंद्र पहुंचाया जाएगा। नगर परिषद सरकाघाट में कुल 3,794 मतदाता मतदान करेंगे, जिनमें 1,871 पुरुष और 1,923 महिला मतदाता शामिल हैं। इस बार 10 नए मतदाता और 35 वरिष्ठ नागरिक भी मतदान में भाग लेंगे।

### पधर में विद्यार्थियों ने समझा मतदान का महत्व

**अनंत ज्ञान, पधर।** पधर स्थित गुरुकुल पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में शनिवार को मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के अधिकार, उसकी उपयोगिता और लोकतंत्र में नागरिकों की भूमिका के प्रति जागरूक करना था। कक्षा 5वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप देने के लिए हेड बॉय और हेड गर्ल का चुनाव भी मतदान के माध्यम से कराया गया, जिसमें कक्षा 11वीं के दीपक को हेड बॉय और प्रांजल को हेड गर्ल चुना गया। इसके साथ ही चित्रकला और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला में तमन्ना प्रथम, जीवन और सानिया संयुक्त रूप से द्वितीय रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में पूनम प्रथम और खुशबू द्वितीय स्थान पर रहीं। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है, जिसे हर नागरिक को निभाना चाहिए।

### जल शक्ति विभाग की समीक्षा बैठक अगले हफ्ते

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग ने आगामी सप्ताह में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया है। बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति, पेयजल व्यवस्था और लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। विभागीय निर्देशों के अनुसार बैठक में जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता शामिल होंगे। इसमें कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट, वित्तीय वर्ष 2026-27 की योजना, बजट प्रावधान और विभिन्न योजनाओं की स्थिति पर चर्चा होगी। इसके अलावा पीएमकेएसवाई, अमृत योजना और स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। लंबित ऑडिट आपत्तियों, न्यायालय मामलों और रिक्त पदों पर नियुक्तियों पर भी अधिकारियों से जवाब मांगा जाएगा। गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। विभाग ने सभी अधिकारियों को अद्यतन रिकॉर्ड के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्य अभियंता शिमला ने बैठक की पुष्टि करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों को सूचना भेज दी गई है।

# चंबा के अजय शर्मा ट्राइसिटी क्रिकेट लीग चंडीगढ़ के बने चीफ सिलेक्टर

अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा से संबंध रखने वाले युवा क्रिकेट कोच और पैरा खिलाड़ी अजय शर्मा को ट्राइसिटी क्रिकेट लीग (टीसीएल) चंडीगढ़ का चीफ सिलेक्टर नियुक्त किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से चंबा सहित पूरे प्रदेश में खुशी की लहर है और खेल जगत में इसे गर्व का विषय माना जा रहा है।



अजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि टीसीएल क्रिकेट लीग का आयोजन पहली बार आगामी 2 जून से चंडीगढ़ में किया जा रहा है। यह ट्राइसिटी की एक बड़ी क्रिकेट लीग होगी, जिसमें चंडीगढ़ की 10 स्थानीय टीमें भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के चयन के लिए 20 मई को सिलेक्शन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे, जबकि 25 मई को खिलाड़ियों की ऑक्शन प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

अजय शर्मा ने कहा कि वह इससे पहले कई खेल संगठनों और क्रिकेट अकादमियों के साथ कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा वह इंडिया पैरा क्रिकेट टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं और अपने शानदार प्रदर्शन से देशभर में पहचान बना चुके हैं। उनका नाम वर्ल्ड एक्सीलेंट बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज है। उन्होंने इंडिया पैरा क्रिकेट टीम की ओर से खेलते हुए विश्व रिकॉर्ड कायम किया था। अजय देश के पहले ऐसे पैरा खिलाड़ी हैं जिन्होंने मात्र 50 गेंदों में 176 रन बनाकर नया इतिहास रचा।

अजय शर्मा साई, एनएस-एनआईएस सर्टिफाइड क्रिकेट कोच होने के साथ-साथ आईसीसी लेवल-ए क्रिकेट कोच भी हैं। खेल के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियां युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं। टीसीएल क्रिकेट लीग का चीफ सिलेक्टर नियुक्त होने पर अजय शर्मा ने टीसीएल से जुड़े अभिमन्यु कुमार, शैलेंद्र सिंह, कर्म सहगल, विनोद चंदेल, डिजिटल जिला टीम तथा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।

# चंबा में नाबालिग अपहरण और मारपीट सहित पांच मामले दर्ज

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला पुलिस चंबा द्वारा विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए एक ही दिन में 5 अभियोग दर्ज किए गए हैं। इनमें नाबालिग लड़की के कथित अपहरण, मारपीट, रास्ता रोककर हमला करने व तेज रफ्तार के कारण हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना जैसे मामले शामिल हैं। सभी मामलों में पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

सबसे गंभीर मामला महिला पुलिस थाना चंबा में दर्ज किया गया, जहां शिकायतकर्ता रमेश कुमार ने देवेंद्र नामक व्यक्ति पर अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण का आरोप लगाया है।

वहीं एक अन्य मामले में महंत राजेंद्र ब्रह्मचारी ने मंजू शर्मा के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। आरोप है कि महिला ने उनके घर के आंगन में घुसकर उनके साथ मारपीट की। घटना के बाद इलाके में काफी चर्चा बनी हुई है। उधर पुलिस थाना सदर में भी मारपीट और रास्ता रोकने के दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। शिकायतकर्ता प्रीतम कुमार ने आरोप लगाया कि एक मोटरसाइकिल चालक ने उनका रास्ता रोककर उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। वहीं जागो राम ने ज्ञान सिंह निवासी साहो पर रास्ता रोककर मारपीट करने और धमकाने का आरोप लगाया है। दोनों मामलों में पुलिस जांच जारी है।

इसी बीच तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का एक मामला दर्दनाक हादसे में बदल गया। पुलिस थाना सदर में दर्ज शिकायत के अनुसार कार संख्या एचपी-48बी 5540 कुरान्ह के पास अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण वाहन चालक बरफू राम द्वारा तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाना बताया गया है।

लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों ने जिले में कानून व्यवस्था और सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से बताया गया है कि सभी मामलों में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल स्पर्धा के लिए हिमाचल की टीम रवाना

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश की अंडर-19 छात्राओं की बास्केटबॉल टीम केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में 22 से 26 मई तक आयोजित होने वाली 76 वीं राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सरकाघाट से रवाना हुई। टीम के रवाना होने पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रदेश की इस टीम ने प्रतियोगिता से पहले सरकाघाट स्थित प्रदेश के एकमात्र गर्ल्स बास्केटबॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल में 15 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया।

इस शिविर में राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक राकेश ठाकुर ने खिलाड़ियों को आधुनिक तकनीकों, फिटनेस और टीम समन्वय का विशेष प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान खिलाड़ियों ने कठिन अभ्यास कर अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दिया। प्रदेश की टीम में कशिश राय, काव्या पंडित, दिया, दिक्षिता, आराध्या, सुखमन, देविका, काव्या शर्मा और जसलीन कौर सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं। टीम प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार नजर आ रही है।



रवाना होने से पहले हिमाचल की टीम के साथ कोच। अनंत ज्ञान

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा, महासचिव मनीष शर्मा, नगर परिषद सरकाघाट के पूर्व अध्यक्ष संदीप वशिष्ठ, पूर्व उपाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान राजेश कौंडल अश्वनी गुलेरिया पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी अनूप बनयाल, प्रशांत सकलानी, अतुल शर्मा और नरेंद्र ठाकुर सहित कई खेल प्रेमियों ने टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि हिमाचल की बेटियां राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**
मुकदमा इन्द्राज जन्म तिथी ।
पेशी- 16.06.2026
**निर्मला देवी पुत्री श्री फूमन राम गांव व डाकघर धनोटु तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0**
**बनाम**
1. आम जनता 2. सचिव गम पचायत डढम्ब 3. सी0एम0ओ0 कांगडा स्थित धर्मशाला
**विषय- बाबत इन्द्राज जन्म एवं मृत्यु तिथी अधीन जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत जन्म प्रमाण पत्र लेने वारे।**
उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थीयां ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि जिसमें लिखा है कि उसका जन्म दिनांक 19.08.1965 गांव व डाकघर धनोटु में हुआ है परन्तु अज्ञानतावश इसका इन्द्राज ग्राम पंचायत डढम्ब तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के रिकार्ड में दर्ज नहीं हुआ है। प्रार्थीया उक्त जन्म तिथी को दर्ज करवाना चाहती है। इस संदर्भ में Addl. District Registrar-cum Chief medical officer ·Ô¤ Recommandation letter No. HFW/ KGR/ ST (Delayed) (B&D) /2025/2089 date 08.05.2026 द्वारा भी इस वारे इस कार्यालय को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने वारे प्रेषण किया गया है। अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में यदि आम जन्ता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथी को ग्राम प्रचायत डढम्ब विकास खण्ड रैत के रिकार्ड के जन्म रजिस्टर में दर्ज करवाने वारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस कार्यालय में दिनांक 16.06.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा। आज दिनांक 08-05-28 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**
मुकदमा इन्द्राज जन्म तिथी ।
पेशी- 16.06.2026
बीना देवी पुत्री स्व. श्री भूमि सिंह निवासी गांव उपरला भन्यार (जलाडी) तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 अब पत्नी श्री जोगिन्द्र सिंह निवासी गांव तलियाल डाकखाना डोल तहसील ज्वाली जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।
**बनाम**
1. आम जनता 2. सचिव ग्राम पंचायत मझग्रां 3. सी0एम0ओ0 कांगड़ा स्थित धर्मशाला।
**विषय - बाबत इन्द्राज जन्म एवं मृत्यु तिथी अधीन जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत जन्म प्रमाण पत्र लेने वारे।**
उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थीयां ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि जिसमें लिखा है कि उसका जन्म दिनांक 03.05.1967 गांव उपरला भन्यार में हुआ है परन्तु अज्ञानतावश इसका इन्द्राज ग्राम पंचायत मझग्रां तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के रिकार्ड में दर्ज नहीं हुआ है। प्राथीया उक्त जन्म तिथी को दर्ज करवाना चाहती है। इस संदर्भ मे Addl. District Registrar-cum Chief medical officer ·Ô¤ Recommandation letter No. HFW/ KGR/ ST (Delayed) (B&D)/ 2025/ 1927 date 27.04.2026 द्वारा भी इस वारे इस कार्यालय को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने वारे प्रेषण किया गया है। अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में यदि आम जन्ता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथी को ग्राम पंचायत मझग्रां विकास खण्ड रैत के रिकार्ड के जन्म रजिस्टर में दर्ज करवाने वारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस कार्यालय में दिनांक 16.06.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा। आज दिनांक 08.05.26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**

**In the court of Gaggan Deep, Naib-Tehsildar cum Assistant Collector 2nd Grade, Dheera, District Kangra H.P.**
Case No. 813228/2026
Date of Hearing 16-06-2026
**Case Title: Balbir Singh V/s Prabhat Kumar & Ors.**
**Case Type:** Partition of land comprised in land khata No. 122 khatoni No. 170, khasra kita 06 area measuring 00-05-99 hectare at mohal Sanwar mauza Purba, Tehsil Dheera District, Kangra HP under section 123 of HPLRA, 1954.
Notice to the General public under section 23 of HPLRA, 1954.
**Whereas,** applicant Balbir Singh has filed a case under section 123 of Himachal Pradesh Land Revenue Act, 1954 for partition of land described above. In this context, the following respondents No.2. Santosh Kumari d/o Mast Ram, 5.Rishu s/o Shubhi Ram,6.Mamta Devi d/o Subhi, 7. Reeta Devi w/o Subhi, 8. Sandeep Kumar s/o Saroop Chand, 9.Surender Kumar s/o Kartara, 10.Ashok Kumar s/o Kartara have been summoned accordingly but were not present in any hearing. It seems above mentioned respondents do not want to plead this case. **Therefore,** in pursuance of section 23 of Himachal Pradesh Land Revenue Act, 1954 a proclamation/ publication is hereby issued to the above mentioned respondents to be appeared on 16-06-2026 to plea in respect of partition case personally or through his/her recognized agent. In case of non-appearance, the proceedings will continue ex-parte and further necessary action in this matter shall be taken accordingly as per law. Given under my hand and seal on 14-05-2026
**Assistant Collector, 2nd Grade Dheera**

**In the court of Gaggan Deep, Naib-Tehsildar cum Assistant Collector 2nd Grade, Dheera, District Kangra HP**
Case No. 813216/2026
Date of Hearing 16-06-2026
**Case Title: Madhu Bala V/s Akash Rana & Ors.**
**Case Type:** Partition of land comprised in land khata No. 62 khatoni No. 103 to 112 khasra kita 45 area measuring 00-95-15 hectare at mohal Marhoon, Tehsil Dheera District Kangra HP under section 123 of HPLRA, 1954.
Notice to the General public under section 23 of HPLRA, 1954.
**Whereas,** applicant Sanjeev Kumar has filed a case under section 123 of Himachal Pradesh Land Revenue Act, 1954 for partition of land described above. In this context, the following respondents 2. Vikash Rana s/o Parkash Chand,3. Sarla Devi w/o Parkash Chand,4. Ram Nath s/o Dasondhi, 5. Kunal s/o Tilak Raj, 6. Vishal s/o Tilak Raj, 7.Kamlesh Kumari w/o Tilak Raj, 8. Bidhi Chand @ Budh Singh, 9.Karam Chand s/o Saligram, 10.Sunki d/o Saligram, 11.Jagdish Chand s/o Suba Singh and 12.Satish Kumar s/o Banarasi Dass have been summoned accordingly but were not present in any hearing. It seems above mentioned respondents do not want to plead this case. **Therefore,** in pursuance of section 23 of Himachal Pradesh Land Revenue Act, 1954 a proclamation/ publication is hereby issued to the above mentioned respondents to be appeared on 16-06-2026 to plea in respect of partition case personally or through his/her recognized agent. In case of non-appearance, the proceedings will continue ex-parte and further necessary action in this matter shall be taken accordingly as per law. Given under my hand and seal on 14-05-2026
**Assistant Collector 2nd Grade Dheera**

**In the court of Gaggan Deep, Naib-Tehsildar cum Assistant Collector 2nd Grade, Dheera, District Kangra H.P.**
**Subject: - Regarding attestation of mutation No. 177 at mohal Har Tambu, mauza Daroh.**
Notice to the General public under section 23 of HPLRA, 1954.
**Whereas,** the mutation No. 177 has been entered in compliance of decree passed by the hon'ble court of Additional District Judge Plamapur on dated 22-04-2025 bearing CIS C.A. No. 45/2020, as per will dated 8-11-1989 bearing registration No. 231/198, in favour of Ramesh Kumar and Desh Raj both son of Khaili Ram. **Whereas,** the parties 1. Sudesh d/o Sm. Bishambri 2.Surjeet s/o Bishambri 3. Ritu d/o Bishambri 4. Subhash Chand s/o smt. Urmilla Devi 5. Parveen Kumar s/o Urmilla Devi 6.Laxmi Chaya d/o Urmilla Devi were duly summoned and intimated to be appeared during the mutation tour of undersigned at mohal Har Tambu, mauza Daroh. But no one from above mentioned parties remained present during the due course of mutation. Therefore, above mentioned parties are hereby ordered to remain present personally or through his/her recognized agent on dated 15-06-2026 during the due course of mutation. In case of non-appearance, the proceedings will continue ex-parte and further necessary action in this matter shall be taken accordingly as per law. Given under my hand and seal on 16-05-2026
**Assistant Collector 2nd Grade Dheera**

**जब** तक भारत का राजकाज अपनी भाषा में नहीं चलेगा तबतक हम यह नहीं कह सकते कि देश में स्वराज है।

–मोरारजी देसाई

## संपादकीय

# लोकतंत्र का सवाल ?

हिमाचल प्रदेश में इन दिनों चुनावी माहौल पूरी तरह चरम पर है। एक ओर शहरी निकाय चुनावों को लेकर राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंक दी है, वहीं दूसरी ओर पंचायत चुनावों की सरगर्मियां भी गांव-गांव तक पहुंच चुकी हैं। चुनाव चिन्ह आवंटित हो चुके हैं, प्रत्याशी घर-घर जाकर वोट मांग रहे हैं और अपने वादों का पिटारा खोल रहे हैं। लोकतंत्र का यही उत्सव भारत की सबसे बड़ी ताकत माना जाता है लेकिन इस बार हिमाचल के पंचायत चुनावों में जो तस्वीर सामने आई है, उसने कई गंभीर सवाल भी खड़े कर दिए हैं।

प्रदेश की 104 पंचायतों का निर्विरोध चुना जाना पहली नजर में सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण लग सकता है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा ऐसी पंचायतों को 25-25 लाख रुपए देने की घोषणा के बाद निर्विरोध चुनावों की संख्या तेजी से बढ़ी। सरकार का तर्क है कि इससे गांवों में आपसी भाईचारा बढ़ेगा, चुनावी कटुता कम होगी और पंचायतों को अतिरिक्त विकास निधि भी मिलेगी। विकास की दृष्टि से यह पहल आकर्षक दिखाई देती है, लेकिन लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के संदर्भ में यह बहस का विषय बन गई है।

लोकतंत्र केवल विकास योजनाओं या आर्थिक प्रोत्साहनों का नाम नहीं है, बल्कि यह जनता के मताधिकार के प्रयोग की प्रक्रिया है। चुनाव का वास्तविक अर्थ ही यह है कि जनता विभिन्न उम्मीदवारों के बीच अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुने। जब चुनाव बिना मतदान के समाप्त हो जाएं, तो लोकतंत्र की आत्मा कहीं न कहीं कमजोर पड़ती दिखाई देती है। निर्विरोध चुनावों को पूरी तरह गलत नहीं कहा जा सकता, क्योंकि कई बार गांव की सहमति और सामाजिक एकता के कारण ऐसा संभव होता है, लेकिन यदि इसके पीछे आर्थिक प्रलोभन प्रमुख कारण बन जाए, तो स्थिति चिंताजनक हो जाती है।

यह सवाल भी महत्वपूर्ण है कि क्या 25 लाख रुपए की घोषणा ने लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा को प्रभावित किया? क्या लोगों ने गांव के विकास के नाम पर चुनावी मुकाबले से दूरी बनाई? यदि ऐसा हुआ है तो यह स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा नहीं कही जा सकती। लोकतंत्र में मुकाबला, बहस और विचारों की विविधता जरूरी होती है। चुनाव केवल जीत-हार का खेल नहीं, अपितु जनता को अपनी बात रखने और प्रतिनिधि चुनने का अधिकार देने की प्रक्रिया है। यदि यह प्रक्रिया सीमित हो जाए तो लोकतंत्र केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगा।

दूसरी ओर, 2000 से अधिक दावेदारों द्वारा नामांकन वापस लेना भी कई सवाल पैदा करता है। यदि इन उम्मीदवारों को चुनाव नहीं लड़ना था तो उन्होंने नामांकन क्यों भरा? क्या उन पर राजनीतिक या सामाजिक दबाव था? क्या उन्हें समझौते के तहत पीछे हटाया गया? या फिर यह केवल रणनीतिक राजनीति का हिस्सा था? इतनी बड़ी संख्या में नामांकन वापसी को सामान्य घटना नहीं माना जा सकता। यह चुनावी प्रक्रिया की गंभीरता पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

चुनाव लोकतंत्र का पर्व माना जाता है। इसमें जनता की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण होती है लेकिन यदि चुनाव केवल औपचारिकता बनकर रह जाएं, तो आम लोगों का लोकतंत्र पर विश्वास कमजोर पड़ सकता है। पंचायतें गांव की सरकार होती हैं। यहीं से लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होती हैं। यदि गांव स्तर पर ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और मतदान की परंपरा कमजोर होगी, तो इसका प्रभाव बड़े लोकतांत्रिक ढांचे पर भी पड़ेगा।

हालांकि इस पूरे मुद्दे का दूसरा पक्ष भी है। पंचायत चुनावों में अक्सर व्यक्तिगत रंजिशें बढ़ जाती हैं, गांवों में गुटबाजी पैदा होती है और चुनाव के बाद सामाजिक तनाव लंबे समय तक बना रहता है। ऐसे में यदि गांव आपसी सहमति से प्रतिनिधि चुनते हैं तो इसे पूरी तरह नकारा भी नहीं जा सकता। कई राज्यों में निर्विरोध पंचायतों को प्रोत्साहित करने की परंपरा पहले से रही है लेकिन यहां यह ध्यान रखना जरूरी है कि सहमति स्वाभाविक होनी चाहिए, न कि आर्थिक प्रोत्साहन या दबाव के कारण।


सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्विरोध चुनाव लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का माध्यम न बनें। यदि किसी उम्मीदवार को चुनाव लड़ने से रोका गया, दबाव डाला गया या किसी प्रकार की राजनीतिक सौदेबाजी हुई, तो यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत होगा। चुनाव आयोग और प्रशासन को भी इस दिशा में सतर्क रहने की आवश्यकता है।

लोकतांत्रिक मूल्यों वाले हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, अपितु सामाजिक चेतना और जनभागीदारी का प्रतीक रहे हैं। इसलिए यह जरूरी है कि चुनाव निष्पक्ष, स्वतंत्र और प्रतिस्पर्धात्मक हों। लोकतंत्र की असली जीत तभी होगी जब हर मतदाता अपने मताधिकार का स्वतंत्र रूप से प्रयोग करे और हर इच्छुक उम्मीदवार को चुनाव लड़ने का समान अवसर मिले।

निर्विरोध पंचायतों को विकास निधि देना बुरा नहीं है, लेकिन लोकतंत्र की कीमत पर किसी भी प्रकार का प्रोत्साहन उचित नहीं कहा जा सकता। विकास और लोकतंत्र दोनों साथ-साथ चलें, यही सबसे बड़ा संतुलन है। हिमाचल के वर्तमान पंचायत और निकाय चुनावों ने यही सोचने पर मजबूर किया है कि कहीं लोकतंत्र की बुनियादी भावना धीरे-धीरे कमजोर तो नहीं पड़ रही। ■

## आज की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध गजल सम्राट




पंकज उधास
जन्म : 17 मई, 1951
मृत्यु : 26 फरवरी, 2024

**पंकज उधास** भारतीय गजल गायकी का वह नाम हैं, जिन्होंने गजल को आम लोगों तक पहुंचाकर उसे नई पहचान दी। उनका जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के जेतपुर में हुआ था। संगीत से जुड़े परिवार में जन्मे पंकज उधास ने अपने बड़े भाइयों मनहर उधास और निर्मल उधास से प्रेरणा लेकर संगीत की दुनिया में कदम रखा। उन्होंने मुंबई के सेंट जेवियर्स कॉलेज में पढ़ाई की और शास्त्रीय संगीत की शिक्षा प्राप्त की।

पंकज उधास ने अपने करियर की शुरुआत फिल्मों में पार्श्वगायन से की, लेकिन उन्हें असली पहचान गजल गायकी से मिली। वर्ष 1980 में उनका पहला गजल एल्बम 'आहट' रिलीज हुआ, जिसने उन्हें लोकप्रियता दिलाई।

उनकी सबसे प्रसिद्ध गजल 'चिट्ठी आई है' ने उन्हें देश-विदेश में अपार लोकप्रियता दिलाई। इसके अलावा 'चांदी जैसा रंग है तेरा', 'ना कजरे की धार', 'जीयें तो जीयें कैसे' और 'आज फिर तुम पे प्यार आया है' जैसे गीत भी बेहद लोकप्रिय हुए। उन्हें संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। 26 फरवरी 2024 को 72 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। ■




कविता

## आज के हालात

डॉ. उर्मिल कौंडल, टीजीटी, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टावा, तहसील बल्ह, जिला मंडी

**देखिए,** आज के हालात, दिन-रात लूट रहे हैं एक-दूसरे को
कत्ल कर रहा है एक भाई दूसरे भाई का। दुश्मन बन गया है
एक मजहब दूसरे मजहब का, लूटते जा रहे हैं आबरू
नौजवान बहनों, बेटियों की। करते जा रहे हैं भ्रूण हत्या कन्याओं की
आखिर क्यों हो रहा है ये सब कुछ? क्या मिल रहा है यह सब करके
सिर्फ अशांति ही न? क्या हम भूल गए हैं
उन महापुरुषों के बलिदान को? भूल गए हैं उनकी शिक्षाओं को?
जो एकता, सद्भावना और भाईचारे की प्रतीक थी।
फिर क्यों हो रहे हैं ये दंगे फसाद, राजनीति, धर्म और
जात पात को लेकर? क्यों बह रहा है खून इस तपोभूमि पर?
आह्वान है मेरा सब देशवासियों से की आओ हम सब मिलकर सबको
एकता, भाईचारे और सद्भावना, का पाठ पढ़ाए ताकि
आज हो रहे अन्याय, शोषण आदि से समाज को मुक्त कराएं।।

# चंबा का दिल ऐतिहासिक चौगान अब संरक्षण की आस में



डॉ. राजेश सहगल
पुरातत्वविद



मैं चौगान हूं... मेरा एक गौरवमयी पुराना इतिहास है। शासन संभालने के कुछ समय बाद ही राजा श्याम सिंह ने शहर को नया रूप देने के लिए राजधानी में भवन निर्माण और अन्य विकास कार्यों की ओर विशेष ध्यान दिया जो कि कई वर्ष लगातार चलता रहा।

राजधानी में अधिकतर इमारतों का निर्माण राजा श्याम सिंह के समय हुआ। इमारतों के निर्माण से पूर्व राजा ने चौगान को समतल किया और इसके क्षेत्रफल को बढ़ाया गया। चंबा के 84 परगनों से मिट्टी लाकर यहां बिछाई गई। मैं इस कारण चंबियालों के भ्रातृभाव का प्रतीक बना। विदेश से घास मंगवा कर लगाई गई। घास के रख रखाव हेतु घास को पानी देने के लिए हाइड्रेंट की व्यवस्था की गई। चौगान के एक तरफ कतार में मुख्य बाजार बनाया गया और चौगान के एक तरफ तीन हवा बंगलू का निर्माण किया गया ताकि वहां से रावी और साथ लगते मंगला क्षेत्र के सौंदर्य को निहारा जा सके।

चौगान के साथ ही कचहरी, डाकखाना, कोतवाली और अन्य भवनों का निर्माण किया गया। चौगान के साथ रेजिडेंसी का निर्माण करने हेतु यहां स्थित लक्ष्मी दामोदर के मंदिर को लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर समूह में स्थानांतरित किया गया। चौगान में लॉन-टेनिस, हॉकी, क्रिकेट, पोलो आदि खेलों का समय-समय पर आयोजन किया गया। अंग्रेजों और स्थानीय लोगों में स्पर्धा करवाई गई। विभिन्न जातरों जैसे खिन्नू जातर चूहा बिल्ली जातर, मिंजर मेला शोभायात्रा, मणिमहेश मेले के समय रात्रि विश्राम इत्यादि का आयोजन होता रहा। लॉर्ड कर्जन लेडी कर्जन उनकी बिटिया, इनके अतिरिक्त डॉ. वोगल, श्रीमान विन ने समय समय पर मेरा उल्लेख किया। विन ने अपने उल्लेख में राजा की दिनचर्या में मेरा उल्लेख किया कि कैसे राजा हाथी पर सवार हो चौगान भ्रमण कर प्रजा का हाल चाल जानते थे। रोज सेना परेड का जायजा लिया जाता। चौगान यानी मेरे दक्षिणी छोर पर सर्किट हाउस (पूर्व में रेजीडेंसी) स्थित है, जो अपने निजी परिसर में बना है। इसका परिसर सुरुचिपूर्ण ढंग से सजाया गया है और अच्छी तरह से रखरखाव किया जाता है। यह एक विशाल इमारत है जो सामान्य शैली में बनी है और सुरुचिपूर्ण ढंग से सुसज्जित है। इसे बनाने के लिए राजवंश के परिवार को यहां से अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया गया था। मूल रूप से यह भवन 1863 से 1885 ई. तक विशेष सेवा पर तैनात यूरोपीय राजनीतिक अधिकारियों के निवास के रूप में बनाया गया था, लेकिन अब इसका उपयोग सर्किट हाउस के रूप में किया जाता है और 1900 में चंबा की अपनी यात्रा के दौरान लॉर्ड और लेडी कर्जन का यहां स्वागत किया गया था, लेकिन आजादी के बाद भारत में रियासत विलय के बाद समृद्ध चंबा व चौगान का ह्रास शुरू हुआ।

शहर के मध्य चौगान या सार्वजनिक सैरगाह है, जो एक सुंदर घास का मैदान है। सार्वजनिक सैरगाह और मनोरंजन स्थल होने के अलावा, चौगान का उपयोग रियासत काल में सभी बड़े राजकीय दरबारों के अवसर पर भी किया जाता था, लेकिन समय बीतने और असमान भू-धंसाव के कारण चंबा चौगान का ऊपरी भाग असमान हो गया है। अनुचित जल निकासी व्यवस्था ने जमीन में और अधिक उतार-चढ़ाव पैदा कर दिए हैं, जिससे चौगान के धंसने का खतरा मंडरा रहा है। चौगान मैदान चंबा की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान का प्रतीक रहा है। कभी सर्किट हाउस से लेकर शाम सिंह अस्पताल तक फैला चौगान आज लगातार अतिक्रमण, अव्यवस्था और राजनीतिक उदासीनता का शिकार होकर अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। वर्षों से स्थानीय संगठन और जागरूक नागरिक चौगान के संरक्षण की मांग उठाते रहे हैं, लेकिन योजनाएं अधिकतर कागजों तक ही सीमित रह गईं। केंद्र पर्यटन मंत्रालय द्वारा करोड़ों रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत हुईं, विशेषज्ञों ने सर्वेक्षण किए, जल निकासी व्यवस्था और हरियाली बहाली के विस्तृत प्रस्ताव बने, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। चौगान की मूल घास खरपतवारों में विलीन हो चुकी है और कई बार घरों का मलबा तक यहां डाल दिया गया। हर वर्ष सौंदर्यीकरण के नाम पर कार्य तो होते हैं, पर स्थायी समाधान आज तक नहीं निकल पाया।

सबसे बड़ा संकट लगातार बढ़ता अतिक्रमण है। तहबाजारी, खोखे और रेहड़ी-फड़ी के नाम पर चौगान का हरा क्षेत्र सिकुड़ता जा रहा है। हालांकि सरकार ने कई खोखा मालिकों के पुनर्वास के प्रयास किए, फिर भी राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी साफ दिखाई देती है। स्थानीय लोगों ने अदालतों का दरवाजा भी खटखटाया, लेकिन आज भी चौगान न्याय और संरक्षण की प्रतीक्षा में है। कभी फिल्मों और लोकगीतों में अपनी सुंदरता के लिए प्रसिद्ध चौगान आज अपनी बदहाली पर मौन आंसू बहा रहा है। बुजुर्ग आज भी इसकी पुरानी हरियाली और विशाल स्वरूप को याद कर भावुक हो जाते हैं। यदि समय रहते स्थानीय निवासी और प्रशासन नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियां चौगान को केवल तस्वीरों और गीतों में ही देख पाएंगी। नई नगरपालिका और प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती चौगान के पुराने आकर्षण को पुनर्जीवित करना होना चाहिए। राजनीति से ऊपर उठकर चौगान को अतिक्रमण मुक्त करना और व हरियाली लौटाना ही चंबा की असली विरासत को बचाने का रास्ता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बेशुमार प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध लेकिन सुविधाओं से वंचित हिमाचल



तुलसी राम डोगरा
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर



'क्या हिमाचल में पर्यटन क्रांति आ सकती है?' - उत्तरी भारत में अवस्थित हिमाचल प्रदेश का उल्लेख आते ही इसकी जलवायु ,प्राकृतिक सुषमा, घने वनों की हरियाली से आच्छादित सौंदर्य, धौलाधार शिवालिक की तलहटी पर लकदक चांदी सरीखे बर्फ के नजारे, झील-झरने व नदी-नालों से नाद करते हुए भव्य दृश्य प्राकृतिक प्रेमियों व सैलानियों को यकायक अपनी ओर आकर्षित कर लेते हैं।

इस देवभूमि का प्राकृतिक सौंदर्य शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन है। सर्दियों के मौसम में जब यहां की पहाड़ियां बर्फ की सफेद चादर ओढ़ लेती हैं तो पर्यटक खुद को स्वप्नलोक में पहुंचे हुए पाते हैं। गर्मियों तथा सदाबहार मौसम में सभी टूरिस्ट स्पॉट्स पर पर्यटकों की आवाजाही और कदमताल बढ़ने से राज्य में राजस्व की बढ़ोतरी होती है। वहीं विदेशी सैलानियों की भी इस दौरान अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिलती है। इससे स्थानीय छोटे-बड़े कारोबारियों की आमद में भी इजाफा होने लगता है। राज्य में कुल्लू-मनाली, शिमला, चंबा-डलहौजी, खजियार, धर्मशाला-पालमपुर, मंडी, लाहुल-स्पीति आदि कई चर्चित सैरगाह हैं, जहां प्रतिवर्ष पर्यटकों का सैलाब-सा उमड़ पड़ता है।

दिसंबर से फरवरी तक यहां की अधिकांश धौलाधार पहाड़ियां चांदी सरीखी बर्फ से लबालब रहती हैं। इन पर्यटन स्थलों के अद्भुत व नैसर्गिक सुंदरता की बहुलता को देखकर भला कौन अभिभूत नहीं होगा। इनके अलावा भी इस देवभूमि में पर्यटन की दृष्टि से कई ऐसे अनछुए व अप्रचारित सैरगाह स्थल हैं,जो अभी तक हिमाचल प्रदेश पर्यटन एवं विकास निगम की अनदेखी से उनका पर्यटन की दृष्टि से दोहन नहीं हो पाया है अथवा विभाग द्वारा चिन्हित नहीं हो पाए हैं। हिमाचल प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और समृद्ध संस्कृति के कारण देश-विदेश के पर्यटकों को सदैव आकर्षित करता रहा है। जब भी कोई सैलानी इस देवभूमि में आता है, तो यहां की वादियां, बर्फ से ढके पर्वत, धार्मिक स्थल और लोगों की आत्मीयता उसके मन में अमिट छाप छोड़ जाते हैं। बावजूद इसके, प्रदेश में पर्यटन विकास की गति अभी भी अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। राज्य में अनेक ऐसे रमणीक और धार्मिक पर्यटन स्थल हैं, जो सड़क, रेल और हवाई सुविधाओं के अभाव में आज भी पर्यटकों की पहुंच से दूर हैं। कई सुंदर स्थल सरकारी उपेक्षा के कारण बदहाली का शिकार हैं। जहां पर्यटक सप्ताह भर रुक सकते हैं, वहां मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण वे दो-तीन दिन में ही लौटने को मजबूर हो जाते हैं। यदि इन स्थलों को उचित सड़क, ठहरने की व्यवस्था और प्रचार-प्रसार की सुविधाएं मिलें, तो पर्यटन के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव संभव है।

हिमाचल सरकार द्वारा कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने और धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर स्थापित करने की घोषणा सराहनीय कदम हैं लेकिन योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए तेज गति और ठोस कार्यान्वयन की आवश्यकता है। राज्य के एयरपोर्ट जैसे कांगड़ा, भुंतर और शिमला का विस्तार तथा नियमित हवाई सेवाएं पर्यटन को नई दिशा दे सकती हैं। वहीं, चंबा, खजियार, डलहौजी और मंडी जैसे क्षेत्रों को हवाई संपर्क से जोड़ना स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। पठानकोट-जोगिंदरनगर रेलमार्ग का ब्रॉडगेज में परिवर्तन भी लंबे समय से लंबित है। यदि इस रेलमार्ग का विस्तार मंडी और बिलासपुर तक किया जाए, तो पर्यटन के साथ-साथ औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी।

हिमाचल की संकृति 'अतिथि देवो भव:' की भावना पर आधारित है। इसलिए पर्यटन से जुड़े कारोबारियों, स्थानीय प्रशासन और पुलिस की जिम्मेदारी बनती है कि पर्यटकों को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिले। पर्यटन स्थलों पर सूचना-पटल, मार्गदर्शन केंद्र और बेहतर ट्रांसपोर्ट व्यवस्था उपलब्ध करवाई जानी चाहिए, ताकि यहां आने वाला हर पर्यटक देवभूमि से सुखद अनुभव लेकर लौटे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से आमजन पर बढ़ता महंगाई का बोझ



सुखदेव सिंह
नूरपुर, जिला कांगड़ा




अमेरिका, इसराइल और ईरान के बीच जारी तनाव और युद्ध का प्रभाव पूरी दुनिया पर दिखाई दे रहा है। भारत भी इस वैश्विक संकट से अछूता नहीं रहा। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव समाप्त होते ही तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दामों में लगभग तीन रुपए प्रति लीटर की वृद्धि कर आम आदमी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पहले ही रसोई गैस के दाम बढ़ चुके हैं, ऐसे में अब पेट्रोल-डीजल महंगा होने से महंगाई की मार और गहरी हो गई है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है। इसका सीधा असर भारत पर पड़ा है क्योंकि भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए बड़े पैमाने पर विदेशों पर निर्भर करता है। भारत रूस, सऊदी अरब, यूएई और कतर जैसे देशों से पेट्रोलियम उत्पाद और गैस आयात करता है। यही कारण है कि वैश्विक परिस्थितियों का असर देश के बाजारों और आम लोगों की जेब पर तुरंत दिखाई देता है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि होते ही परिवहन खर्च बढ़ जाता है। इसका असर सब्जियों, खाद्य वस्तुओं, भवन निर्माण सामग्री और दैनिक जरूरतों की वस्तुओं पर पड़ता है। मालभाड़ा बढ़ने से दुकानदार भी सामान महंगे दामों पर बेचने लगते हैं। कई जगहों पर होलसेलर और दुकानदार पश्चिम एशिया संकट का हवाला देकर अपनी मनमर्जी से दाम बढ़ा रहे हैं, जिससे आम जनता परेशान है।

हवाई यात्रा भी आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है। युद्ध शुरू होते ही कई एयरलाइंस कंपनियों ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टिकटों के दाम कई गुना बढ़ा दिए। खाड़ी देशों में लगभग 90 लाख भारतीय रोजगार के लिए रहते हैं। उनके लिए यह समय किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। पहले जहां भारत आने के लिए सामान्य टिकट 600 दिरहम तक मिल जाती थी, वहीं अब टिकटों की कीमतें कई गुना बढ़ चुकी हैं। सबसे अधिक परेशानी ब्लू कॉलर मजदूरों और मध्यम वर्ग को हो रही है।

रसोई गैस की सप्लाई को लेकर भी लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने गैस की नियमित आपूर्ति बनाए रखने के लिए 45 दिन बाद सिलेंडर देने का नियम लागू किया है। उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बुकिंग करनी पड़ रही है, लेकिन ग्रामीण और गरीब वर्ग के लिए यह प्रक्रिया आसान नहीं है। कई गैस एजेंसियां समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं करवा पा रही हैं, जिसके कारण लोग घंटों धूप में इंतजार करने को मजबूर हैं। हालांकि, पेट्रोल-डीजल की कीमतों के लिए केवल केंद्र सरकार को दोष देना उचित नहीं कहा जा सकता। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से दुनिया के कई देशों में भारत से अधिक महंगाई देखने को मिल रही है। केंद्र सरकार ने पहले भी रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदकर देशवासियों को राहत देने का प्रयास किया था। इसके अलावा भारत और यूएई के बीच ऊर्जा, रक्षा और आर्थिक क्षेत्रों में कई समझौते हुए हैं ताकि भविष्य में ऊर्जा संकट को कम किया जा सके।

आज प्रत्येक घर में वाहन बढ़ गए हैं और पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता लगातार बढ़ती जा रही है। पहले गांवों में लकड़ी और गोबर के उपलों से चूल्हे जलते थे, लेकिन आधुनिक जीवनशैली ने जरूरतों को कई गुना बढ़ा दिया है। यही कारण है कि ऊर्जा संकट का सीधा असर लोगों की जिंदगी पर पड़ता है। जरूरत इस बात की है कि सरकार बाजार में कालाबाजारी और मनमानी रोकने के लिए सख्त कदम उठाए। साथ ही आम लोगों को भी अपनी आवश्यकताओं को सीमित कर संसाधनों का सही उपयोग करना चाहिए। सादगी और वास्तविकता की ओर लौटकर ही महंगाई और संकट के इस दौर में जीवन को संतुलित बनाया जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल में इस बार पंचायती राज चुनाव में खूब हो रहा है डिजिटल प्रचार



डॉ नितिका शर्मा
भोरंज, जिला हमीरपुर




हिमाचल प्रदेश में इस बार पंचायती राज और शहरी निकाय चुनावों में चुनावी प्रचार का स्वरूप तेजी से बदलत रहा है। पारंपरिक प्रचार माध्यमों की जगह अब सोशल मीडिया और डिजिटल तकनीक ने ले ली है। जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य और नगर निकायों के उम्मीदवार चुनाव चिन्ह मिलने के साथ ही फेसबुक, व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डिजिटल पोस्टरों और वीडियो के माध्यम से व्यापक प्रचार कर रहे हैं। पहली बार पंचायत चुनावों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक से तैयार पोस्टरों और प्रचार सामग्री का खुलकर उपयोग देखने को मिल रहा है।

इस बदलते चुनावी माहौल ने प्रचार के तरीके में कई बड़े परिवर्तन किए हैं। पहले पंचायत चुनावों में छोटे-बड़े पोस्टर, बैनर और पंपलेट छपवाने पर उम्मीदवार भारी खर्च करते थे, लेकिन इस बार डिजिटल प्रचार के कारण प्रिंटिंग खर्च में काफी कमी आई है। शहरों और कस्बों में केवल चुनिंदा स्थानों पर बड़े फ्लैक्स दिखाई दे रहे हैं, जबकि अधिकांश प्रचार मोबाइल स्क्रीन तक सीमित हो गया है। इससे उम्मीदवारों को कम खर्च में अधिक लोगों तक पहुंचने का अवसर मिला है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इस चुनाव में सबसे प्रभावी हथियार बनकर उभरे हैं। खासकर फेसबुक और व्हाट्सऐप पर उम्मीदवारों ने अपने डिजिटल पोस्टरों की मानो बाढ़ ला दी है। जिला परिषद और पंचायत समिति जैसे बड़े स्तर के उम्मीदवार लगातार वीडियो संदेश, जनसभाओं की झलकियां और प्रचार सामग्री साझा कर रहे हैं। वहीं छोटे स्तर के चुनाव लड़ने वाले वार्ड सदस्य उम्मीदवार भी सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। हालांकि उनके मतदाता सीमित क्षेत्र में होते हैं, लेकिन उनका प्रचार सोशल मीडिया के कारण वैश्विक स्तर तक पहुंच रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि गांव का वार्ड सदस्य भी अब 'विश्वव्यापी प्रचार' कर रहा है। तकनीक के इस दौर में एआई आधारित पोस्टर और डिजिटल डिजाइन लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। पहले जहां साधारण बैनर और पोस्टर ही प्रचार का माध्यम होते थे, वहीं अब उम्मीदवार आकर्षक ग्राफिक्स, वीडियो एडिटिंग और डिजिटल स्लोगन के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। इससे चुनाव प्रचार अधिक आधुनिक और पेशेवर नजर आने लगा है। सोशल मीडिया का प्रभाव केवल उम्मीदवारों तक सीमित नहीं है, बल्कि मतदाता भी अब चुनावी चर्चाओं में ऑनलाइन भागीदारी निभा रहे हैं। लोग व्हाट्सएप्प ग्रुपों और फेसबुक पोस्टों के माध्यम से उम्मीदवारों के बारे में चर्चा कर रहे हैं, एक-दूसरे को जानकारी साझा कर रहे हैं और राजनीतिक माहौल को प्रभावित कर रहे हैं। कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी चुनावी प्रचार में सर्, य भूमिका निभा रहे हैं। कुछ राजनीतिक दलों ने तो सोशल मीडिया पर प्रभाव रखने वाले चेहरों को उम्मीदवार तक घोषित किया है। हालांकि डिजिटल प्रचार के कई सकारात्मक पहलू हैं, लेकिन इसके साथ चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। सोशल मीडिया पर गलत सूचनाएं, भ्रामक प्रचार और फर्जी खबरें भी तेजी से फैल सकती हैं। ऐसे में मतदाताओं को जागरूक रहकर सही जानकारी का चयन करना होगा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी ऐसे लोग हैं, जो डिजिटल माध्यमों से पूरी तरह नहीं जुड़े हैं, इसलिए जमीनी संपर्क की अहमियत अभी भी बनी हुई है। कुल मिलाकर हिमाचल के पंचायत और शहरी निकाय चुनावों में डिजिटल तकनीक और सोशल मीडिया ने चुनावी प्रचार को नई दिशा दी है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# नगर निगम चुनाव : आज ईवीएम में कैद होगा 42 प्रत्याशियों का भाग्य

## मंडी शहर में 29244 मतदाता डालेंगे वोट, 36 मतदान केंद्र स्थापित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। रिटर्निंग अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि नगर निगम के 14 वार्डों में पार्षदों के निर्वाचन के लिए 17 मई को प्रात: 7 बजे से अपराहन 3 बजे तक मतदान होगा।

चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम मंडी में कुल 31263 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से 29244 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वार्ड नंबर-14 बेहना से सभी उम्मीदवारों द्वारा नाम वापस लेने के कारण वहां चुनाव नहीं हो रहा है। बेहना वार्ड में कुल 2019 मतदाता हैं। नगर निगम के 14 वार्डों के लिए कुल 42 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

उपायुक्त ने बताया कि नगर निगम मंडी क्षेत्र में 15368 पुरुष तथा 15895 महिला मतदाता शामिल हैं। सबसे अधिक 2892 मतदाता वार्ड नंबर-1 खलियार में हैं, जबकि सबसे कम 1327 मतदाता वार्ड नंबर-8 पैलेस कॉलोनी-1 में दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर-2 पुरानी मंडी में 1812, वार्ड नंबर-3 पड्डल में 1741, वार्ड नंबर-4 नेला में 2227, वार्ड नंबर-5 मंगवाई में 2118, वार्ड नंबर-6 सन्यारड में 1990, वार्ड नंबर-7 तलयाहड़ में 2113, वार्ड नंबर-9 पैलेस कॉलोनी-2 में 2238, वार्ड नंबर-10 सुहड़ा में 2085, वार्ड नंबर-11 समखेतर में 2242, वार्ड नंबर-12 भगवाहन में 2265, वार्ड नंबर-13 थनेहड़ा में 2111 तथा वार्ड नंबर-15 दौंहदी में 2083 मतदाता हैं।

### 413 चुनाव अधिकारी व कर्मचारी तैनात



**डीसी** अपूर्व देवगन ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के संचालन के लिए नगर निगम क्षेत्र में कुल 36 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए 413 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं तथा सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान दलों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है तथा ईवीएम सहित अन्य चुनाव सामग्री संबंधित मतदान केन्द्रों तक पहुंचा दी गई है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

### मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील

**उपायुक्त** ने सभी मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदाता निर्धारित समय के भीतर अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# नगर परिषद चुनाव के लिए किए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नगर परिषद चुनाव के तहत जिले में 17 मई को होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला पुलिस ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। जिले में बनाए गए 95 मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए 249 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की गई है। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, जबकि पुलिस की मोबाइल टीमें लगातार गश्त करेंगी। मतदान प्रक्रिया के दौरान शराब वितरण, धनबल के प्रयोग, डराने-धमकाने और अन्य अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला पुलिस ने आम लोगों से निर्भीक होकर मतदान करने और चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण व सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है।

◆ 95 मतदान केंद्रों पर 249 पुलिस कर्मी तैनात

### जोगिंद्रनगर में 58 मतदान व सुरक्षा कर्मी तैनात

**जोगिंद्रनगर।** नगर परिषद जोगिंद्रनगर के सात वार्डों में मतदान प्रक्रिया को सुचारु तौर पर संपन्न करवाने को जहां 11 मतदान पार्टियों में 44 मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है, तो वहीं सुरक्षा के लिए भी 14 कर्मी तैनात रहेंगे। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएममनीष चौधरी ने बताया कि चुनाव को प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। मतदान को तैनात सभी 7 मतदान पार्टियों को तीसरी वह अंतिम चुनावी रहर्सल के उपरांत मतदान सामग्री के साथ संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। इन प्रत्येक मतदान पार्टियों में 4-4 मतदान कर्मी व 2-2 सुरक्षा कर्मी तैनात हैं। उन्होंने बताया कि 17 मई को प्रातः 7 बजे से सायं 3 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। इसके उपरांत मतों की गिनती के लिए ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा के लिए मतगणना केंद्र में लाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जोगिंद्रनगर में हुई मतगणना रिहर्सल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नगर परिषद जोगिंद्रनगर के आगामी चुनाव-2026 के दृष्टिगत मतगणना प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से काउंटिंग रिहर्सल का आयोजन किया गया। इस रिहर्सल में कुल 29 कर्मचारियों ने भाग लिया। रिहर्सल के दौरान 4 काउंटिंग सुपरवाइजर, 8 काउंटिंग असिस्टेंट सहित अन्य स्टाफ जिसमें कलेक्शन, सीलिंग एवं कम्पाइलेशन कार्यों के लिए तैनात कर्मचारी शामिल रहे। इस अवसर पर तहसीलदार लड़भड़ोल डॉ मुकुल शर्मा तथा मास्टर ट्रेनर खजान सिंह द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को मतगणना प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने कर्मचारियों को मतगणना के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों, पारदर्शिता बनाए रखने तथा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुपालन पर विशेष बल दिया। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### धनोटू में 89 ने मैदान छोड़ा, 573 प्रत्याशी डटे

**अनंत ज्ञान, महादेव।** पंचायतीराज चुनावों को लेकर चुनाव चिन्ह मिलने के फौरन बाद उम्मीदवार घर घर जाकर अपने पक्ष में वोट मांग रहे हैं। 32 पंचायतों वाले विकास खंड धनोटू में अभी भी 573 उम्मीदवार मैदान में डटे हुए हैं। इनमें प्रधान पद के लिए कुल नामांकन 148 थे, जिसमें 15 ने नाम वापस लिए इस तरह मैदान में 133 उम्मीदवार डटे हैं। उपप्रधान पद के लिए 138ने नामांकन भरे थे इनमें 25 ने नाम वापिस लिए एक अनपोज शेष 133मैदान में डटे हैं। वार्ड सदस्य के रूप में 383 ने नामांकन किया था 29ने नाम वापिस लिए और अब 272 उम्मीदवार मैदान में डटे हैं। पंचायत समिति सदस्यों में 60 ने नामांकन भरा था जिसमें 3 नाम वापस लिए और एक अनपोज आया तथा 56 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

### डगवाणधार में हजारों अफीम के पौधे नष्ट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी के पधर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध अफीम की खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए डगवाणधार क्षेत्र के पांच अलग-अलग खेतों में उगाई गई अफीम की फसल को नष्ट किया है। पुलिस टीम ने गश्त और विशेष अभियान के दौरान यहां कुल 16,058 अफीम के पौधे बरामद किए, जिन्हें मौके पर ही नियमानुसार नष्ट कर दिया गया। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान के लिए राजस्व विभाग से भी जानकारी मांगी गई है। जिला पुलिस ने साफ किया है कि नशे और मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि नशे से जुड़ी किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। एसपी मंडी विनोद कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

### पोल से गिरकर बिजली कर्मचारी घायल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के रखोटा क्षेत्र के धोपी गांव में शनिवार को बिजली विभाग से संबंधित निजी कंपनी का एक कर्मचारी कार्य के दौरान पोल से गिरकर घायल हो गया। घायल कर्मचारी की पहचान लेखराम पुत्र बामन निवासी पन्याली के रूप में हुई है, जो पिछले कई वर्षों से ठेकेदार के अधीन मजदूरी का कार्य कर रहा है। जानकारी के अनुसार लेखराम अन्य साथियों के साथ बिजली लाइन पर जंपर उठाने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान वह बिजली के पोल पर चढ़ा हुआ था कि अचानक इंसुलेशन/उपकरण टूटने से उसे फॉल्स लाइट का हल्का झटका लगा, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया। गिरने से उसके हाथ में चोट आई। घटना के समय बिजली आपूर्ति बंद थी तथा मौके पर विभाग का फोरमैन व अन्य कर्मचारी मौजूद थे। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण भी मौके पर एकत्रित हो गए और घायल कर्मचारी को तुरंत नागरिक अस्पताल सरकाघाट पहुंचाया गया। अस्पताल के एसएमओ डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि घायल की स्थिति सामान्य है और उसका उपचार जारी है। वहीं ठेकेदार संतराम ने कर्मचारी के उपचार का पूरा खर्च उठाने और हर संभव सहायता देने की बात कही। बिजली मंडल धोपी के एसडीओ ई. हंसराज ने बताया कि मामले की जांच कर कर्मियों और ठेकेदार से रिपोर्ट तलब की गई है।

### शनिदेव मंदिर कंसा चौक में लगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, भौर।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध कंसा चौक स्थित शनिदेव मंदिर परिसर में शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वट सावित्री व्रत, शनि जयंती तथा ज्येष्ठ अमावस्या के शुभ अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने शनिदेव मंदिर में माथा टेककर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके साथ ही मंदिर परिसर में आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें क्षेत्र सहित दूरदराज से लोग पहुंचते हैं। भंडारे के सफल आयोजन में स्थानीय युवाओं और श्रद्धालुओं ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग दिया।

### वृद्ध आश्रम में योग कर बुजुर्ग जी रहे निरोग जीवन

**अनंत ज्ञान, महादेव।** आयुष विभाग उपमंडल सुंदरनगर द्वारा योग सर्वोदय योजना के तहत सुंदरनगर स्थित वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों को नियमित रूप से योग एवं शारीरिक क्रियाएं करवाई जा रही हैं, ताकि वे निरोग और व्यवस्थित जीवन जी सकें। उपमंडल सुंदरनगर के करीब आधा दर्जन योग गाइड इस कार्य में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। योग गाइड राजेंद्र कुमार ने बताया कि बुजुर्गों को सूक्ष्म व्यायाम, कपालभाति प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी प्राणायाम तथा ध्यान करवाया जाता है। इससे बुजुर्ग मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सके और बिना चिंता के अपना जीवन व्यतीत कर सकें। उन्होंने बताया कि योग के माध्यम से बुजुर्गों को निरोगी जीवन जीने की प्रेरणा मिल रही है। वृद्ध आश्रम में रह रहे बुजुर्ग भी योग गाइडों की सेवाओं से काफी प्रसन्न हैं। उनका कहना है कि योग से उन्हें शारीरिक लाभ के साथ मानसिक शांति भी मिल रही है। उप मंडलीय आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विक्रम राणा इस कार्य में विशेष रुचि ले रहे हैं। वह यह सुनिश्चित करते हैं कि वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों को योग सेवाएं लगातार मिलती रहे। आयुष विभाग समय-समय पर यहां चिकित्सा शिविर भी आयोजित करता रहता है, ताकि बुजुर्गों को योग के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ भी मिलता रहें।

# पंचायतीराज चुनाव: जिले में 10391 उम्मीदवार मैदान में

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंडी जिला में पंचायती राज चुनावों के लिए अब 10391 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। उन्होंने बताया कि कुल 14562 वैध प्रत्याशियों में से 2845 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए हैं, जबकि 1326 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने बताया कि निर्विरोध निर्वाचित प्रत्याशियों में पंचायत समिति सदस्य के 4, प्रधान के 9, उपप्रधान के 12 तथा वार्ड सदस्य के 1301 प्रत्याशी शामिल हैं।

उपायुक्त ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान कुल 14614 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे, जिनमें से 52 उम्मीदवारों के नामांकन रद्द किए गए थे। इसके बाद नाम वापसी की प्रक्रिया में जिला परिषद सदस्य पद के लिए 22, पंचायत समिति सदस्य के लिए 137, प्रधान पद के लिए 689, उपप्रधान पद के लिए 786 तथा वार्ड सदस्य पद के लिए 1211 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस लिए।




◆ 1326 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

उन्होंने बताया कि सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं, जिसके बाद उम्मीदवार अब अपने चुनाव चिन्ह के साथ प्रचार कर सकेंगे। पंचायती राज चुनाव 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में प्रात: 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

# मतदान दल मतदान केंद्रों के लिए रवाना

## सुंदरनगर नगर परिषद क्षेत्र के 20 मतदान केंद्रों के लिए कुल 26 मतदान दल गठित

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** नगर परिषद सुंदरनगर चुनाव के तहत मतदान कर्मियों के लिए आयोजित तीसरी एवं अंतिम रिहर्सल के उपरांत मतदान दलों को राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सुंदरनगर के सभागार से उनके संबंधित मतदान केंद्रों के लिए मतदान सामग्री सहित रवाना किया गया। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र के 20 मतदान केंद्रों के लिए कुल 26 मतदान दल गठित किए गए हैं। इनमें से 20 दलों को उनके गंतव्य के लिए भेजा गया, जबकि 6 दलों को आरक्षित श्रेणी में रखा गया है।

उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कुल 156 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती की गई है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर 4 मतदान कर्मियों तथा 2 सुरक्षा कर्मियों को नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त नगर परिषद सुंदरनगर क्षेत्र में 5 सेक्टर अधिकारियों की भी तैनाती की गई है। अमर नेगी ने बताया कि मतदान दलों को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए 3 बसों तथा 3 छोटी गाड़ियों की व्यवस्था की गई है।



मतदान केंद्रों के लिए रवाना होता एक मतदान दल। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार कर रहे प्रत्याशियों के लिए 17 मई तक अथवा मतगणना समाप्ति तक चुनाव प्रचार पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान कोई भी व्यक्ति चुनाव प्रचार करते हुए पाया जाता है तो इसे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने बताया कि 17 मई को प्रात: 7 बजे से सायं 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान समाप्त होने के उपरांत ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सुंदरनगर स्थित मतगणना हॉल में लाया जाएगा।

# माकपा ने पंचायत चुनावों को बनाई रणनीति

## टिहरा वार्ड में बदलाव लाने के लिए वोट डालने की अपील

## सरी जिला परिषद वार्ड से सपना को समर्थन देने का ऐलान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा)की टिहरा क्षेत्रीय कमेटी की बैठक कामरेड प्रकाश सकलानी की अध्यक्षता में टिहरा में आयोजित की गई जिसमें पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य एवं पूर्व ज़िला पार्षद भूपेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।बैठक में पंचायत चुनावों विशेषतौर पर चार जिला परिषद वार्डों के बारे में रणनीति तैयार की गई।

पार्टी ने जिला परिषद वार्ड सरी से उम्मीदवार सपना देवी को समर्थन देने का निर्णय लिया गया। वहीं टिहरा,सोहर तथा नबाही वार्डों से उपयुक्त उमीदवारों को समर्थन करेंगे। माकपा टिहरा जिला परिषद वार्ड से परिवारवाद, तानाशाही और भृष्टतंत्र के खिलाफ और बदलाव के लिए मतदान करने की अपील मतदाताओं से करेगी। इसके अलावा सोहर और नबाही ज़िला परिषद वार्डों और पंचायत समिति, प्रधान, उपप्रधान एवं वार्ड पंच के लिए पंचायती राज, ग्रामीण विकास, समाजिक मुद्दों व जनता के रोज़मर्रा के मुद्दों एवं समस्याओं को हल करने की क्षमता रखने वाले उम्मीदवारों की मदद की जायेगी और उन्हें जीत दिलाई जाएगी।



टिहरी में बैठक करते हुए माकपा के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

इसके अलावा पार्टी ने उन उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करेगी जो नशा मुक्ति अभियान, मनरेगा,स्वास्थ्य, शिक्षा, बसों की समस्याओं, महिला सशक्तिकरण इत्यादि मुद्दों पर आवाज़ उठाता रहा है, क्योंकि कुछ उम्मीदवार केवल चुनावों के समय पोस्टरों में लिखने मात्र से ही अपने आप को समाजसेवी, कर्मठ, जुझारू, संघर्षशील दिखाने का काम करते हैं और उससे पहले और बाद में कोई भूमिका समाज में नहीं निभाते हैं। इसलिए ऐसे उमीदवारों को जीताना सही नहीं होता है और हमें राजनीति पार्टी से संबंधता से ऊपर उठ कर उम्मीदवार की काबलियत आधारित समर्थन करना चाहिए।

### धनेड स्कूल में मनाया राष्ट्रीय डेंगू दिवस

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** खंड चिकित्सा अधिकारी बलद्वाडा डॉ. अनिल कुमार के सौजन्य से आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेड में राष्ट्रीय डेंगू दिवस प्रधानाचार्य उर्मिला चंदेल की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें प्रशिक्षित स्वास्थ्य शिक्षक अचला कुमारी ने डेंगू के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अचला कुमारी ने बताया कि डेंगू मच्छरों से होने वाली एक संक्रामक बीमारी है जो मुख्य रूप से संक्रमित मादा एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलती है। और ये मच्छर साफ पानी में पनपते है। अचला कुमारी ने डेंगू के प्रमुख लक्षणों के बारे में बताया जैसे अचानक तेज बुखार आना, गंभीर सर दर्द, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द होना, मांसपेशियों ओर जोड़ो में तेज दर्द होना, त्वचा पर लाल और सफेद दाने, उल्टी और मतली महसूस होना आदि। डेंगू के बचाव के लिए पानी को इकट्ठा न होने दे, टायर, गमले कूलर आदि में एक सप्ताह से अधिक पानी जमा न होने दे। पूरे बाजू के कपड़े पहने। पानी की टंकी पर ढक्कन लगा कर रखें। मच्छरों से बचने के लिए क्रीम और सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करे। इस अवसर पर भाषण और कला प्रतियोगिताएं भी करवाई गईं।

# भड़ियार स्कूल में नवाजे 10वीं के मेधावी विद्यार्थी



सम्मानित मेधावी विद्यार्थी अपने टीचर्स के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय भड़ियार तहसील धर्मपुर में कक्षा दसवीं के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर 84% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर कुमारी आंचल रहीं, उसने 700 में से 661 अंक हासिल किए। द्वितीय स्थान पर रही आयशा ने 629 अंक प्राप्त किए। तृतीय स्थान पर रही सिमरन ने 594 अंक प्राप्त किए। चौथे स्थान पर तानिया ने 590 अंक अर्जित किए।

पांचवें स्थान पर रही सायना ने 578 अंक प्राप्त किए, जबकि छठे स्थान पर रही रजिया ने 576 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज की। राजकीय उच्च विद्यालय भड़ियार का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है।

# हर्बल पार्क सुंदरनगर में लगाए औषधीय पौधे

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत बीएसएल परियोजना में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू

अनंत ज्ञान

**भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बीएसएल परियोजना सुंदरनगर में 16 मई से 30 मई तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत आज हर्बल पार्क सुंदरनगर में पौधारोपण कार्यक्रम के साथ की गई। इस अवसर पर बीएसएल परियोजना सुंदर नगर के उप मुख्य अभियंता कश्मीर सिंह मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा उन्होंने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के महत्व पर विस्तार से जानकारी साझा की।

इस दौरान बीएसएल परियोजना के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। स्वच्छता पखवाड़े के शुभारंभ अवसर पर हर्बल पार्क में बीएसएल परियोजना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रकार के छायादार और औषधीय गुणों वाले पौधे लगाए गए।




बीएसएल परियोजना सुंदर नगर में स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत करते हुए। अनंत ज्ञान

उप मुख्य अभियंता कश्मीर सिंह ठाकुर ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि बीएसएल परियोजना द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के दौरान विभिन्न जागरूकता गतिविधियां, सफाई अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 30 मई तक विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

उन्होंने सभी कर्मचारियों और आम जनता से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने क्षेत्र को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाने में योगदान दें। इस अवसर पर परियोजना में उपस्थित लोगों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलजुलकर कार्य करने का संकल्प भी लिया।

**आस्था** तुलसी माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर गायत्री मंत्रों के साथ यज्ञ में अर्पित कीं आहुतियां

# गायत्री यज्ञ में दिखा आस्था, विज्ञान और प्रकृति संरक्षण का संगम

अनंत ज्ञान

**लक्की शर्मा, करसोग।** ऐतिहासिक नगरी पांगणा में घर-आंगन में तुलसी की क्यारी के समीप संपन्न हो रहे गायत्री यज्ञ और तुलसी पूजन ने एक बार फिर सनातन संस्कृति की आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक परंपराओं को जीवंत कर दिया है। श्रद्धालु परिवारों द्वारा तुलसी माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर गायत्री मंत्रों के साथ यज्ञ आहुतियां अर्पित की जा रही हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा।



भारतीय संस्कृति में तुलसी को केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण और आरोग्य का आधार भी माना गया है। आयुर्वेद के अनुसार तुलसी में औषधीय गुण प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो वातावरण को शुद्ध करने, वायु में उपस्थित हानिकारक जीवाणुओं को कम करने तथा मानसिक तनाव को घटाने में सहायक माने जाते हैं।यह उष्ण होने के कारण कफ-वात शासक है। त्वचा रोगों में इसकी पत्तियां पीस कर लगाते हैं। कास स्वास, ज्वर, प्रतिश्याय आदि की तुलसी प्रसिद्ध दवा है।वैज्ञानिक दृष्टि से भी यज्ञ में प्रयुक्त घी, कपूर, आम की लकड़ी तथा हवन सामग्री से उत्पन्न सुगंधित धुआं वातावरण में उपस्थित कुछ सूक्ष्म जीवाणुओं को नष्ट करने और सकारात्मक वातावरण निर्मित करने में सहायक माना जाता है।

### तुलसी के समीप गायत्री यज्ञ से मिलती है चेतना

**धर्माचार्यों** के अनुसार तुलसी के समीप गायत्री यज्ञ करने से आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है तथा परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और मानसिक संतुलन का संचार होता है। पूजा के दौरान ओम तुलस्यै विद्महे, विष्णु-प्रियायै धीमहि। तन्नो वृन्दा प्रचोदयात।' मंत्रोच्चार तथा गायत्री मंत्र की आहुतियां श्रद्धा और ऊर्जा का अद्भुत वातावरण निर्मित करती हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी निभाई जा रहीं धार्मिक परंपराएं

**विशेषज्ञ** बताते हैं कि सनातन परंपरा में प्रकृति पूजा का गहरा वैज्ञानिक आधार रहा है। वृक्ष, नदियां, पर्वत और औषधीय पौधों को देवतुल्य मानकर उनकी रक्षा का संदेश दिया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण स्वतः जीवन का हिस्सा बन गया। आज जब आधुनिक जीवनशैली में प्रदूषण और मानसिक तनाव बढ़ रहे हैं, तब तुलसी पूजा और गायत्री यज्ञ जैसी परंपराएं मानव और प्रकृति के संतुलित संबंध का प्रेरणादायक संदेश दे रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोग अपने घरों में तुलसी चौरा के पास दीप, मंत्र और हवन के माध्यम से न केवल धार्मिक परंपराओं को निभा रहे हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति के प्रति सम्मान, स्वच्छता और सकारात्मक जीवनशैली का संस्कार भी दे रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### गगरेट नगर पंचायत में चुनावी फैसला आज

अनंत ज्ञान, गगरेट। गगरेट नगर पंचायत में रविवार को मतदान के साथ चुनावी फैसला होने जा रहा है। वार्डों में कांटे की टक्कर के चलते मुकाबला बेहद रोमांचक बन गया है। वार्ड नंबर एक दो पांच और सात में सीधा मुकाबला है जबकि वार्ड तीन में बहुकोणीय और वार्ड चार में त्रिकोणीय संघर्ष है। गगरेट में सुबह से ही मतदान को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। प्रत्याशियों ने अंतिम समय तक प्रचार में पूरी ताकत झोंकी है। अब ईवीएम में बंद मतपेटियां तय करेंगी कि नगर पंचायत की कमान किसके हाथ जाएगी। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि कुछ वार्डों के नतीजे पूरे क्षेत्र के समीकरण बदल सकते हैं। चुनाव को लेकर लोगों में भारी उत्साह और प्रत्याशियों में गहरी बेचैनी बनी हुई है। मतगणना के बाद देर शाम तक परिणाम सामने आने की उम्मीद है। पूरा क्षेत्र परिणामों का इंतजार कर रहा है।

### विधायक सुदर्शन सिंह बबलू को दिया निमंत्रण



अनंत ज्ञान, बड़ूही। बड़ूही क्षेत्र स्थित बाबा भभू शाह वली पीर दरगाह चौकी मन्यार में 20 और 21 मई को वार्षिक धार्मिक समागम धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। आयोजन कमेटी ने कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली हैं। 20 मई की रात को महफिल-ए-कव्वाली में प्रसिद्ध सूफी गायक परवेज आलम अपनी सूफियाना गायकी से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। 21 मई को दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारा एवं अटूट लंगर वितरित होगा। इस अवसर पर आयोजकों ने विधायक सुदर्शन सिंह बबलू को भी आमंत्रण दिया है। कमेटी ने सभी श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद लेने की अपील की है। समागम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

### मोहन में शनि जयंती धूमधाम से संपन्न

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। गंगोट पंचायत के अंतर्गत मोहन शिव मंदिर प्रांगण में स्थित शनि देव मंदिर में शनि जयंती का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शनि देव का विधिवत पूजन अभिषेक तथा हवन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां डालकर सुख-समृद्धि की कामना की। दोपहर बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर कमेटी के अनुसार यह आयोजन हर वर्ष होता है। इस बार महिला मंडल द्वारा संकीर्तन भी प्रस्तुत किया गया जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन में ग्रामीणों ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और श्रद्धालुओं ने आयोजकों का आभार जताया।

### शहरी निकाय चुनावों में मतदान के लिए पहचान पत्र अनिवार्य, 17 वैकल्पिक दस्तावेज भी मान्य

अनंत ज्ञान, ऊना। ऊना में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने जानकारी दी कि 17 मई को शहरी निकायों में मतदान सुबह 7 बजे से सायं 3 बजे तक होगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि मतदान के समय फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ रखें। यदि किसी मतदाता के पास वोटर आईडी नहीं है तो चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित 17 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाकर मतदान किया जा सकता है। इनमें पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, राशन कार्ड, सेवा पहचान पत्र, बैंक पासबुक, छात्र पहचान पत्र सहित अन्य प्रमाण पत्र शामिल हैं। उपायुक्त ने कहा कि अधिक से अधिक मतदान से लोकतंत्र मजबूत होता है। सभी मतदाताओं से समय पर मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई है ताकि शहरी निकाय चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकें।

# पंचायत चुनाव : ऊना जिले में 4532 प्रत्याशी मैदान में

## नाम वापसी के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी, 249 पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्य पदों पर भारी प्रतिस्पर्धा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, ऊना। पंचायती राज चुनावों के तहत ऊना जिले में विभिन्न पदों के लिए कुल 4532 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया 14 और 15 मई को पूरी हुई। 15 मई को अपराह्न 3 बजे के बाद चुनाव चिन्ह वितरित किए गए।

कुल उम्मीदवारों में जिला परिषद के 17 वार्डों के लिए 45, पंचायत समिति की सीटों के लिए 417, जबकि 249 पंचायतों के लिए प्रधान पद के 882, उपप्रधान पद के 960 तथा वार्ड सदस्य पद के 2228 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पंचायत समिति वार्ड पोलियां बीत-23 से एक प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुई है। वहीं जिले की पांच ग्राम पंचायतें पूरी तरह निर्विरोध चुन ली गई हैं। इनमें ऊना उपमंडल की बीनेवाल और उदयपुर, हरोली उपमंडल की जखेवाल और पंडोगा निचला तथा बंगाणा उपमंडल की बोहरू पंचायत शामिल हैं। इसके अलावा भी विभिन्न पंचायतों में अलग अलग पद पर उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

गगरेट ब्लॉक में नामांकन वापसी के दोनों दिनों के दौरान प्रधान पद के 17, उपप्रधान के 22, वार्ड सदस्य के 33, पंचायत समिति सदस्य के 3 तथा जिला परिषद के 2 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिए। इसके बाद अब वहां 41 पंचायतों के लिए प्रधान पद के 162, उपप्रधान के 158 तथा वार्ड सदस्य के 366 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसके अतिरिक्त पंचायत समिति सदस्य के 85 तथा जिला परिषद के 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। इस तरह गगरेट ब्लॉक के तहत विभिन्न पदों के लिए कुल 781 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। बंगाणा ब्लॉक में प्रधान पद के 37, उपप्रधान के 74 तथा वार्ड सदस्य के 102 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिए। वहीं पंचायत समिति के 4 और जिला परिषद के एक उम्मीदवार ने भी नामांकन वापस लिया। इसके बाद अब यहां 49 पंचायतों के लिए प्रधान पद के 176, उपप्रधान के 197 तथा वार्ड सदस्य के 463 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा पंचायत समिति के 76 तथा जिला परिषद के 8 उम्मीदवार मैदान में हैं। अब बंगाणा ब्लॉक के तहत विभिन्न पदों के लिए कुल 920 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

### ऊना ब्लॉक में 79, अंब में 9 और हरोली में 64 प्रधान पद के उम्मीदवार

ऊना ब्लॉक में प्रधान पद के 79, उपप्रधान पद के 93 तथा वार्ड सदस्य पद के 93 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिए। पंचायत समिति के 13 और जिला परिषद के 2 उम्मीदवारों ने भी नामांकन वापस लिया। अब यहां 54 पंचायतों के लिए प्रधान पद के 149, उपप्रधान के 177 तथा वार्ड सदस्य के 489 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। वहीं पंचायत समिति के 73 तथा जिला परिषद के 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस तरह ऊना ब्लॉक के तहत विभिन्न पदों के लिए कुल 899 प्रत्याषी चुनाव लड़ रहे हैं। अंब ब्लॉक में प्रधान पद के 9, उपप्रधान के 16, वार्ड सदस्य के 19, पंचायत समिति सदस्य के 3 तथा जिला परिषद के एक उम्मीदवार ने नामांकन वापस लिया। इसके बाद अब यहां 57 पंचायतों के लिए प्रधान पद के 233, उपप्रधान के 259 तथा वार्ड सदस्य के 570 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा पंचायत समिति के 100 तथा जिला परिषद के 7 उम्मीदवार मैदान में हैं। अब अंब ब्लॉक के तहत विभिन्न पदों के लिए कुल 1169 उम्मीदवार हैं। वहीं, हरोली ब्लॉक में प्रधान पद के 64, उपप्रधान पद के 32, वार्ड सदस्य पद के 52, पंचायत समिति के 11 तथा जिला परिषद के 2 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिए। इसके बाद अब यहां 48 पंचायतों के लिए प्रधान पद के 162, उपप्रधान के 169 तथा वार्ड सदस्य के 340 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा पंचायत समिति के 83 तथा जिला परिषद के 9 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इस तरह हरोली ब्लॉक के तहत विभिन्न पदों के लिए कुल 763 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

### ऊना में शहरी निकाय चुनाव की सभी तैयारियां पूरी 49 मतदान केंद्रों पर 28,292 मतदाता करेंगे मतदान

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला ऊना में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव 2026 के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि नगर पंचायत गगरेट, अंब, टाहलीवाल, नगर परिषद मैहतपुर-बसदेहड़ा, दौलतपुर चौक और संतोषगढ़ में 17 मई (रविवार) को मतदान होगा। इस दौरान कुल 28,292 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें पुरुष, महिला और एक थर्ड जेंडर मतदाता शामिल है। उन्होंने बताया कि 48 वार्डों के लिए 49 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। अंब के वार्ड नंबर 6 में दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर 6-6 कर्मचारी तैनात किए गए हैं, जिससे कुल 294 अधिकारी एवं कर्मचारी मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराएंगे। मतदान के बाद उसी दिन संबंधित निकाय कार्यालयों में मतगणना की जाएगी। प्रशासन के पास 108 ईवीएम मशीनें उपलब्ध हैं, जिनमें से आवश्यकतानुसार उपयोग किया जाएगा। जिले में सबसे अधिक मतदाता नगर परिषद संतोषगढ़ में 7,775 और सबसे कम नगर पंचायत गगरेट में 2,680 हैं। अन्य निकायों में भी मतदान केंद्रों की सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन ने सभी बूथों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की हैं ताकि मतदान शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

◆ 294 कर्मी, 118 प्रत्याशी और 6 निकायों में मतदान की तैयारी

# चिंतपूर्णी मंदिर पहुंचे बिट्टा, देश की अखंडता व शांति के लिए की अरदास



आतंकवाद विरोधी मोर्चे के अध्यक्ष एमएस बिट्टा व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

चिंतपूर्णी। अखिल भारतीय आतंकवाद विरोधी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमएस बिट्टा ने मां चिंतपूर्णी मंदिर में दर्शन कर देश की अखंडता, सुख-शांति और जवानों की सुरक्षा के लिए अरदास की। उन्होंने माता रानी के चरणों में शीश नवाकर राष्ट्र की समृद्धि और अमन-चैन की कामना की। मंदिर पहुंचने पर मंदिर न्यास और पुजारी वर्ग द्वारा उनका विधिवत स्वागत किया गया और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना संपन्न करवाई गई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। बातचीत में एमएस बिट्टा ने मंदिर की व्यवस्थाओं और पवित्र वातावरण की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश हर प्रकार के आंतरिक और बाहरी खतरों से सुरक्षित रहे और सीमा पर तैनात जवानों पर माता रानी की कृपा बनी रहे। साथ ही उन्होंने सभी नागरिकों से एकजुट होकर देश की प्रगति में योगदान देने की अपील भी की।

# महिला आयोग को राजनीतिक रंग देना दुर्भाग्यपूर्ण : सरोज

अनंत ज्ञान, गगरेट। सरोज शर्मा ने भाजपा द्वारा महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी के खिलाफ चुनाव आयोग में की गई शिकायत को सस्ती राजनीति करार दिया है। उन्होंने कहा कि महिला आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जो महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरोज शर्मा ने कहा कि भाजपा मुद्दों से भटक चुकी है और अब महिलाओं की आवाज को भी राजनीतिक चश्मे से देखने लगी है। उन्होंने कहा कि यदि कोई महिला प्रतिनिधि समाज और महिलाओं से जुड़े विषयों को लेकर लोगों के बीच जाती है, तो उसे चुनाव प्रचार या राजनीतिक गतिविधि बताना दुर्भावनापूर्ण मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव किसी राजनीतिक दल के चुनाव चिन्ह पर नहीं लड़े जा रहे हैं और ग्रामीण परिवेश में लोग सामाजिक रिश्तों, भाईचारे और पारिवारिक संबंधों के आधार पर एक-दूसरे के साथ खड़े दिखाई देते हैं। ऐसे में किसी व्यक्ति के साथ मौजूद होने को राजनीतिक प्रचार बताना पूरी तरह तर्कहीन है।

# गणित-सामाजिक विज्ञान में बच्चों का शानदार प्रदर्शन

## वीपीएस ऊना में 'डोजिंग टेबल' व सोशल साइंस क्विज प्रतियोगिता आयोजित



'डोजिंग टेबल' व सोशल साइंस क्विज स्पर्धा के विजेता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ऊना। वशिष्ट पब्लिक स्कूल, ऊना में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'डोजिंग टेबल प्रतियोगिता' और 'सोशल साइंस क्विज' का सफल आयोजन किया गया। डोजिंग टेबल प्रतियोगिता में 'स्मार्ट स्क्वेयर्स टीम' से हर्षिव शर्मा, अभिधा रावल, एविका, अनिका शर्मा, रूशांक कौशल और कायरव धीमान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 'प्राइम थिंकर्स टीम' से निवांश सिप्पी, गुरुशब्दजोत कौर, पृथ्वी राज वर्मा, वियान चौधरी, जसकीरत सिंह, अनिका और काशवी सैनी द्वितीय स्थान पर रहे। 'शेप शिफ्टर्स टीम' से लवदीप सिंह, आयांश भारद्वाज, विराट कौशल, उमांश कुमार, शौर्य सोनी, सिद्धि तिवारी और इवान संगत ने तृतीय स्थान हासिल किया।

इसके अलावा 'आर्यभट्ट टीम' से आयुष वशिष्ट, वंश बब्बर, ध्रुवी बब्बर, मान्या सोनी, कृषिका खन्ना और रियांश धीमान प्रथम स्थान पर रहे। 'ब्रह्मगुप्त टीम' से मानविक शर्मा, हिमांशु, रेहांशी बसरल, अभिनव दत्त, अर्शवीर सिंह और तनिप साहू द्वितीय स्थान पर रहे। सोशल साइंस क्विज में 'ऑरेंज ग्रुप' से प्रणवी शर्मा, देवांशी, संविका शर्मा, मालती, हरविका चौधरी और त्रिजल चब्बा प्रथम स्थान पर रहे। मन्नत परमार, अवनी ठाकुर, अर्पिता शर्मा, अभिषेक राणा, ईशान पटियाल और सिमरन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 'मैंगो ग्रुप' से अक्षिता सहगल, सोनिया चौधरी, पीहू शर्मा, आकृति कटवाल, विहाना राणा और सक्षम राणा प्रथम स्थान पर रहे।

गुरकीरत सिंह, सीरत कौर, अलंकृता, त्रिनभ शर्मा, पारस डामले और सान्वी द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अश्मित कौर, माही राणा, देवांश राणा, रान्या शर्मा, दक्ष शर्मा और विहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 'फैक्ट हंटर्स टीम' से हर्षित परमार, दिव्यांशिका शर्मा, दिव्यम शर्मा, धैर्य शर्मा, नमित सोहारु और गुरुदत्त सिंह प्रथम रहे। 'द थिंक टैंक टीम' से अक्षमा, केशव, जैस्मिन धीमान, गुरलीन कौर, नयोनिका शर्मा और अमोलिक गुप्ता द्वितीय रहे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाती हैं। निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# बिलासपुर में खुला ब्रांड नेस्कैफे का आउटलेट

अनंत ज्ञान




नेस्कैफे आउटलेट के उद्घाटन के अवसर पर मौजूद अतिथि एवं युवा। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। जिला मुख्यालय बिलासपुर में अंतरराष्ट्रीय कॉफी ब्रांड नेस्कैफे का नया आउटलेट शुरू हो गया है। इस ग्रैंड ओपनिंग के साथ अब शहरवासियों को विश्वस्तरीय कॉफी और आधुनिक कैफे अनुभव अपने ही शहर में मिलने लगा है।

उद्घाटन अवसर पर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर विभिन्न कॉफी फ्लेवर का आनंद लिया। आउटलेट संचालक पराग शर्मा ने बताया कि कैफे में नेस्कैफे ब्रांड के लगभग सभी प्रमुख प्रोडक्ट ग्राहकों को उपलब्ध करवाए जाएंगे। यहां हॉट कॉफी, कोल्ड कॉफी, कैप्पुचीनो, लाटे, मोचा और चॉकलेट बेवरेज सहित कई प्रीमियम ड्रिंक्स परोसी जाएंगी। इसके अलावा युवाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्नैक्स और फास्ट फूड आइटम भी उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में आधुनिक कैफे संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस आउटलेट को शुरू किया गया है, ताकि लोगों को बड़े शहरों जैसी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर मिल सकें। कैफे का इंटीरियर भी आधुनिक शैली में तैयार किया गया है। इस अवसर पर अभिषेक भारद्वाज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# बेसहारा गोवंश को लेकर गोरक्षक सुनील शर्मा की प्रशासन को आंदोलन शुरू करने की चेतावनी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला बिलासपुर में बढ़ते बेसहारा गोवंश की समस्या को लेकर समाजसेवी एवं गोसेवा से जुड़े सुनील शर्मा 'गो रक्षक' ने प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि सड़कों पर घूमते बेसहारा गोवंश की समस्या का तुरंत स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे बिना किसी पूर्व सूचना के बड़ा आंदोलन शुरू कर सकते हैं। सुनील शर्मा ने बताया कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों पर बड़ी संख्या में गोवंश घूम रहे हैं, जिससे आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। कई वाहन चालक घायल हो चुके हैं और रात में स्थिति और गंभीर हो जाती है। उनका आरोप है कि प्रशासन और संबंधित विभाग केवल आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि



गोवंश भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है, लेकिन आज यह भूखा-प्यासा सड़कों पर भटकने को मजबूर है। उन्होंने मांग की कि जिले में स्थायी गौशालाओं की व्यवस्था की जाए और बेसहारा पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। सुनील शर्मा ने कहा कि वे लंबे समय से घायल और बेसहारा गोवंश की सेवा कर रहे हैं, लेकिन समस्या इतनी बढ़ चुकी है कि अकेले इसे संभालना संभव नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने तुरंत कदम नहीं उठाए, तो वे जनता के साथ मिलकर बड़ा जनआंदोलन करेंगे। पहले भी उन्होंने कंदरौर पुल पर सड़क पर लेटकर प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित किया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था।

# दहेज की भट्ठी में जलीं बेटी की खुशियां

## शादी से 24 घंटे पहले दूल्हे ने मांगा फ्लैट और लग्जरी कार, नहीं पहुंची बारात

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर शहर में एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने रिश्तों, समाज और इंसानियत पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। एक पिता जिसने अपनी बेटी की शादी के लिए जिंदगी भर की कमाई दांव पर लगा दी। पिता शादी से ठीक एक दिन पहले हाथ जोड़कर दूल्हे पक्ष से अपनी बेटी की इज्जत की भीख मांगता रहा, लेकिन लालच के आगे उसकी एक न चली। आरोप है कि दूल्हे पक्ष ने ऐन वक्त पर फ्लैट और लग्जरी कार की मांग रख दी और मांग पूरी न होने पर बारात लाने से साफ इनकार कर दिया। यह मामला थाना सदर बिलासपुर तक पहुंचा है, जहां पुलिस ने शिकायत के आधार पर दूल्हे और उसके परिजनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

◆ थाना सदर बिलासपुर में मामला दर्ज जांच जारी

मेन मार्केट बिलासपुर निवासी नरेंद्र पंडित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी का रिश्ता तहसील झंडूता के जसपाल निवासी युवक के साथ तय हुआ था। शादी 10 मई 2026 को होनी थी। शादी के कार्ड बंट चुके थे और समारोह पर करीब 30 से 40 लाख रुपए खर्च किए जा चुके थे। उन्होंने अपनी हैसियत से बढ़कर लड़के वालों का सम्मान किया। रोका समारोह से लेकर अन्य रस्मों तक सोने-चांदी के आभूषण, महंगे उपहार और नकदी तक दी गई।

### 'फ्लैट और कार दो, तभी आएगी बारात'

शिकायत में आरोप लगाया कि शादी से एक दिन पहले दूल्हे पक्ष की ओर से फोन आया और अचानक एक आलीशान फ्लैट और लग्जरी गाड़ी की मांग रख दी गई। लड़की के पिता के अनुसार, उन्होंने दूल्हे पक्ष को समझाने की कोशिश की, लेकिन नहीं माने। मांग पूरी न होने पर दूल्हे पक्ष ने साफ शब्दों में कह दिया कि बारात नहीं आएगी। पीड़ित पिता ने कहा कि अपनी बेटी की शादी के लिए सब कुछ दांव पर लगा दिया था, लेकिन वे अपनी बेटी की खुशियों का सौदा नहीं कर सकते थे। अगर आज वे इस लालच के आगे झुक जाते, तो बेटी की पूरी जिंदगी दहेज की मांगों के बोझ तले दब जाती। परिवार का आरोप है कि उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ भारी मानसिक और सामाजिक आघात भी झेलना पड़ा है।

परिवार को उम्मीद थी कि उनकी बेटी खुशी-खुशी अपने नए घर जाएगी, लेकिन शादी से ठीक पहले जो हुआ उसने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया। वहीं, बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने बताया कि पीड़ित परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है और दोनों पक्षों को पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जुखाला में बच्चों को बताए डेंगू से बचने के उपाय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सदर ब्लॉक मारकंड द्वारा राष्ट्रीय डेंगू दिवस राष्ट्रीय डेंगू दिवस का आयोजन ऋषि मार्कंडेय पब्लिक स्कूल जुखाला में किया गया। स्वास्थ्य शिक्षक मस्तराम ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ को डेंगू के लक्षण, बचाव और स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घर एवं आसपास पानी जमा न होने दें और मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं। कार्यक्रम में भाषण एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता में अदिति, आकृति और कृतिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में समर, रिद्धिमा और नव्या विजेता रहे। इस अवसर पर सीएचओ नीलम कुमारी, आशा वर्कर बलबीर कौर तथा प्रिंसीपल मीरा देवी उपस्थित रहीं।

# शपथ के साथ एनटीपीसी कोलडैम में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ




स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का दिया संदेश। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। एनटीपीसी कोलडैम में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ स्वच्छता शपथ के साथ किया गया। परियोजना प्रमुख एसएस राव द्वारा सभी कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया।

परियोजना प्रमुख ने सभी को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा दैनिक जीवन में स्वच्छता की आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास है। उन्होंने सभी से स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मानव संसाधन प्रमुख मंगला हरींद्रन, डीसी सीआईएसएफ विनोद कुमार, अपर महाप्रबंधक (हाइड्रो जियोलॉजी) भुवनेश कुमार, अपर महाप्रबंधक (टीएस) कुमार स्वाधीन, अपर महाप्रबंधक (सेफ्टी) विकास गुरूरनी, अपर महाप्रबंधक (सीएंडएम) शशि कुमार सिंह सहित सभी कर्मचारियों, सहयोगियों तथा सीआईएसएफ के जवानों ने भाग लिया। एनटीपीसी कोलडैम में 16 मई से 30 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा।

इस अवधि के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए न केवल एनटीपीसी कोलडैम परिसर में, बल्कि आसपास के गांवों, विद्यालयों, महिला मंडलों तथा स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रशिक्षुओं के लिए भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# पंचायतीराज संस्थाओं के विभिन्न पदों के लिए 420 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित

## तीन प्रधान, दो उपप्रधान तथा 415 पंचायत वार्ड सदस्य हुए निर्वाचित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के विभिन्न पदों के लिए कुल 420 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित कर लिया गया है, जिनमें तीन प्रधान, दो उप-प्रधान तथा 415 वार्ड सदस्य शामिल हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के विभिन्न पदों के लिए 420 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि घुमारवीं विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत छंदोह को जिला की एकमात्र पंचायत होने का गौरव प्राप्त हुआ है, जो संपूर्ण रूप से निर्विरोध निर्वाचित हुई है।

उन्होंने बताया कि सदर विकास खंड के अंतर्गत 135 वार्ड सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। घुमारवीं विकास खंड के तहत एक प्रधान, एक उप प्रधान तथा 129 पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। झंडूता विकास खंड के तहत एक प्रधान तथा 96 पंचायत सदस्य, जबकि श्री नयना देवी जी विकास खंड के तहत एक प्रधान, एक उप प्रधान तथा 55 पंचायत सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। उन्होंने बताया कि जिला परिषद तथा पंचायत समितियों के लिए कोई भी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित नहीं हुआ है।

◆ घुमारवीं विकास खंड के तहत एकमात्र छंदोह पंचायत निर्विरोध निर्वाचित

उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रमानुसार आगामी 26, 28 तथा 30 मई को तीन चरणों में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव संपन्न करवाए जाएंगे। ग्राम पंचायतों के मतों की गिनती संबंधित ग्राम पंचायतों के मुख्यालयों में मतदान के उपरांत की जाएगी, जबकि पंचायत समितियों तथा जिला परिषद के मतों की गिनती 31 मई को निर्धारित मतगणना केंद्रों पर होगी।

# चार शहरी निकायों के चुनाव के लिए मतदान पार्टियां रवाना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी (शहरी निकाय) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि जिले के चार शहरी निकायों के चुनाव के लिए मतदान पार्टियों को संबंधित शहरी निकाय मुख्यालयों से उनके गंतव्य के लिए मतदान सामग्री के साथ रवाना कर दिया गया है। रविवार को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। इसी दिन निर्धारित मतगणना स्थलों पर मतों की गिनती की जाएगी तथा चुनाव परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। बिलासपुर नगर परिषद के लिए 11 मतदान दलों, जिनमें 44 मतदानकर्मी तथा 22 सुरक्षाकर्मी शामिल हैं, को चुनावी ड्यूटी में तैनात किया गया है। 3 मतदान दलों को रिजर्व में रखा गया है। इसी तरह नगर परिषद घुमारवीं के लिए 9 मतदान दलों, जिनमें 36 मतदानकर्मी तथा 18 सुरक्षाकर्मी शामिल है को चुनावी ड्यूटी में तैनात किया गया है। 4 मतदान दलों को रिजर्व में रखा गया है। नगर परिषद श्री नयना देवी जी के लिए 7 मतदान दलों, जिनमें 28 मतदानकर्मी तथा 14 सुरक्षाकर्मी शामिल हैं, को चुनावी ड्यूटी में तैनात किया गया है। इसके अलावा 4 मतदान दलों को रिजर्व में रखा है। जिले की नगर पंचायत शाहतलाई के लिए कुल 7 मतदान दलों, जिनमें 28 मतदान कर्मी तथा 14 सुरक्षाकर्मी शामिल है को चुनावी ड्यूटी में तैनात किया गया है। 2 मतदान दलों को रिजर्व में रखा गया है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से जिले के सभी चारों शहरी निकायों में मतदान करवाया जाएगा। वहीं, जिले में तीन नगर परिषद और एक नगर पंचायत के चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

# 558 की नाम वापसी के बाद अब 4145 उम्मीदवार चुनावी मैदान में

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। जिला बिलासपुर में पंचायतीराज संस्थाओं के विभिन्न पदों के चुनाव 2026 के लिए कुल 4703 उम्मीदवारों में से 558 ने अपने नाम वापिस ले लिए। अब चुनावी मैदान में कुल 4145 उम्मीदवार रह गए है। जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए नामांकन पत्र वापसी के अंतिम दिन कुल 558 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापस लिए हैं। जिला परिषद के लिए कुल 82 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए थे, जबकि शेष बचे 78 नामांकन पत्रों में से 9 ने अपने नाम वापस लिए हैं।

जिला परिषद के 14 वार्डों के लिए अब कुल 69 उम्मीदवार चुनावी मैदान में रह गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले की 4 पंचायत समितियों के लिए कुल 435 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे, जिनमें से 6 के नामांकन पत्र विभिन्न कारणों से रद्द हो गए थे, जबकि शेष बचे 429 उम्मीदवारों में से 22 ने अपने नाम वापस लिए है तथा अब कुल 407 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इसी तरह पंचायतों के विभिन्न पदों के लिए कुल 3669 उम्मीदवारों में से आज कुल 527 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापस लिए हैं। प्रधान पद के लिए कुल 850 नामांकन पत्र सही पाए गए थे, जिनमें से 107, उप प्रधान पद के लिए कुल 976 सही पाए गए नामांकन पत्रों में से 176, जबकि वार्ड सदस्यों के लिए कुल 2370 सही पाए गए नामांकन पत्रों में से 244 ने अपने नाम वापस लिए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य चुनाव आयोग के निर्धारित कार्यक्रमानुसार सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं तथा 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में प्रातः 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संबंधित पंचायतों में मतदान करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचायतों की मतगणना संबंधित मुख्यालयों में मतदान के उपरांत, जबकि पंचायत समितियों एवं जिला परिषद की मतगणना 31 मई को निर्धारित मतगणना केंद्रों पर करवाई जाएगी।

# बागियों ने कुल्लू की राजनीति में बढ़ाई टेंशन


## अपनों की बगावत व अंदरुनी कलह बनी गले की फांस, कहीं कांग्रेस पर भारी न पड़ जाए भाजपा

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** नगर निकाय चुनावों का आज फैसला होगा और इसको लेकर कांग्रेस व भाजपा सहित अन्य सभी आजाद उम्मीदवारों ने अपने-अपने पक्ष में चुनाव प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ी है और हर उम्मीदवार अपनी जीत का दावा कर रहा है। यदि बात की जाए 11 वार्डों वाली नगर परिषद कुल्लू की तो कुल्लू की सियासी फिज़ा में भाजपा व कांग्रेस के बागियों ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं और नप कुल्लू के चुनावों में बागियों की बगावत कहीं दोनों ही पार्टियों पर भारी न पड़ जाए।

नगर परिषद कुल्लू के सभी 11 वार्डों में से छह वार्डों में भाजपा व कांग्रेस बागियों की बगावत झेल रही है। इसके अलावा अन्य वार्डों से ( 7 नंबर वार्ड से कामरेड उम्मीदवार को छोड़कर) आज़ाद उतरे उम्मीदवार भी भाजपा या कांग्रेस विचारधारा के हैं। बात करें अगर वार्ड 1 की तो यहां पर पुष्पा देवी जोकि भाजपा विचारधारा से है और पूर्व में भाजपा से निष्कासित एवं पूर्व में एचपीएमसी के प्रदेश उपाध्यक्ष राम सिंह की पत्नी हैं वह आज़ाद प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरी हैं। वहीं, वार्ड दो से कार्तिक चौधरी (कांग्रेस) टिकट नहीं मिलने के कारण बगावत कर आज़ाद लड़ रहे हैं। यहां से कांग्रेस ने कुब्जा ठाकुर को टिकट दिया है। वार्ड तीन से ऊष्मा शर्मा को कांग्रेस द्वारा टिकट मिलने के कारण आशा ( कांग्रेस) पार्टी से बागी होकर चुनावी मैदान में उतरी है। वार्ड 4 से भाजपा की ओर से ज्ञान को टिकट दिया गया है जबकि अनिता शर्मा को भाजपा से टिकट नहीं मिलने के कारण वह आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रही हैं।

वार्ड पांच से भाजपा समर्थित उम्मीदवार इंद्रा बागी होकर चुनाव लड़ रही हैं। वार्ड छह से पूर्व पार्षद चंदन प्रेमी की पत्नी गीता देवी ( भाजपा विचारधारा), वार्ड 7 में कांग्रेस की अंदरूनी कलह के कारण इस वार्ड से कोई उम्मीदवार नहीं दे पाई है। वहीं, वार्ड 8 से भाजपा ने भी आपसी फूट और असमंजस के कारण कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। वार्ड 9 कांग्रेस ने जीवनकला को टिकट दिया जिस कारण अमीना राजगीर महंत आज़ाद प्रत्याशी के रूप में बगावत कर चुनावी मैदान में उतरी हैं। वहीं, वार्ड 10 व 11 में भाजपा कांग्रेस के कोई बागी नहीं। ऐसे में अगर देखा जाए तो 11 वार्डों में से अपनी अपनी पार्टी से टिकट नहीं मिलने से नाराज उम्मीदवारों ने बगावत का रास्ता अपनाते हुए दोनों ही पार्टियों की मर्ज बढ़ा दी है। ऐसे में यह बागी व अन्य आज़ाद उम्मीदवार भाजपा-कांग्रेस के लिए बहुत बड़ी चुनौती हैं। लिहाजा, नप कुल्लू में बागी भाजपा कांग्रेस के लिए गले की फांस बन गए हैं और आज फैसला होगा कि भाजपा या कांग्रेस किसको कितना नुकसान झेलना पड़ेगा।



- **कुल्लू नगर परिषद चुनाव में दांव पर भाजपा-कांग्रेस की साख, फैसला आज**
- **वार्ड 2, 3, 4, 6, 8 व 9 में टिकट न मिलने पर आजाद उतरे हैं प्रत्याशी**

## सरवरी एमआरएफ साइट के निरीक्षण को पहुंची एनजीटी टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश पर गठित उच्च स्तरीय कमेटी ने शनिवार को सरवरी में प्रस्तावित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) साइट का निरीक्षण किया। इस दौरान कुल्लू प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। टीम ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर साइट से जुड़ी समस्याओं और आपत्तियों को सुना। नगर परिषद कुल्लू शहर के कूड़े के निष्पादन के लिए सरवरी में एमआरएफ साइट विकसित कर रही थी, लेकिन वार्ड नंबर 3 के लोग लंबे समय से इसका विरोध कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शहर के बीचों-बीच कूड़ाघर बनने से गंदगी, बदबू और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ेंगी। प्रशासन से कई बार मांग करने के बावजूद समाधान न मिलने पर लोगों ने एनजीटी में जनहित याचिका दायर की थी। एनजीटी ने निर्माण कार्य पर अगली सुनवाई तक रोक लगाते हुए जमीनी स्थिति जानने के लिए कमेटी भेजी है। स्थानीय निवासी संजय कपूर सहित अन्य लोगों ने मांग उठाई कि एमआरएफ साइट को शहर से बाहर किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।

# 160 वर्षों बाद ढूंगरी मेले में होगा देव मिलन

## देवी हिडिंबा व देवी संध्या गायत्री के मिलन से घाटी में होगी सुख-समृद्धि की कामना

अनंत ज्ञान

**मनाली।** कुल्लू घाटी के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक ढूंगरी मेले में इस वर्ष एक अत्यंत दुर्लभ और पावन अवसर देखने को मिलेगा। लगभग 160 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद देवी संध्या गायत्री ढूंगरी मेले में पधार रही हैं। जहां उनका देवी हिडिंबा के साथ भव्य एवं दिव्य मिलन संपन्न होगा। इस ऐतिहासिक घटना को लेकर समूची घाटी में श्रद्धालुओं के बीच विशेष उत्साह और आस्था का वातावरण बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार यह समस्त आयोजन देव आदेश के पश्चात तय हुआ है। मान्यता है कि देवी हिडिम्बा ने अपने चेले देवी चंद के माध्यम से देवी संध्या गायत्री को उनके जन्मदिवस के शुभ अवसर पर ढूंगरी मेले में आने का विशेष निमंत्रण भेजा था। देवी संध्या गायत्री ने भी इस निमंत्रण को स्वीकार करते हुए मेले में आने की इच्छा प्रकट की, जिसके बाद यह ऐतिहासिक देव मिलन संभव हो पाया है। देव परंपराओं और आस्था से जुड़ी इस घटना को घाटी के लिए अत्यंत शुभ माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का विश्वास है कि देवी-देवताओं का यह पावन मिलन क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आएगा। लंबे समय बाद हो रहे इस दिव्य संगम को देखने के लिए श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है तथा मेले के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना है।

ढूंगरी मेला सदियों से कुल्लू की समृद्ध देव संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक रहा है और इस बार होने वाला यह दिव्य मिलन मेले को और भी विशेष एवं ऐतिहासिक बना देगा। श्रद्धालु इस अवसर को देव कृपा और आशीर्वाद का प्रतीक मान रहे हैं।



मनाली में ढूंगरी मेले के लिए सजा माता का मंदिर। अनंत ज्ञान

# पनगां पंचायत चुनी निर्विरोध



ग्राम पंचायत पनगां की निर्विरोध चुनी पूरी टीम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** जिला कुल्लू की ग्राम पंचायत पनगां निर्विरोध चुनी गई है। सात वार्ड वाली ग्राम पंचायत पनगां में प्रधान, उपप्रधान, बीडीसी और चार वार्ड सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए हैं। वहीं तीन वार्डों में किसी भी ग्रामवासी ने अपना नामांकन नहीं भरा, जिसके चलते छह माह बाद इन तीनों वार्डों में चुनाव करवाए जाएंगे। ग्राम पंचायत पनगां की नई कार्यकारिणी में प्रधान शालु बोध, उपप्रधान विजय प्रकाश, बीडीसी अमरा देई, वार्ड सदस्य लुदर चंद, किरु देवी, शिल्पा देवी, चुन्नी लाल निर्विरोध चुने गए हैं। प्रधान शालु बोध ने कहा कि हम गांव का समग्र विकास करके पनगां गांव को एक आदर्श गांव बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हर वार्ड में गांव वालों से पूछ कर ग्राम विकास को गति देंगे। उपप्रधान विजय प्रकाश ने कहा कि हम सभी मिल करके गांव की तरक्की के लिए काम करेंगे, जिस तरह हमारा गांव सबसे अधिक शिक्षित गांव कहलाया जाता है। उसी प्रकार हम इस गांव को सबसे अधिक मूलभूत सुविधाओं वाला गांव भी बनाएंगे।

## आनी में पंचायत सदस्य के कुल 208 पदों में से 104 निर्विरोध निर्वाचित

**अनंत ज्ञान, आनी।** पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के अंतर्गत विकास खंड आनी में सभी 36 पंचायतों ,15 पंचायत समिति वार्डों तथा दो जिला परिषद वार्डों के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। नाम वापसी के आखिरी दिन पंचायत सदस्य के कुल 127, उपप्रधान के कुल 90 तथा प्रधान के कुल 94 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन वापिस लिया। पंचायत समिति के लिए कुल 11 नामांकन तथा जिला परिषद के बखनाओ वार्ड के लिए एक नामांकन पत्र तथा लझेरी वार्ड के लिए भी कुल एक नामांकन पत्र वापिस हुए। निर्वाचन अधिकारी एस डी एम आनी लक्ष्मण कनेट ने कहा कि विकास खंड आनी में ग्राम पंचायत खनाग निर्विरोध निर्वाचित हुई है तथा नवसृजित ग्राम पंचायत तांदी में प्रधान निर्विरोध निर्वाचित हुआ है।

पंचायत सदस्य के कुल 208 पदों में से 104 निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं । सभी 36 पंचायतों में अब पंचायत सदस्य के लिए कुल 330 उम्मीदवार, उपप्रधान पद के लिए कुल 110 उम्मीदवार तथा प्रधान पद के लिए 138 कुल उम्मीदवार मैदान में हैं। प्रधान पद के लिए सर्वाधिक 9 उम्मीदवार ग्राम पंचायत कोहिला तथा 8 उम्मीदवार ग्राम पंचायत कराशाईगाड़ से मैदान में हैं। सभी 15 पंचायत समिति वार्डों के लिए कुल 60 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। जिला परिषद के बखनाओ वार्ड से चार तथा लझेरी वार्ड से कुल तीन उम्मीदवार अपना भाग्य आजमाएंगे। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान 26, 28 तथा 30 मई को सम्पन्न होगा। उन्होंने मतदाताओं तथा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों से आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करने की अपील की । मतदान पार्टियां 24 मई को आनी से अपने निर्धारित स्थानों के लिए रवाना होंगी। चुनाव से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए फोन नंबर 01904 299014 पर शिकायत दर्ज की जा सकती है।

# मतदान कर्मियों ने किया प्रथम चुनावी पूर्वाभ्यास

## केलांग स्थित पुराने परिधि गृह प्रांगण में हुआ आयोजन, 287 कर्मियों ने लिया भाग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन-2026 की तैयारियों के तहत केलांग स्थित पुराने परिधि गृह प्रांगण में मतदान कर्मियों का प्रथम चुनावी पूर्वाभ्यास सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 287 मतदान अधिकारियों ने भाग लिया। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) किरण भड़ाना तथा पंचायत चुनाव पर्यवेक्षक डॉ. चिरंजी लाल कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपायुक्त किरण भड़ाना ने सभी मतदान प्रिसाइडिंग एवं पोलिंग अधिकारियों से कहा कि वे इन प्रशिक्षणों का पूर्ण लाभ उठाकर चुनाव संचालन की प्रक्रियाओं को गहराई से समझें और प्रशिक्षणों में सीखी गयी विधियों को लागू कर के चुनावों को शांतिपूर्ण, सुचारू व निष्पक्ष रूप से संपन्न कराएं।

खंड विकास अधिकारी (लाहौल) विवेक गुलेरिया तथा पंचायत निरीक्षक अंकित कपूर ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पंचायत चुनाव प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश दिए। प्रशिक्षण में बैलेट पेपर, बैलेट बॉक्स और चुनाव में प्रयुक्त विभिन्न प्रपत्रों को भरने की विधि विस्तारपूर्वक समझाई गई। साथ ही मतदाताओं द्वारा मतपत्र पर मोहर लगाने की सही प्रक्रिया, मतदाता सूची के उपयोग और बी.डी.एम.एस. ऐप में ऑनलाइन डेटा भरने से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान मतदान केंद्र पर अपनाई जाने वाली सुरक्षा व शुचिता संबंधी सावधानियों, पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उपायों और आपात संचालन प्रक्रियाओं पर भी विशेष बल दिया गया। यह पूर्वाभ्यास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था कि आगामी पंचायत चुनाव निर्धारित नियमों के अनुरूप, निष्पक्ष तथा बिना किसी बाधा के संपन्न हों।



मतदान कर्मियों के चुनावी पूर्वाभ्यास के दौरान डीसी व अन्य। अनंत ज्ञान

- **बैलेट पेपर और बीडीएमएस ऐप संचालन की दी जानकारी**

## कुल्लू अस्पताल में विकलांगता शिविर अब 23 मई को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में प्रत्येक माह आयोजित होने वाले विकलांगता शिविर की तिथि में इस बार बदलाव किया गया है। चिकित्सा अधीक्षक, क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अब यह शिविर 30 मई के स्थान पर 23 मई को आयोजित किया जाएगा। चिकित्सा अधीक्षक ने जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल द्वारा पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव के कारण 30 मई को वैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। इसी के मद्देनजर शिविर का आयोजन अब 23 मई (शनिवार) को निर्धारित किया गया है। इस शिविर में डॉ. नीतीश कुमार (एमडी मेडिसिन), डॉ. संतुष्ट कुमार (एमएस ऑर्थो), डॉ. सुमित वालिया (एमएस ईएनटी) और डॉ. प्रीत ठाकुर (एमएस सर्जरी) अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। बाल रोग विशेषज्ञ (एमडी पीडियाट्रिक्स) के अवकाश पर होने के कारण इस दिन बच्चों से संबंधित मामलों की जांच नहीं हो सकेगी।

# राजस्व कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

## एसडीएम केलांग ने लंबित मामलों को जल्द निपटाने के दिए सख्त निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** जिला में भूमि-राजस्व प्रशासन की पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्य-कुशलता को और मजबूत करने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। इसी कड़ी में एसडीएम केलांग, कुनिका एकर्स ने शनिवार को राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ पटवार सर्किल दारचा एवं कोलोंग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार-लाहुल विकास कुमार भी व्यक्तिगत रूप से मौके पर उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पटवार सर्कलों की कार्यप्रणाली और राजस्व अभिलेखों की स्थिति की बारीकी से समीक्षा की। औचक निरीक्षण के दौरान संबंधित राजस्व अभिलेख, रजिस्टर एवं अन्य संलग्न दस्तावेजों की विस्तार से जांच की गई। प्रशासन द्वारा भूमि अभिलेखों की नवीनतम स्थिति को जांचने के साथ-साथ अन्य राजस्व-संबंधित मापदंडों और लंबे समय से अटके हुए कार्यों का विशेष रूप से अवलोकन किया गया। एसडीएम कुनिका एकर्स ने संबंधित ग्राम राजस्व अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सभी वीआरओ पटवार सर्किल में अपनी नियमित एवं समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि जनता को परेशान न होना पड़े। म्यूटेशन (रक्बा-परिवर्तन), गिरदावरी-संबंधी प्रविष्टियों और अन्य अभिलेखों को नवीनतम औपचारिकताओं के साथ त्वरित रूप से अपडेट किया जाए। भूमि-संबंधी सभी दस्तावेजों, नक्शों और रजिस्टरों की सुरक्षित रखवाली और उनका सुव्यवस्थित रखरखाव प्रशासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



एसडीएम केलांग औचक निरीक्षण के दौरान। अनंत ज्ञान

# कुल्लू जिला नगर निकाय चुनावों का फैसला आज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू में सभी शहरी स्थानीय निकायों के चुनावों के दृष्टिगत रविवार को होने वाले मतदान एवं मतगणना की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (नगर निकाय), अनुराग चंद्र शर्मा ने बताया कि जिला कुल्लू के अंतर्गत नगर परिषद कुल्लू, नगर परिषद मनाली, नगर पंचायत भुंतर, नगर पंचायत बंजार तथा नगर पंचायत निरमंड में मतदान करवाया जाएगा, जिसमें 39 वार्डों के 44 मतदान केंद्रों में 100 उम्मीदवारों के लिए मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया प्रातः 7:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से सम्पन्न होगी। मतदान समाप्ति के उपरांत उसी दिन नियमानुसार मतगणना भी करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सभी मतदान दल अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच चुके हैं और कल के मतदान के लिए आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल, सेक्टर अधिकारियों तथा ड्यूटी मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। मतदाताओं की सुविधा हेतु आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं तथा सभी मतदान कर्मियों को चुनाव संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

उपायुक्त ने जिला के सभी मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा अपने मताधिकार का निर्भीक होकर प्रयोग करने की अपील की है। उन्होंने आमजन से चुनाव प्रक्रिया के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने तथा प्रशासन को सहयोग प्रदान करने का भी आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करने अथवा कानून व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# चैतन्य देवी अध्यक्ष और नितेश चुने उपाध्यक्ष

## परी एंजल मॉडल स्कूल लरांकेलों में अभिभावक-अध्यापक संघ का गठन




परी एंजल स्कूल लरांकेलों में अभिभावक-अध्यापक संघ के गठन के दौरान गणमान्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** परी एंजल मॉडल स्कूल लरांकेलों में शनिवार को अभिभावक-अध्यापक संघ के गठन को लेकर बैठक का सफल आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अभिभावकों, अध्यापकों एवं विद्यालय प्रबंधन की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय एवं अभिभावकों के मध्य समन्वय को मजबूत बनाना तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु संयुक्त प्रयास सुनिश्चित करना था।

बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से पीटीए कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें चैतन्य देवी को अध्यक्ष,श्री नितेश ठाकुर को उपाध्यक्ष चुना गया।

विद्यालय प्रशासन ने नव-निर्वाचित सदस्यों का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि पीटीए विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा विद्यार्थियों के हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**उम्मीद** 18 हजार फीट पर भी उड़ सकेगा अत्याधुनिक रेस्क्यू ड्रोन, शिंकुला दर्रा में हुआ सफल परीक्षण

# लाहौल-स्पीति को मिला 'हाईटेक रक्षक'

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला लाहुल-स्पीति की भौगोलिक चुनौतियों और आपदा की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन को अब आधुनिक तकनीक का एक मजबूत और अभेद्य सहारा मिल गया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) लाहौल एवं स्पीति ने दुर्गम और अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में खोज, बचाव और राहत सामग्री पहुंचाने के लिए एक अत्याधुनिक भार-वाहक खोज एवं बचाव ड्रोन खरीदा है। हाल ही में 16,580 फीट की ऊंचाई पर स्थित शिंकुला दर्रा में इस ड्रोन का सफल परीक्षण किया गया, जिसके बाद यह ड्रोन कठिन परिस्थितियों में फंसे लोगों के लिए राहत की एक नई उम्मीद बनकर उभरा है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, इस आधुनिक तकनीक को खरीद आपदा से निपटने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। आने वाले दिनों में जिले के संबंधित अधिकारियों और आपदा प्रतिक्रिया दलों (बचाव दलों) को इस ड्रोन को उड़ाने और संचालित करने का विशेष तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति में इसका बिना किसी देरी के त्वरित और प्रभावी उपयोग किया जा सके।

प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हाईटेक ड्रोन गत कुछ दिन पहले तकनीकी प्रशिक्षक के साथ लाहुल-स्पीति पहुंचा था। जिला प्रशासन ने लगभग 16,580 फीट की हाड़ कंपा देने वाली ऊंचाई पर स्थित शिंकुला दर्रा में इसका कड़ा परीक्षण किया। विपरीत मौसम और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद ड्रोन ने राहत सामग्री पहुंचाने की अपनी अद्भुत क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया और परीक्षण में पूरी तरह सफल रहा।

### क्या हैं इस 'सुपर ड्रोन' की खूबियां

**यह** ड्रोन साधारण ड्रोनों से काफी अलग और विशेष रूप से हिमालयी क्षेत्रों की कठिन परिस्थितियों के लिए तैयार किया गया है। यह आधुनिक ड्रोन हेक्साकोप्टर वीटीओएल (लंबवत उड़ान और लैंडिंग) तकनीक पर आधारित है। इसका खुद का अधिकतम वजन करीब 75 किलोग्राम है और यह अपने साथ 30 किलोग्राम तक की भारी राहत सामग्री ले जाने में सक्षम है। यह ड्रोन समुद्र तल से करीब 18,064 फीट (5500 मीटर) की अत्यधिक ऊंचाई तक पूरी तरह स्थिर होकर उड़ान भर सकता है। पहाड़ों पर चलने वाली तेज हवाओं का इस पर कोई असर नहीं होगा। यह 20 नॉट्स तक की रफ्तार वाली हवाओं का सामना आसानी से कर सकता है। ड्रोन में दिन और रात में काम करने वाला 1080 पिक्सेल कैमरा और 10 गुना ज़ूम सुविधा दी गई है। इसकी मदद से घने कोहरे, खराब मौसम या रात के अंधेरे में भी फंसे हुए लोगों की सटीक स्थिति ढूंढना बेहद आसान हो जाएगा।



### सुरक्षा और आधुनिक विशेषताओं से है लैस

**आपदा** के समय समय की बचत ही सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है। इस ड्रोन को मात्र 15 मिनट से भी कम समय में जोड़कर तैनात किया जा सकता है। इसके अलावा इसमें कई अनूठी विशेषताएं शामिल हैं। इसमें पूर्ण स्वचालित मोड, घर-वापसी (रिटर्न-टू-होम), एक जगह मंडराना (होवर), मार्ग-दर्शन नेविगेशन और रिमोट चालित विमान जैसे उन्नत उड़ान मोड उपलब्ध हैं। राहत सामग्री को बिना नुकसान के सही जगह पर गिराने के लिए इसमें 4 विशेष सामग्री विमोचन तंत्र (रिलीज़ मैकेनिज्म) लगाए गए हैं। यदि उड़ान के दौरान संपर्क टूट जाता है, बैटरी कम हो जाती है या हवाएं बेहद तेज हो जाती हैं, तो यह ड्रोन स्वचालित घर-वापसी (ऑटोमैटिक रिटर्न-टू-होम) विशेषता की मदद से अपने उड़ान बिंदु पर खुद सुरक्षित वापस लौट आएगा।

### दुर्गम क्षेत्रों के लिए साबित होगा 'संजीवनी'

**लाहौल**-स्पीति प्रशासन का मानना है कि भारी बर्फबारी, अचानक होने वाले भूस्खलन, या सड़कों के बंद होने जैसी आपातकालीन स्थितियों में यह ड्रोन सुदूर गांवों और संपर्क टूट चुके क्षेत्रों तक दवाइयां, खाद्य सामग्री और आपातकालीन उपकरण पहुंचाने में 'संजीवनी' का काम करेगा।

# विद्यार्थियों को बताए ऑनलाइन सुरक्षा के उपाय

## केलांग स्कूल में साइबर सुरक्षा और डिजिटल जागरूकता पर विशेष कार्यक्रम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** डिजिटल दौर में बढ़ते साइबर खतरों और तकनीक के बढ़ते उपयोग के बीच जागरूकता को मजबूत करने के उद्देश्य से दूरसंचार विभाग, हिमाचल प्रदेश लाइसेंस सेवा क्षेत्र द्वारा राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, केलांग में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय 'साइबर सुरक्षा जागरूकता, आपदा प्रबंधन में दूरसंचार की भूमिका एवं इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड यानी ईएमएफ मिथक-निवारण' रहा।

यह कार्यक्रम वीरेंद्र कुमार, अपर महानिदेशक दूरसंचार, के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संदीप आर्य, उप महानिदेशक (सुरक्षा/प्रौद्योगिकी) और संतोष कुमार सिंह, उप महानिदेशक (अनुपालन) ने किया, जबकि संचालन नीरज, निदेशक (अनुपालन) द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीएसएनएल के उप मंडल अधिकारी गौरव शर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल सतर्कता तथा दूरसंचार टावरों से जुड़ी ईएमएफ संबंधी भ्रांतियों के बारे में वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर जानकारी दी गई। इसके साथ ही भारत सरकार की नागरिक-केंद्रित पहल 'संचार साथी' के माध्यम से साइबर धोखाधड़ी, मोबाइल दुरुपयोग और डिजिटल सुरक्षा से बचने के प्रभावी उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों के दौरान दूरसंचार सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी विशेष प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि विशेष रूप से दुर्गम और जनजातीय क्षेत्रों में आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान संचार नेटवर्क सूचना के आदान-प्रदान, राहत और बचाव कार्यों तथा लोगों तक त्वरित सहायता पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह पहल न केवल डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाली साबित हुई, बल्कि तकनीक और दूरसंचार से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों को समझने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम रही।



शिविर के दौरान बच्चे व अन्य गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

# मंदिर चोरी मामले में कसौली पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## 7 साल से फरार उद्घोषित अपराधी हेम चंद गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**सोलन।** पुलिस थाना कसौली की टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे उद्घोषित अपराधी हेम चंद पुत्र स्वर्गीय परमानंद निवासी गांव धाली, डाकघर गड़खल, तहसील कसौली जिला सोलन को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को 15 मई 2026 को गुप्त सूचना और सतत् निगरानी के आधार पर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना कसौली में अभियोग संख्या 45/2026 धारा 209 एवं 269 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। हेम चंद के खिलाफ वर्ष 2015 में चोरी का एक मामला भी दर्ज हुआ था। आरोप है कि उसने अपने पुत्र के साथ मिलकर एक मंदिर से चार मूर्तियां और करीब 600 रुपए नकद चोरी किए थे। चोरी हुए सामान की कीमत लगभग 3100 रुपए आंकी गई थी। मामले की जांच के दौरान एक बाल अपचारी को न्यायालय के आदेश पर बाल सुधार गृह ऊना भेजा गया था, जबकि मुख्य आरोपी घटना के बाद फरार हो गया था। लगातार तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिलने पर 13 फरवरी, 2017 को न्यायालय ने उसे उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। पुलिस टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। आरोपी को अब न्यायालय में पेश किया जा रहा है तथा मामले की आगामी जांच जारी है।

## पुरुष व महिला से 10.38 ग्राम चिट्टा बरामद, गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला पुलिस की एसआईयू टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर पट्टा मोड़ (कुमारहट्टी) के समीप नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार एक पुरुष व एक महिला से 10.38 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। दोनों आरोपियों की पहचान जतिंदर पुत्र मुन्ना लाल निवासी सेक्टर 45 बुडेल चंडीगढ़ व महिला स्वाति पत्नी जतिंदर निवासी सेक्टर 45 बुडेल चंडीगढ़ वर्ष के रूप में हुई। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना धर्मपुर में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस क्षरा मामले में उपयोग की गई मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

## पांवटा साहिब में 11.01 ग्राम चिट्टे के साथ एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर की डिटेक्शन सैल पांवटा साहिब ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 11.01 ग्राम चिट्टा सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अनुसार 15 मई को डिटेक्शन सैल पांवटा साहिब की टीम गश्त एवं मादक पदार्थों से संबंधित गुप्त सूचनाएं एकत्र कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि इंदरपाल पुत्र मंगत राम निवासी वार्ड नंबर-10, देवीनगर पांवटा साहिब अपने घर में चिट्टा बेचने का धंधा करता है। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी से 11.01 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस आरोपी का अदालत से पुलिस रिमांड लेने की प्रक्रिया में जुटी हुई है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी यह नशे की खेप कहां से लेकर आया था और इसे किन लोगों तक सप्लाई करने की तैयारी में था, ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके।

# धर्मपुर और टकसाल जिला परिषद वार्ड के लिए 12 उम्मीदवार मैदान में, चुनाव चिन्ह आवंटित

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन जिला के कसौली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिला परिषद वार्ड धर्मपुर और टकसाल में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी कसौली महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों वार्डों से कुल 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने जानकारी दी कि धर्मपुर वार्ड से गोपाल दत्त तथा टकसाल वार्ड से संजीव शर्मा ने अपने नामांकन वापस ले लिए हैं। इसके बाद दोनों वार्डों में छह-छह प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे।

धर्मपुर वार्ड में अजय कुमार को 'ताला और चाबी', कृपाल सिंह को 'मेज का पंखा', जगदीश पाल को 'छाता', दुनी चंद को 'जीप', नेत्र सिंह को 'कप-प्लेट' तथा सोकृत कुमार को 'फुटबॉल' चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। टकसाल वार्ड में अशोक कुमार को 'ताला और चाबी', ध्यान सिंह को 'मेज का पंखा', निखिल ठाकुर को 'छाता', पंकज शर्मा को 'जीप', यश ठाकुर को 'कप-प्लेट' और हुमक चंद को 'फुटबॉल' चुनाव चिन्ह मिला है।

## डांगरी व चेवा से 5 उम्मीदवार मैदान में

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन क्षेत्र के तहत आने वाले जिला परिषद वार्ड डांगरी तथा चेवा के लिए कुल पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी एवं उपमण्डलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल ने दी। डॉ. पूनम बंसल ने कहा कि जिला परिषद वार्ड नंबर-6 डांगरी से अनीता, निवासी गांव एवं डाकघर ओच्छघाट ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद वार्ड नंबर-7 चेवा से आरती, निवासी ढिल्लों, डाकघर सुल्लतानपुर, सोलन ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। उन्होंने कहा कि ज़िला परिषद वार्ड नंबर-6 डांगरी से वनिता, निवासी गांव ममलाडा, डाकघर जौणाजी, सोलन को 'ताला और चाबी' चुनाव चिन्ह तथा शीला देवी, निवासी गांव शिल्ली, डाकघर दामकड़ी, सोलन को 'मेज़ का पंखा' चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। डॉ. पूनम बंसल ने कहा कि ज़िला परिषद वार्ड नंबर-7 चेवा से किरण, निवासी डाकघर कुमारहट्टी, चेवा, वार्ड नंबर-7, सोलन को 'ताला और चाबी' चुनाव चिन्ह, शारदा कश्यप, निवासी ढिल्लों, डाकघर सुल्लतानपुर, सोलन को 'मेज़ का पंखा' तथा सुमन लता, निवासी गांव प्राथा कला, पंचायत एवं डाकघर हरिपुर, सोलन को 'छाता' चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।

## सिरमौर : जिप सदस्य पदों के लिए 53 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव हेतु नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभिन्न पदों के लिए चुनाव मैदान में उतरने वाले उम्मीदवारों की अंतिम स्थिति स्पष्ट हो गई है। जिला परिषद सदस्य पद के लिए कुल 74 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे, जिनमें से 72 वैध पाए गए। नाम वापसी के बाद अब 53 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 474 नामांकन पत्र दाखिल हुए। जांच के दौरान 6 नामांकन पत्र निरस्त किए गए और 468 नामांकन वैध पाए गए। नाम वापसी के बाद 336 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि कुछ सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध भी चुने गए हैं। प्रधान पद के लिए 1430 नामांकन पत्र दाखिल हुए, जिनमें से 10 निरस्त हुए और 1420 वैध पाए गए। नाम वापसी के बाद 826 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। उप-प्रधान पद के लिए 1204 नामांकन पत्र दाखिल हुए, जिनमें 647 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं वार्ड सदस्य पद के लिए 2801 नामांकन पत्र दाखिल हुए थे। 26 नामांकन निरस्त होने के बाद 2047 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। प्रशासन ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## जंक फूड के दुष्प्रभाव व तनाव प्रबंधन पर कार्यक्रम आयोजित

*अनंत ज्ञान, अर्की। अर्की स्वास्थ्य विभाग द्वारा लक्ष्य इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन मंज्याट में एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जंक फूड के दुष्प्रभाव, नशा निवारण, तनाव प्रबंधन तथा टीबी, एचपीवी, थैलेसीमिया, ओवेरियन कैंसर और डेंगू जैसी बीमारियों के प्रति जागरूकता विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं बीमारियों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य डॉ. प्रेम गुप्ता हेमेंद्र सलारिया, एमएचएस अर्की स्वास्थ्य विभाग तथा आशा कार्यकर्ता रमा शर्मा और रजनी शर्मा उपस्थित रहीं।*

## न्यूज ब्रीफ

### मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण : मनमोहन शर्मा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने जानकारी दी कि 17 मई, 2026 को नगर निगम सोलन के सभी 17 वार्डों में होने वाले मतदान की पूरी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान का समय प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। नगर निगम सोलन में कुल 38 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें कुछ को महिला मतदान केंद्र घोषित किया गया है, जैसे वार्ड नंबर-2 और वार्ड नंबर-8। इसके अलावा 14 मतदान केंद्रों का संचालन पूरी तरह महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। परवाणू, कंडाघाट और अर्की जैसे शहरी निकायों में भी सभी वार्डों के लिए मतदान केंद्र स्थापित कर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अधिकारियों के अनुसार मतदान एवं मतगणना की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित हैं और आवश्यक पूर्वाभ्यास के बाद पोलिंग पार्टियों को उनके केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है।

### धुन्दन विद्यालय में विद्यार्थियों को जल संरक्षण विषय पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुन्दन में प्रार्थना सभा के दौरान प्रधानाचार्या मनोरमा कुमारी चड्ढा के निर्देशानुसार कलाम सदन प्रभारी शिव कुमार ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण जैसे संवेदनशील विषय पर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर 71 प्रतिशत जल मौजूद है, लेकिन पीने योग्य जल केवल एक प्रतिशत ही उपलब्ध है। आज शुद्ध जल की कमी का मुख्य कारण जल का अनुचित उपयोग और दुरुपयोग है। शिव कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पानी की हर बूंद को बचाने का संकल्प लें, क्योंकि जल ही जीवन है और जल है तो कल है।

### आज बंद रहेंगी दुकानें व वाणिज्यिक प्रतिष्ठान मतदान के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित

**अनंत ज्ञान,राजगढ़/ नाहन।** नगर परिषद नाहन, पांवटा साहिब और नगर पंचायत राजगढ़ में शहरी निकाय के आम चुनाव के चलते मतदान दिवस पर 17 मई 2026 को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने यह अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि नगर परिषद नाहन, पांवटा साहिब तथा नगर पंचायत राजगढ़ के क्षेत्राधिकार में सभी सरकारी कार्यालय, बोर्ड, निगम, शैक्षणिक संस्थान और औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा नगर निगम व नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित दुकानें और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान 17 मई को बंद रहेंगे। उपायुक्त ने बताया कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों तथा औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए भी यह सवैतनिक अवकाश माना जाएगा। उपायुक्त ने सभी मतदाताओं से अपना मतदान आवश्यक रूप से करने की अपील करते हुए कहा कि यह मतदान प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक किया जाएगा।

### सराहां में शनि मंदिर में मनाई शनि जयंती, हजारों भक्तों ने नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, सराहां।** जिला सिरमौर के पच्छाद उपमंडल में सराहां के समीप शनि मंदिर में शनिवार को धूमधाम से शनि जयंती का आयोजन किया गया। मंदिर कमेटी की ओर से भंडारे का विशेष आयोजन किया था। शनि मंदिर के पुजारी गौतम डकौत ने बताया कि शनि जयंती के लिए एक सप्ताह पूर्व महाराष्ट्र के शनि शिंगणापुर से विशेष रूप से ज्योत लाई गई है, जो निरंतर जल रही है। वही हिंदू धर्म में शनि देव को कर्मफल दाता माना जाता है। 2026 की शनि जयंती आध्यात्मिक दृष्टि से बेहद खास है। 13 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद एक ऐसा दुर्लभ शनिवार का संयोग बना है, जो भक्तों के लिए कष्टों से मुक्ति का सुनहरा अवसर लेकर आया है।

## सोलन नगर निगम चुनाव में भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर

# वार्ड नंबर 2, 3, 7 व 12 में निर्दलीय उम्मीदवारों से मुकाबले होंगे रोचक

### 34 हजार से अधिक मतदाता आज करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** सोलन नगर निगम चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरम है और 17 मई 2026 को होने वाले मतदान में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा और कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। इस चुनाव में 17 वार्डों के लिए कुल 34,147 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 17,274 पुरुष, 16,872 महिला और एक अन्य मतदाता शामिल हैं। मतदान के लिए 36 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और प्रक्रिया सुबह 7 से शाम 3 बजे तक चलेगी।

यह चुनाव दोनों प्रमुख दलों के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। कांग्रेस अपनी मौजूदा स्थिति और नगर निगम में पकड़ बनाए रखने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है, जबकि भाजपा सत्ता में वापसी के लिए जोरदार प्रयास कर रही है। प्रचार के अंतिम चरण में दोनों दलों ने अपने शीर्ष नेताओं को मैदान में उतार दिया। कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री सुखविंद्रसिंह सुक्खू, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, विधायक संजय अवस्थी, पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल सक्रिय रहे। वहीं भाजपा की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने चुनावी मोर्चा संभाला और कई वार्डों में जनसभाएं व नुक्कड़ बैठकों के जरिए माहौल बनाया।

चार वार्ड नंबर 2, 3, 7 और 12 में निर्दलीय प्रत्याशियों की मजबूत मौजूदगी ने मुकाबले को और अधिक रोचक बना दिया है। इन वार्डों में त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति बन रही है, जिससे दोनों प्रमुख दलों की रणनीति प्रभावित हो सकती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि परिणाम किसी दल के पक्ष में स्पष्ट बहुमत नहीं देते, तो निर्दलीय प्रत्याशी सत्ता गठन में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि बहुमत के लिए 9 सीटों की आवश्यकता होगी। इस चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा पेयजल संकट है। भाजपा ने नई जल आपूर्ति योजना और रेन हार्वेस्टिंग टैंक का वादा किया है, जबकि कांग्रेस सस्ती दरों पर पानी उपलब्ध कराने और नई पाइपलाइन बिछाने की बात कर रही है। इसके अलावा पार्किंग, कूड़ा प्रबंधन, फुटपाथ विकास और सीवरेज व्यवस्था भी प्रमुख मुद्दे बने हुए हैं। 2021 में कांग्रेस ने नगर निगम सोलन में बहुमत हासिल किया था, इसलिए इस बार वह अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश कर रही है, जबकि भाजपा वापसी के लिए पूरी ताकत लगा रही है।

## निर्विरोध चुनी गईं कंडाघाट की काहला, बशील पंचायतें

अनंत ज्ञान

**कंडाघाट।** विकास खंड कंडाघाट की ग्राम पंचायत काहला और बशील निर्विरोध चुनी गई। इसके मुताबिक ग्राम पंचायत काहला में राजेश ठाकुर प्रधान, सुरेश कुमार उपप्रधान, वार्ड बधावनी से रीना, दाऊटी एक से राकेश कुमार, दाऊटी दो से सीमा, घड़ोई वार्ड से रीना और काहला वार्ड 5 से रक्षा ठाकुर वार्ड सदस्य बनी। ग्राम पंचायत बशील से किरण प्रधान, बलवीर उप प्रधान, वार्ड नेरी एक से कौशल्या देवी, नेरी दो से वीना देवी, जखडीऊ से कैलाश चंद, बशील से राज कुमार और थान से पूनम शर्मा वार्ड सदस्य बनी। इन पंचायतों को निर्विरोध चुने जाने की पुष्टि एआरओ काहला रंजीत सिंह और रिटर्निंग ऑफिसर एवं खंड विकास अधिकारी ओपी शर्मा ने की।

उन्होंने बताया कि इन पंचायतों से इन पदों के लिए जितने उम्मीदवारों ने नामांकन किए थे, वह निर्वाचित पदाधिकारियों के अतिरिक्त शुक्रवार को नाम वापसी के अंतिम दिन सर्वसम्मति से वापस लिए गए और ये पंचायतें निर्विरोध चुनी गईं। उन्होंने बताया कि इन पंचायतों में अब केवल बीडीसी और जिला परिषद की वोटिंग के लिए पोलिंग बूथ लगेंगे।

## राजगढ़ नगर पंचायत चुनाव : पोलिंग पार्टियां रवाना, आज होगा मतदान

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** नगर पंचायत चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि रवाना करने से पहले उम्मीदवारों की मौजूदगी में ईवीएम मशीनों को निकाला गया व संबंधित पोलिंग पार्टियों को सौंपा गया। नगर पंचायत के 7 वार्डों के लिए 7 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। वार्ड नंबर 1 के लिए पीडब्ल्यूडी कार्यालय, वार्ड 2 के लिए पटवारी कार्यालय, वार्ड 3 के लिए नगर पंचायत कार्यालय, वार्ड 4 के लिए पीएम श्री गवर्नमेंट प्राइमरी केंद्रीय पाठशाला, वार्ड 5 के लिए पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, वार्ड 6 के लिए नगर पंचायत कार्यालय तथा वार्ड 7 के लिए कृषि विभाग कार्यालय में मतदान होगा।

## नौणी एग्रोफॉरेस्ट्री केंद्र को विस्तार गतिविधियों में मिला राष्ट्रीय सम्मान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी (सोलन) के सिल्विकल्चर एवं एग्रोफॉरेस्ट्री विभाग के अंतर्गत संचालित ऑल इंडिया कोऑर्डिनेटर रिसर्च प्रोजेक्ट ऑन एग्रोफॉरेस्ट्री को किसानों एवं हितधारकों के बीच एग्रोफॉरेस्ट्री के विस्तार एवं प्रचार-प्रसार में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित डॉ. एस चिन्नामणि अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन एग्रोफॉरेस्ट्री एक्सटेंशन-2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान इंडियन सोसायटी ऑफ एग्रोफॉरेस्ट्री और सेंट्रल एग्रोफोरेस्ट्री रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एग्रोफोरेस्ट्री दिवस समारोह के दौरान संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। यह पुरस्कार डीडीजी प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन डॉ. एके नायक द्वारा प्रदान किया गया, जिन्होंने हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में एग्रोफोरेस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। देशभर के 37 एआईसीआरपी-एग्रोफॉरेस्ट्री एग्रोफोरेस्ट्री केंद्रों में से इस केंद्र को जन-जागरूकता कार्यक्रमों और किसान-केंद्रित विस्तार गतिविधियों के लिए विशेष पहचान मिली है।

## नीलम ने राष्ट्रीय नर्सिंग परीक्षा में हासिल किया 384वां रैंक

अनंत ज्ञान



**अर्की।** अर्की उपमंडल की ग्राम पंचायत प्लानिया के धरैल गांव की बेटी नीलम ठाकुर ने राष्ट्रीय स्तर की नर्सिंग परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नीलम ठाकुर ने नर्सिंग ऑफिसर रिक्रूटमेंट कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट में 99.64 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर 384वां रैंक हासिल किया है। यह परीक्षा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित की जाती है, जिसके माध्यम से देशभर के विभिन्न एम्स संस्थानों और केंद्रीय अस्पतालों में नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर भर्ती की जाती है। नीलम ठाकुर पूर्व प्रधान यशवंत सिंह उर्फ राजू की सुपुत्री हैं, जबकि उनकी माता कौशल्या देवी गृहिणी हैं। बेटी की इस उपलब्धि पर परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नीलम ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बथालंग से प्राप्त की, जबकि 12वीं कक्षा की पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घणाहट्टी से पूरी की। इसके बाद उन्होंने सिस्टर निवेदिता राजकीय नर्सिंग कॉलेज आईजीएमसी से बीएससी नर्सिंग की डिग्री हासिल की। नीलम की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## विभागीय टीम ने किया सेरा स्कूल में औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय माध्यमिक पाठशाला सेरा एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला सेरा का निरीक्षण शिक्षा विभाग की टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण टीम में शिक्षा उपनिदेशक (गुणवत्ता) राजेंद्र वर्मा, प्रिंसिपल (इंस्पेक्शन) भरत तथा खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी (इंस्पेक्शन) रंजना नायर शामिल रहे। निरीक्षण टीम के साथ तेजेंद्र भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने विद्यालय के विभिन्न अभिलेखों एवं रिकॉर्ड की गहन जांच की। साथ ही विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर, पठन-पाठन गतिविधियों तथा विद्यालय में चल रही शैक्षिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। टीम ने विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछकर उनकी सीखने की उपलब्धियों का मूल्यांकन किया। निरीक्षण उपरांत विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर एवं विद्यालय की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। निरीक्षण टीम ने विद्यालय स्टाफ के कार्यों की सराहना की।

**अपील** 17 मई को चारों नगर निगमों में कमल खिलाकर भाजपा को विजय बनाएं : डॉ. राजीव बिंदल

# सोलन, धर्मशाला, मंडी व पालमपुर में जीत से शुरू होगा विकास का दौर

अनंत ज्ञान

**नाहन, सोलन।** राजीव बिंदल ने डॉ. सोलन, धर्मशाला, मंडी और पालमपुर नगर निगम चुनावों को लेकर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि 17 मई को होने वाले इन चुनावों में यदि जनता भाजपा को समर्थन देती है तो चारों नगर निगमों में विकास का नया दौर शुरू होगा और कांग्रेस सरकार की कथित विफलताओं से राहत मिलेगी।

डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले महिलाओं को 1500 प्रतिमाह, एक लाख सरकारी नौकरियां, पांच लाख रोजगार और 300 यूनिट मुफ्त बिजली जैसी कई गारंटियां दी थीं, लेकिन इनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस फिर से नई घोषणाओं के जरिए जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में महंगाई बढ़ी है और बिजली सहित कई सेवाओं के दाम बढ़ाए गए हैं, जिससे आम जनता, व्यापारी और कर्मचारी वर्ग प्रभावित हुआ है। उनके अनुसार, प्रदेश में विकास कार्यों पर भी असर पड़ा है और कई योजनाएं धीमी पड़ गई हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि भाजपा की सरकार बनने पर सोलन, धर्मशाला, मंडी और पालमपुर में आधारभूत ढांचे, स्वच्छता, पेयजल, सड़क और पार्किंग जैसी सुविधाओं को तेजी से विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश के विकास को नई गति दी जा सकती है और भाजपा इसके लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे भाजपा को समर्थन देकर नगर निगमों में पारदर्शी और विकासोन्मुखी प्रशासन स्थापित करें, ताकि चारों शहरों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

## कांग्रेस सरकार ने साढ़े तीन साल में नाहन का विकास रोका : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

अनंत ज्ञान



**नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने नाहन नगर परिषद चुनावों को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। नाहन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रबुद्ध मतदाताओं से भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में कांग्रेस सरकार ने नाहन के विकास कार्यों को पूरी तरह ठप कर दिया और शहर को विकास के बजाय अव्यवस्था तथा बंदी की राजनीति की ओर धकेल दिया। डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में नाहन में न तो कोई नई पार्किंग बनी और न ही कोई नया पार्क विकसित किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य रोक दिया गया, नर्सिंग कॉलेज का काम अधूरा छोड़ दिया गया तथा माता एवं शिशु अस्पताल जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं भी ठंडे बस्ते में डाल दी गईं। उन्होंने कहा कि सरकार ने विकास के बजाय संस्थानों पर ताले लगाने का काम किया, जिससे जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

भाजपा सरकार के दौरान नाहन में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए थे। शहर में मल्टी स्टोरी पार्किंग, पार्कों का निर्माण और पेयजल संकट के समाधान के लिए कई योजनाएं शुरू की गई थीं। मेडिकल कॉलेज के नए भवनों के निर्माण से नाहन को नई पहचान मिली थी। उन्होंने विश्वास जताया कि अगले वर्ष प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी और सत्ता में आते ही नाहन में विकास का नया दौर शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अस्पतालों, स्कूलों, कॉलेजों, सीवरेज परियोजनाओं और पार्किंग सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

## नाहन में मालोवाला चौक पर ट्रक-बोलेरो में टक्कर, 4 घायल

अनंत ज्ञान

- दुर्घटना के बाद अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक
- तेज रफ्तार बनी हादसे का कारण, मामला दर्जकर जांच में जुटी पुलिस
- सभी घायल अस्पताल में उपचाराधीन

**नाहन।** 15 मई की देर शाम को थाना नाहन में अमृत बहादुर निवासी गांव ओलीवाला गड्डा, तहसील नाहन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह अपनी बोलेरो गाड़ी में अपनी बुआ बिमला देवी और भतीजे कार्तिक के साथ शंभुवाला कोटड़ी की ओर जा रहा था। जैसे ही वाहन मालोवालां चौक सड़क पर पहुंचा, उसी दौरान नाहन की ओर से आ रहा ट्रक कथित रूप से तेज रफ्तार में आया और बोलेरो वाहन से टकरा गया।

टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया और दोनों वाहनों को नुकसान पहुंचा। इस दुर्घटना में बोलेरो में सवार अमृत बहादुर, बिमला देवी और कार्तिक सहित ट्रक चालक मोहम्मद जगुप और उसके साथ मौजूद सिकंदर सिंह को चोटें आई हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए भेजा गया है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुर्घटना के कारणों की पुष्टि की जा रही है और दोनों वाहनों की स्थिति का भी निरीक्षण किया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की सूचना मिलने के बाद थाना नाहन पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# नीट पेपर लीक केस में पुणे से एक और टीचर गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नीट पेपर लीक मामले में पुणे से एक और टीचर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सीनियर बॉटनी टीचर मनिषा गुरुनाथ मांधरे के रूप में की गई है। आरोप है कि उसने परीक्षा से पहले छात्रों को बॉटनी और जूलॉजी के कई सवाल बताए थे। छात्रों को बताए गए अधिकांश सवाल 3 मई 2026 को आयोजित नीट परीक्षा के असली प्रश्नपत्र में थे। सीबीआई के मुताबिक मनिषा गुरुनाथ मांधरे को एनटीए ने नीट परीक्षा में एक्सपर्ट के तौर पर नियुक्त किया था।

उसके पास बॉटनी और जूलॉजी के प्रश्नपत्रों तक पूरी पहुंच थी। जांच एजेंसी के अनुसार अप्रैल 2026 में आरोपी टीचर ने पुणे की ही रहने वाली मनिषा वाघमारे के जरिए नीट अभ्यर्थियों को जुटाया। मनिषा वाघमारे को सीबीआई पहले ही 14 मई को गिरफ्तार कर चुकी है। सीबीआई का दावा है कि मांधरे ने अपने पुणे स्थित घर पर स्पेशल कोचिंग क्लास चलाई।

इन क्लास में उन्होंने बॉटनी और जूलॉजी के कई सवाल छात्रों को समझाए, नोटबुक में लिखवाए और किताबों में मार्क करवाए। पेपर में ज्यादातर वही सवाल आए थे। (अनंत ज्ञान)

◆ **बॉटनी-जूलॉजी के जो सवाल बताए, एग्जाम में वही आए**

### मामले में अब तक 9 आरोपी गिरफ्तार




**मामले** में सीबीआई ने अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 5 महाराष्ट्र के नासिक और पुणे के हैं। पुणे का ही पीवी कुलकर्णी मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। 9 में से 5 आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 7 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। वहीं, गुरुवार को गिरफ्तार दो अन्य आरोपियों को पुणे कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया है। उन्हें दिल्ली की अदालत में पेश किया जा रहा है।

# आतंकवादियों को पनाह देना बंद करे पाकिस्तान : सेना प्रमुख

## कहा-पड़ोसी को तय करना होगा कि वह भूगोल का हिस्सा रहना चाहता है या इतिहास का

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि अगर पाकिस्तान लगातार आतंकवादियों को पनाह देता रहा और भारत के खिलाफ आतंकवाद जारी रखा, तो उन्हें खुद यह तय करना होगा कि वे आने वाले समय में भूगोल का हिस्सा बने रहना चाहते हैं या इतिहास का। दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में 'सेना संवाद' कार्यक्रम में फिर से 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी परिस्थितियां बनने के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने यह बयान दिया। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान को भारत विरोधी आतंकवादियों को पनाह देना बंद करना होगा।

चीन ने शनिवार को पहली बार सार्वजनिक तौर पर माना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसने पाकिस्तान को मदद दी थी। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक चीनी सरकारी मीडिया पर प्रसारित इंटरव्यू में चेंगदू एयरक्राफ्ट डिजाइन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के इंजीनियर झांग हेंग ने कहा कि उनकी टीम पाकिस्तान में तकनीकी सहायता दे रही थी।

उन्होंने बताया कि उनका काम लड़ाकू विमानों और उनसे जुड़े सिस्टम को पूरी तरह युद्ध के लिए तैयार रखना था। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान एयरफोर्स चीन में बने लड़ाकू विमान इस्तेमाल करती है। ये विमान एवीआईसी की सहायक कंपनी बनाती है।

इससे पहले 12 मई को विदेश मंत्रालय ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान चीन के पाकिस्तान को समर्थन देने पर कहा कि आतंकवाद की रक्षा करने वाले देशों को दुनिया देख रही है कि वे खुद को किसके साथ जोड़ रहे हैं। उन्हें इस बात पर विचार करना चाहिए कि ऐसे काम से उनकी प्रतिष्ठा पर क्या प्रभाव पड़ता है।



◆ **चीन ने मानी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को मदद करने की बात**

### सोची-समझी कार्रवाई था ऑपरेशन सिंदूर

**विदेश** मंत्रालय ने कहा कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए आतंकवादियों पर हमला करता है। पहलगाम में हुए आतंकी हमलों के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए करारा जवाब दिया है। यह एक सोची-समझी कार्रवाई थी, जिसका मकसद पाकिस्तान की मदद से चल रहे आतंकी अड्डों को पूरी तरह खत्म करना था। हाल ही में 7 मई को भारत ने ऑपरेशन की पहली वर्षगांठ मनाई है। ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 भारतीय नागरिकों की हत्या कर दी गई थी।

# जो टीएमसी छोड़कर जाना चाहता है जाए : ममता बनर्जी

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कोलकाता में पार्टी कार्यकर्ताओं से टीएमसी के संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम पार्टी दफ्तरों को दोबारा खोलेंगे, उन्हें रंगेंगे और मजबूती से काम पर लौटेंगे। जरूरत पड़ी तो मैं खुद भी दफ्तरों को पेंट करने के लिए तैयार हूं। इसके बाद उन्होंने कहा कि जो लोग दूसरी पार्टियों में जाना चाहते हैं, वे पूरी तरह आजाद हैं और वे किसी को भी जबरदस्ती रोक कर रखने में यकीन नहीं रखतीं। बैठक के दौरान ममता के भतीजे और पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)



### जनादेश लूटा गया

**बैठक** में ममता ने कहा कि चुनाव के नतीजों में भले ही टीएमसी को 80 सीटें मिली हों, लेकिन यह जनादेश की लूट है। इससे उनका हौसला नहीं टूटेगा। 21 मई को फालता सीट पर होने वाले उपचुनाव के उम्मीदवार भी मौजूद थे। दरअसल, फालता में 29 अप्रैल को वोटिंग हुई थी, लेकिन ईवीएम छेड़खानी के आरोपों के बाद चुनाव आयोग ने वहां दोबारा वोटिंग कराने का फैसला किया। 4 मई को आए नतीजों में भाजपा को 207 सीटें मिली थीं।

### आसनसोल में पुलिस चौकी में तोड़फोड़

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के आसनसोल में लाउडस्पीकर की आवाज कम करने के निर्देश के बाद शुक्रवार रात को तनाव फैल गया। रेलपार इलाके में भीड़ ने पुलिस चौकी में तोड़फोड़ और पथराव किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस प्रशासन ने राज्य सरकार के निर्देश पर आसनसोल के कई हिस्सों में लाउडस्पीकर की आवाज कम रखने को कहा था। इसी सिलसिले में दिन में रेलपार इलाके में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच बातचीत हुई थी। शाम को बड़ी संख्या में लोग पुलिस चौकी पहुंच गए। भीड़ ने चौकी पर पथराव किया। घटना में कुछ पुलिसकर्मियों को चोट आई है।

# एनसीबी ने जब्त की 182 करोड़ की ड्रग

## शाह बोले- यह जिहादी ड्रग, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सराहना की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने कैप्टागॉन की तस्करी में शामिल एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह से लगभग 227.7 किलोग्राम कैप्टागॉन जब्त किया गया है। जिसे जिहादी ड्रग भी कहते हैं, इसकी कीमत 182 करोड़ रुपए है। गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कैप्टागॉन की पहली खेप जब्त करने के लिए एजेंसी की सराहना की। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने नशामुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया है।



एमएचए ने एक बयान में कहा कि सुचना मिलने पर नई दिल्ली के नेब सराय में एक घर की पहचान की गई और 11 मई को वहां तलाशी ली गई, जिसके दौरान एक कमर्शियल चपाती-काटने वाली मशीन में छिपाई गई लगभग 31.5 किलो कैप्टागॉन टैबलेट बरामद हुई। इस मशीन को सऊदी अरब के जेद्दाह में एक्सपोर्ट करने का इरादा था। नेब सराय का यह घर एक सीरियाई नागरिक ने किराए पर लिया था, जो 15 नवंबर 2024 को टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था। (अनंत ज्ञान)

### कैप्टागॉन को क्यों कहते हैं जिहादी ड्रग?

**कैप्टागॉन** फेनेथिलिन से जुड़ा है। यह 1960 के दशक में बनाया गया एक सिंथेटिक स्टिमुलेंट (उत्तेजक) है। इसका गलत इस्तेमाल और तस्करी पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में एक्टिविस्ट और कॉन्फ्लिक्ट जोन के नेटवर्क से जुड़ी है। इसे जिहादी ड्रग का नाम इसलिए मिला क्योंकि इस ड्रग के असर से इसका इस्तेमाल करने वाले लोग लंबे समय तक जाग पाते थे। डर और थकान को दबाया जा सकता है। इसके इस्तेमाल से तनाव वाले हालात में लंबे समय तक लड़ाई जैसी गतिविधियों को जारी रखा जा सकता है।

# हाईकोर्ट के फैसले के बाद भोजशाला में करवाया हनुमान चालीसा पाठ

**एजेंसी, धार**

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने धार स्थित विवादित भोजशाला-कमाल मौला परिसर को राजा भोज के समय का वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर माना है। पूजा-पाठ की अनुमति मिलने के बाद शनिवार सुबह श्रद्धालुओं और अलग-अलग समितियों के पदाधिकारियों ने शांतिपूर्ण माहौल में भोजशाला पहुंचकर दर्शन और पूजा-अर्चना की।

लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया कि हाईकोर्ट ने 7 अप्रैल 2003 के एएसआई आदेश को आंशिक रूप से निरस्त कर दिया है। इस आदेश में मुस्लिम समुदाय को शुक्रवार को तय अवधि के लिए नमाज की अनुमति दी गई थी। (अनंत ज्ञान)

### श्रद्धालु बोले- भोजशाला मंदिर था, है और रहेगा

दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने कहा कि सालों बाद उन्हें बिना रोक-टोक पूजा करने का अवसर मिला है। भोजशाला मुक्ति यज्ञ के संयोजक गोपाल शर्मा ने कहा, 'भोजशाला का कण-कण यह दर्शाता है कि यह एक मंदिर है।' मुस्लिम पक्ष की आगे की कानूनी कार्रवाई पर उन्होंने कहा कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट जाने की पूरी स्वतंत्रता है, लेकिन भोजशाला मंदिर था, मंदिर है और हमेशा मंदिर ही रहेगा। फिलहाल पूरे धार शहर और भोजशाला परिसर की स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# कश्मीर में 28 दिन में 733 ड्रग तस्कर काबू

## 47 के घर पर बुलडोजर चला, 114 केमिस्ट दुकानों के लाइसेंस सस्पेंड

**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू और कश्मीर में पिछले 28 दिनों में ड्रग तस्करी नेटवर्क से जुड़े 733 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान आरोपी ड्रग पेडलर्स के 47 घरों पर बुलडोजर चलाया गया। अपराधियों की आवाजाही रोकने के लिए 373 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए और नियमों का उल्लंघन करने पर 114 केमिस्ट दुकानों के लाइसेंस भी सस्पेंड कर दिए गए हैं।

दरअसल, एलजी मनोज सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर में ड्रग तस्करी खत्म करने के लिए 100 दिनों का अभियान शुरू किया था। पुलिस के मुताबिक यह मामला 14 जनवरी 2026 का है। उस दिन जम्मू के नरवाल स्थित राजीव नगर निवासी अरुण सिंह को नाका चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया था। उसके कब्जे से 5.61 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। इसके बाद एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। (अनंत ज्ञान)



### 180 आधार कार्ड डिएक्टिवेट किए गए

**ड्रग** तस्करों से जुड़े 180 आधार कार्ड डिएक्टिवेट (निष्क्रिय) कर दिए गए। इसके साथ ही सरकार ने आम जनता से अपील की है कि वे नशीली दवाओं से जुड़ी किसी भी गतिविधि की जानकारी सामने आकर दें।

### तस्कर की 93 लाख की संपत्ति अटैच

**जम्मू-कश्मीर** पुलिस ने ड्रग्स तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चंडीगढ़ में करीब 93 लाख रुपए की संपत्ति अटैच की है। यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट के तहत जम्मू के बाग-ए-बाहु थाना में दर्ज एक मामले से जुड़ी है।

# धोखाधड़ी से प्रॉपर्टी हथियाने वाली दंपती शहर में सक्रिय

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** रामदरबार क्षेत्र के कुछ निवासियों ने एक ही परिवार पर धोखाधड़ी कर उनकी संपत्तियों पर कब्जा करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने जब इसकी शिकायत सेक्टर-31 थाना पुलिस से की, तो उनकी सुनवाई नहीं हुई और आरोपी पक्ष का साथ दिया गया।




प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत करते हुए रामदरबार निवासी राम सुमेर, हनुमान और सेक्टर-52 निवासी अशोक कुमार ने आरोप लगाया कि मनोज माधव झा, उनकी पत्नी सरिता झा और पुत्र दीपक झा ने पहले भरोसे में लेकर उनसे संपर्क बढ़ाया और फिर धीरे-धीरे उन्हें कागजी धोखाधड़ी के जरिए संपत्ति से वंचित कर दिया।

राम सुमेर ने बताया कि मनोज झा से उनकी मुलाकात एक कार्यक्रम के दौरान हुई थी। इसके बाद उसने खुद को प्रभावशाली बताते हुए मकान किराए पर देने का प्रस्ताव रखा। आरोप है कि रेंट एग्रीमेंट के नाम पर उनसे दस्तखत करवाए गए, जिन्हें बाद में पावर ऑफ अटॉर्नी के दस्तावेजों में बदलकर मकान अपने नाम कर लिया गया। जब उन्होंने विरोध किया तो उन्हें धमकियां दी गईं और कहा गया कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। हनुमान ने आरोप लगाया कि उनके बूथ पर भी इसी तरह कब्जा कर लिया गया। उनके अनुसार, उनकी अनुपस्थिति में शटर तोड़कर अंदर सामान रख दिया गया और बाद में कहा गया कि संपत्ति अब उनकी है। विरोध करने पर उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट भी की गई।

अशोक कुमार ने कहा कि कुछ समय के लिए बाहर जाने के दौरान उनके मकान की देखभाल के नाम पर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाए गए और बाद में संपत्ति पर कब्जा कर लिया गया। पीड़ितों का आरोप है कि उन्होंने कई बार सेक्टर-31 थाना पुलिस और उच्च अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, पीड़ितों के वकील जीएस रंगी ने कहा कि मामला गंभीर है और वह अदालत में पूरी मजबूती से पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही पीड़ितों को न्याय मिलेगा और दोषियों पर कार्रवाई होगी।

# हिसार : कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने घटाया वाहन काफिला

**अनंत ज्ञान, हिसार।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को आत्मसात करते हुए अपने सरकारी वाहन काफिले की संख्या में कमी की है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने अपने काफिले में शामिल एस्कॉर्ट वाहन और स्टाफ कार को हटा दिया है। उन्होंने कहा कि शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों से सरकारी संसाधनों के संयमित उपयोग तथा सादगीपूर्ण जीवनशैली अपनाने की अपील की है। इसी भावना के अनुरूप उन्होंने यह कदम उठाया है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सेवा, सुशासन और सादगी की नई कार्य संस्कृति विकसित हुई है, जिससे प्रेरित होकर वे भी जनहित में ऐसे सकारात्मक निर्णय लेते रहेंगे। ज्ञात रहे कि इससे पहले भी प्रदेश के कई मंत्री अपने काफिले में वाहनों की संख्या कम कर चुके हैं वहीं कई मंत्रियों ने साइकिल से या पैदल चलकर प्रधानमंत्री के आह्वान को आत्मसात किया।

# मजीठा में कांग्रेस को लगा बड़ा झटका कई नेता आम आदमी पार्टी में शामिल



**अनंत ज्ञान**

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** मजीठा में आम आदमी पार्टी (आप) को बड़ी राजनीतिक बढ़त मिली है, जबकि कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। शनिवार को कांग्रेस के कई सीनियर नेता और जमीनी स्तर के कार्यकर्ता अपनी पार्टी छोड़कर आप में शामिल हो गए।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सभी नेताओं को औपचारिक रूप से आप में शामिल किया और उनका स्वागत किया। उनके साथ मजीठा इलाके के इंचार्ज तलबीर सिंह गिल भी मौजूद थे। कांग्रेस से आप में शामिल होने वाले खास नेताओं में परमजीत सिंह पम्मा, पलविंद्र सिंह पाली, जगदीप सिंह गोगा, अप्रमदीप सिंह अप्पू और अमनदीप सिंह शामिल हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि आप सरकार की नीतियां हर वर्ग की भलाई के लिए हैं। आज राज्य के लोग राजनीति से ऊपर उठकर विकास की राजनीति चुन रहे हैं। मजीठा से इन साथियों के शामिल होने से पार्टी को इलाके में बहुत ज़्यादा ताकत मिलेगी। हम सब मिलकर पंजाब को फिर से 'रंगला पंजाब' बनाएंगे।

दूसरी तरफ, तलबीर सिंह ने कहा कि मजीठा में कांग्रेस का ग्राफ पूरी तरह से गिर गया था और आज पार्टी के मेहनती नेताओं के 'आप' में शामिल होने से इलाके में पार्टी का बेस और मजबूत हुआ है। 'आप' में शामिल हुए सभी नेताओं ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का भी शुक्रिया अदा किया और कहा कि वे पार्टी की मज़बूती के लिए दिन-रात काम करेंगे।

# पानीपत : यमुना नदी में नहाने गए बाप-बेटी की डूबने से मौत

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** हरियाणा के पानीपत में यमुना नदी में नहाने गए पिता और बेटी की डूबने से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब परिवार के साथ नदी में स्नान कर रहे मनोज अपनी छोटी बेटी को बचाने के लिए पानी में उतरे। जानकारी के अनुसार, शनिवार को छुट्टी होने के कारण मनोज अपने परिवार के साथ यमुना तट पर घूमने और स्नान करने पहुंचे थे। नहाते समय उनकी छोटी बेटी कैरा अचानक गहरे पानी में डूबने लगी। बेटी को बचाने के लिए मनोज तुरंत नदी में कूद गए और किसी तरह उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

हालांकि, बेटी को बचाने के दौरान मनोज खुद बुरी तरह थक गए और तेज बहाव में संतुलन खो बैठे। उन्हें डूबता देख उनकी 13 वर्षीय बड़ी बेटी चांदनी भी पिता को बचाने के लिए नदी में उतर गई, लेकिन वह भी गहरे पानी और तेज बहाव में फंस गई। देखते ही देखते दोनों नदी में समा गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। गोताखोरों की टीम ने करीब दो घंटे तक सर्च ऑपरेशन चलाकर दोनों को नदी से बाहर निकाला। इसके बाद पिता-पुत्री को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया है। पोस्टमार्टम रविवार को किया जाएगा।

# पंजाब पुलिस बांधों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह सक्षम : गोयल

**अनंत ज्ञान**

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर आयोजित बैठक में पंजाब के कैबिनेट मंत्री बरिंद्र गोयल ने राज्य के अधिकारों और हितों को लेकर केंद्र सरकार के सामने सख्त रुख अपनाया। बैठक के बाद जारी बयान में उन्होंने कहा कि उन्होंने पंजाब की चिंताओं को विनम्रता के साथ रखा, लेकिन यह भी स्पष्ट कर दिया कि राज्य अपने अधिकारों पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा।



◆ **बीबीएमबी मुद्दे पर पंजाब का सख्त रुख केंद्र से टकराव के संकेत**

मंत्री ने बीबीएमबी में सदस्य नियुक्ति को लेकर हाल ही में किए गए नियम संशोधन पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि अब तक 50 वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार बिजली सदस्य पंजाब से और सिंचाई सदस्य हरियाणा से नियुक्त होता रहा है, लेकिन 13 अप्रैल के संशोधन में 'प्राथमिकता' शब्द जोड़कर व्यवस्था बदल दी गई है, जिससे असमंजस पैदा हुआ है।

सुरक्षा व्यवस्था पर भी उन्होंने केंद्र के फैसले का विरोध किया और बीबीएमबी परिसरों में सीआईएसएफ की तैनाती को अनुचित बताया। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस ने दशकों से बांधों की सुरक्षा सफलतापूर्वक संभाली है और कई चुनौतियों में अपनी भूमिका साबित की है। ऐसे में बाहरी बल की तैनाती संघीय ढांचे की भावना के खिलाफ है।

पानी के मुद्दे पर मंत्री ने कहा कि पंजाब पहले ही अपने भूजल का बड़ा हिस्सा खर्च कर अन्य राज्यों को पानी उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि नदियां पंजाब से होकर गुजरती हैं, इसलिए जल प्रबंधन में राज्य की भूमिका और अधिकारों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मंत्री ने केंद्र पर 'अनावश्यक हस्तक्षेप' का आरोप लगाते हुए कहा कि सहयोगात्मक व्यवस्था के बजाय दबाव बनाना उचित नहीं है।

# जींद : पुलिस मुठभेड़ के बाद 3 बदमाश गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जींद।** जींद पुलिस ने बड़ा बीड़ वन हांसी ब्रांच नहर क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जबकि एक अन्य आरोपी धरपकड़ के दौरान घायल हो गया।

डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज निरीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि तीन युवक अवैध हथियारों के साथ किसी वारदात की योजना बना रहे हैं और ईक्कस बाईपास नहर के पास खेतों में बैठे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान सहायक उपनिरीक्षक समरजीत बुलेट प्रूफ जैकेट पहने होने के कारण बाल-बाल बच गए। दो गोलियां उनकी जैकेट में लगीं, जबकि एक गोली पुलिस वाहन में जा लगी।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में भगत निवासी किलोई और अक्षय निवासी ढिगाना के पैर में गोली लगी। तीसरा आरोपी अंकित निवासी करेला भी घायल हो गया। बदमाशों ने पुलिस पर पांच राउंड फायर किए, जबकि पुलिस की ओर से सात राउंड फायरिंग की गई।

# मोहाली के सभी 50 वार्डों से कांग्रेस उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन

**अनंत ज्ञान**

**गुरनाम सागर, मोहाली।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलबीर सिंह सिद्धू के नेतृत्व में आज गमाडा भवन, मोहाली में नगर निगम चुनावों के लिए कांग्रेस पार्टी के सभी 50 वार्डों से उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।



◆ **कांग्रेस पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ेगी और जीतेगी : सिद्धू**

इस अवसर पर सिद्धू ने कहा कि कांग्रेस के सभी उम्मीदवार पढ़े-लिखे, ईमानदार और जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने दावा किया कि पार्टी हमेशा जनहित की राजनीति करती आई है और आने वाले चुनावों में जनता एक बार फिर कांग्रेस पर भरोसा जताएगी।

सिद्धू ने आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वार्डबंदी और वोटर सूचियों में बड़े पैमाने पर हेरफेर कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित किया गया है। उन्होंने इसे 'धक्केशाही की राजनीति' करार दिया। उन्होंने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं को वार्डबंदी के कारण टिकट नहीं मिल सका है, वे पार्टी के साथ मजबूती से खड़े रहें और उम्मीदवारों का समर्थन करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में कांग्रेस सरकार बनने पर सभी कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान दिया जाएगा। सिद्धू ने कहा कि कांग्रेस धर्मनिरपेक्ष, विकास समर्थक और जनहितैषी सोच के साथ काम करती है। उन्होंने दावा किया कि पिछले कांग्रेस शासनकाल में मोहाली में नर्सिंग कॉलेज, अस्पताल, डिस्पेंसरी और खेल स्टेडियम जैसी कई बड़ी परियोजनाएं शुरू की गई थीं।

उन्होंने आम आदमी पार्टी के स्थानीय विधायक कुलवंत सिंह पर विकास कार्यों को अधूरा छोड़ने का आरोप लगाया और कहा कि निगम में कांग्रेस की सरकार बनने पर सभी लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। अंत में सिद्धू ने लोगों से अपील की कि वे कांग्रेस उम्मीदवारों को भारी समर्थन देकर विजयी बनाएं, ताकि मोहाली में विकास को नई गति मिल सके।

# सीएम सैनी ने किया प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को यमुनानगर में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जिला स्तर के नेताओं के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने सरस्वती उद्गम स्थल श्री आदिबद्री नारायण मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की तरक्की की कामना की। उन्होंने इस मौके पर हरियाणा के विकास कार्यों की प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया।

सीएम सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बहनों-बेटियों को आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत 2100 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है। अब तक 9 लाख 76 हजार बहन-बेटियों को 1 हजार 415 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। गरीब महिलाओं को अपनी रसोई चलाने के लिए हर महीने केवल 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के लगभग 14 लाख 38 हजार पात्र बहनों के बैंक खातों में कुल 243 करोड़ रुपए की राशि डाली जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान हित हमारी नीतियों के केंद्र में है। आज किसानों की सभी 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। अब तक 12 लाख किसानों के खातों में फसल खरीद के एक लाख 80 हजार करोड़ रुपए डाले जा चुके हैं। प्रदेश में फसल खराब होने पर गत 11 सालों में किसानों को मुआवजे और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अब तक 16 हजार 160 करोड़ रुपये की राशि दी गई है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र के भाजपा जिला अध्यक्ष तेजिंद्र सिंह गोल्डी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुभाष सुधा, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, नगर निगम मेयर सुमन बहमनी, सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमिच, जिला परिषद चेयरमैन रमेश ठसका समेत अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

## स्पोर्ट्स विंडो

### सेंथिलकुमार और जोशना ने जीता राष्ट्रीय युगल स्क्वाश में मिश्रित युगल का खिताब

**एजेंसी, चेन्नई।** वेलवन सेंथिलकुमार और जोशना चिनप्पा की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां तीसरी एचसीएल राष्ट्रीय युगल स्क्वाश चैंपियनशिप में मिश्रित युगल का खिताब जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने फाइनल में अभय सिंह और रतिका सीलान की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 11-7, 11-9 से हराया। सेंथिलकुमार और जोशना दोनों ने इससे पहले टूर्नामेंट में अपने-अपने साथियों के साथ क्रमशः पुरुष और महिला युगल खिताब भी जीते थे। सेंथिलकुमार ने अभय के साथ मिलकर फाइनल में राहुल बैठा और सूरज कुमार चंद को 11-8, 11-5 से हराकर लगातार तीसरे वर्ष पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। महिला युगल के फाइनल में जोशना और रतिका ने जेनेट विधि और पूजा आरती को 11-8, 11-4 से हराया। (अनंत ज्ञान)

### चीन में एशियाई जूनियर स्क्वाश में भारत की चुनौती पेश करेंगे आर्यवीर

**एजेंसी, चेन्नई।** आर्यवीर दीवान चीन में इस महीने के आखिरी में होने वाली एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप में भारत की चुनौती पेश करेंगे। पिछले साल अंडर-17 लड़कों का खिताब जीतने वाले दीवान इस बार अंडर-19 वर्ग में उतरेंगे। टूर्नामेंट 20 से 24 मई तक खेला जाएगा, जिसमें उन्हें तीसरी वरीयता मिली है। भारत ने अंडर-11 से अंडर-19 वर्ग तक 32 सदस्यीय टीम उतारी है । पिछली बार भारत ने दो स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते थे। (अनंत ज्ञान)

### सीएसके ने एलएसजी से मिली हार से काफी कुछ सीखा होगा: शास्त्री

**एजेंसी, लखनऊ।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच और कमेंटेटर रवि शास्त्री का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से मिली सात विकेट की हार से अहम सबक सीखे होंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि पांच बार की चैंपियन टीम बाकी बचे दोनों मैच जीतकर आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ में बनी रह सकती है। एलएसजी ने 188 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सीएसके की प्लेऑफ उम्मीदों को बड़ा झटका दिया। अब चेन्नई को अपने शेष दोनों मुकाबले जीतने के साथ अन्य टीमों के परिणामों पर भी निर्भर रहना होगा। शास्त्री ने कहा कि इस विकेट पर बल्लेबाजी आसान नहीं थी, फिर भी सीएसके ने 187 रन बनाए। उन्होंने कहा कि संजू सैमसन और रुतुराज गायकवाड़ जैसे बल्लेबाजों का फॉर्म में लौटना टीम के लिए बेहद जरूरी होगा। सीएसके के गेंदबाजों पर बात करते हुए शास्त्री ने कहा कि टीम ने इस मैच से लेंथ और परिस्थितियों को समझने का सबक जरूर लिया होगा। उनके मुताबिक चेन्नई की टीम अपने घरेलू मैदान की परिस्थितियों को अच्छी तरह जानती है और वहां ज्यादा प्रभावी साबित होगी। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने 2.4 ओवर में 63 रन लुटाए, जिसमें मिचेल मार्श ने लगातार चार छक्के लगाए। इस पर शास्त्री ने कहा कि कंबोज को शॉर्ट गेंदों के बजाय यॉर्कर का इस्तेमाल करना चाहिए था। उन्होंने कहा, ''अगर बल्लेबाज शॉर्ट गेंद का इंतजार कर रहा हो तो या तो यॉर्कर डालो या फिर सिर की ऊंचाई पर तेज बाउंसर फेंको।'' शास्त्री ने कहा कि गलतियों से सीखना ही खिलाड़ी को बेहतर बनाता है और कंबोज भी इस अनुभव से काफी कुछ सीखेंगे। (अनंत ज्ञान)

### मिताली का खूबसूरत अंदाज

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर मिताली राज का जन्म 1982 में राजस्थान के जोधपुर में हुआ है। मिताली इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने की खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपने करियर में 10 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं।



---

**आईपीएल** पंजाब की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर जीत पक्की करना चाहेगी बेंगलुरु

# धर्मशाला में फिर गरजेगा कोहली का बल्ला

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अहम मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत दर्ज कर प्लेऑफ में अपनी जगह लगभग पक्की करने के इरादे से उतरेगी। धर्मशाला के खूबसूरत स्टेडियम में होने वाले इस मैच का सबसे बड़ा आकर्षण विराट कोहली होंगे, जिन्होंने पिछले मुकाबले में शानदार शतक जड़ा था। धौलाधार पर्वतमाला की मनमोहक पृष्ठभूमि में कोहली की बल्लेबाजी देखने के लिए दिल्ली और पंजाब से बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रशंसक हिमाचल पहुंच रहे हैं।

आरसीबी इस सीजन सबसे संतुलित और निरंतर प्रदर्शन करने वाली टीम रही है। टीम शानदार लय में नजर आ रही है और पंजाब के खिलाफ उसे जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। दूसरी ओर पंजाब किंग्स के लिए हालात बेहद मुश्किल हो गए हैं। लगातार पांच हार के बाद टीम पर टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है।

अंक तालिका में मजबूत स्थिति में मौजूद आरसीबी जहां आत्मविश्वास से भरी है, वहीं पंजाब के लिए एक और हार प्लेऑफ की उम्मीदों को लगभग खत्म कर सकती है। पंजाब की सबसे बड़ी चिंता उसकी गेंदबाजी रही है। टीम यहां खेले गए पिछले दो मैचों में अंतिम पांच ओवरों में रन रोकने में नाकाम रही और 210 तथा 200 रन जैसे बड़े स्कोर का भी बचाव नहीं कर सकी। टी20 इतिहास में 200 से अधिक रन बनाने के बावजूद सबसे ज्यादा मैच हारने का रिकॉर्ड भी पंजाब किंग्स के नाम दर्ज है।

जेवियर बार्टलेट और मार्को यानसन पूरे टूर्नामेंट में महंगे साबित हुए हैं, जिससे पंजाब को अपने गेंदबाजी संयोजन पर दोबारा विचार करना पड़ सकता है। हालांकि, अर्शदीप सिंह ने पिछले मैच में किफायती गेंदबाजी की थी, जबकि अजमतुल्लाह उमरजई ने अपने पहले ही मैच में बल्ले और गेंद दोनों से प्रभाव छोड़ा। विजयकुमार वैशाक को पिछले मुकाबले में मौका नहीं मिला था, लेकिन डेथ ओवरों में उनकी उपयोगिता को देखते हुए टीम उन्हें अंतिम एकादश में शामिल कर सकती है। बल्लेबाजी में पंजाब ने कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन हाल के मुकाबलों में इस विभाग में भी निरंतरता की कमी दिखी है। टीम को सबसे ज्यादा सुधार गेंदबाजी में करना होगा। दूसरी तरफ आरसीबी पूरी तरह संगठित इकाई की तरह नजर आ रही है। 37 वर्षीय विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले मैच में केकेआर के खिलाफ 60 गेंदों में 105 रन की बेहतरीन पारी खेली थी। भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज धर्मशाला की परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

**मैच : शाम 3.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, पायला अविनाश, यश ठाकुर, हरनूर सिंह, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** रजत पाटीदार (कप्तान), टिम डेविड, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, फिलिप साल्ट, जितेश शर्मा, जैकब बेथेल, क्रुणाल पांड्या, रोमारियो शेफर्ड, अभिनंदन सिंह, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, नुवान तुषारा, वेंकटेश अय्यर, जैकब डफी, मंगेश यादव, जॉर्डन कॉक्स, विक्की ओस्टवाल, विहान मल्होत्रा, कनिष्क चौहान, सात्विक देसवाल।

## अब हर मैच फाइनल जैसा और वास्तव में मुझे यह पसंद है: हसी

**एजेंसी, लखनऊ**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से मिली हार के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनके बाकी बचे दोनों मैच अब फाइनल जैसे हो गए हैं और उन्हें टूर्नामेंट का यह दौर पसंद आता है। प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी एलएसजी की टीम ने सीएसके को करारी शिकस्त दी जिससे उसके 12 मैच में अब 12 अंक ही रह गए हैं और उसके लिए बाकी बचे दोनों मैच नॉकआउट जैसे बन गए हैं। चेन्नई ने लखनऊ के सामने 188 रन का लक्ष्य रखा था जिसे उसने मिचेल मार्श की 38 गेंदों में खेली गई 90 रन की पारी की बदौलत आसानी से हासिल कर लिया।



हसी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मुझे टूर्नामेंट का यह दौर बहुत पसंद है क्योंकि हर मैच फाइनल जैसा होता है और हम अभी उसी स्थिति में हैं। हमें अपने आखिरी दो मैच जीतने होंगे। मैंने अंकतालिका का इतना बारीकी से अध्ययन नहीं किया है लेकिन शीर्ष चार में जगह बनाने के लिए कई टीम कड़ी चुनौती पेश कर रही हैं।'' सीएसके को अब न केवल अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे बल्कि कुछ अन्य टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा।

हसी ने कहा, ''टूर्नामेंट के इस चरण में सभी टीमों पर वास्तव में बहुत दबाव होता है। इस दौर में कुछ अप्रत्याशित परिणाम मिलते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हमारे पास अब भी मौका है। हमें अब भी आगे बढ़ने का भरोसा है।'' उन्होंने कहा, ''कुछ अन्य मैच के परिणाम भी हमारे अनुकूल रहने चाहिए, लेकिन हमें अपने काम पर ध्यान देना होगा। यही इस टूर्नामेंट की प्रकृति है। मुझे लगता है कि यह टूर्नामेंट शानदार तरीके से अपने चरम पर पहुंच रहा है।''हसी ने कहा, ''इसीलिए मुझे लगता है कि यह दुनिया के बेहतरीन टूर्नामेंटों में से एक है। टूर्नामेंट के इस चरण में अभी केवल दो टीम (लखनऊ और मुंबई इंडियंस) ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हुई हैं। यहां तक कि हमसे नीचे की टीमों के पास भी सैद्धांतिक रूप से फाइनल में पहुंचने का मौका है।'' (अनंत ज्ञान)

## सात्विक-चिराग की जोड़ी थाईलैंड ओपन फाइनल में

**एजेंसी, बैंकॉक**

सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने शानदार संघर्ष करते हुए थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया की चौथे नंबर की भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में मलेशिया के गोह जे फेइ और नूर इजुद्दीन की नौवीं रैंकिंग वाली जोड़ी को 82 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 19-21, 22-20, 21-16 से हराया।

सात्विक और चिराग इससे पहले 2019 और 2024 में इस टूर्नामेंट का खिताब जीत चुके हैं। यह तीसरा मौका है जब भारतीय जोड़ी फाइनल में पहुंची है। अब खिताबी मुकाबले में उनका सामना इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन या चीन के हि जि तिंग और रेन शियांग यू की जोड़ी से होगा। हाल ही में थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने के बावजूद भारत में बैडमिंटन को पर्याप्त पहचान नहीं मिलने पर दिए गए बयान के कारण दोनों खिलाड़ी चर्चा में थे। हालांकि उन्होंने बाहरी विवादों से दूरी रखते हुए कोर्ट पर बेहतरीन खेल दिखाया। मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ भारतीय जोड़ी का रिकॉर्ड अब 7-2 हो गया है। हालांकि, गोह और इजुद्दीन ने पिछले साल इंडिया ओपन सुपर 750 में उन्हें हराया था।

सेमीफाइनल में मलेशियाई जोड़ी ने तेज शुरुआत करते हुए पहला गेम 21-19 से जीत लिया। दूसरे गेम में कांटे की टक्कर देखने को मिली। भारतीय जोड़ी ने दबाव में शानदार वापसी करते हुए 22-20 से गेम अपने नाम किया। निर्णायक गेम में सात्विक और चिराग पूरी तरह हावी रहे। उन्होंने आक्रामक खेल दिखाते हुए मलेशियाई जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया और 21-16 से मुकाबला जीतकर फाइनल में जगह बना ली। (अनंत ज्ञान)

## एलएसजी के कप्तान पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना



**एजेंसी, लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। लखनऊ ने शुक्रवार को यहां खेले गए इस मैच में चेन्नई को सात विकेट से हराकर उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका दिया था। आईपीएल की मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का यह पहला अपराध था, इसलिए ऋषभ पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।'' लखनऊ की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

## विकेट सेलिब्रेशन से खुद को प्रेरित करते हैं आकाश सिंह

**एजेंसी, लखनऊ**

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज आकाश सिंह ने अपने अनोखे जश्न से सभी का ध्यान खींचा। तीन विकेट लेने वाले इस युवा गेंदबाज ने कहा कि वह खुद को प्रेरित करने और बल्लेबाजों पर दबदबा बनाने के लिए इस तरह का सेलिब्रेशन करते हैं।



विकेट लेने के बाद बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने कागज का एक टुकड़ा निकाला, जिस पर लिखा था, ''अक्की आग लगा रहा है। आकाश जानता है कि टी20 क्रिकेट में विकेट कैसे लिए जाते हैं।'' 24 वर्षीय आकाश ने राजस्थान रॉयल्स के साथ अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी। वह 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स की खिताब जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहे और बाद में एलएसजी से जुड़ गए। मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में जब उनसे उस संदेश के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''अक्की को टी20 क्रिकेट में विकेट लेना आता है।''

आकाश ने बताया कि इस तरह के संदेश उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं और लक्ष्य पर फोकस बनाए रखने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा, ''हर खिलाड़ी को अलग-अलग चीजें प्रेरित करती हैं। कभी मैं कागज दिखाता हूं, कभी नहीं। यह उस दिन की मानसिकता पर निर्भर करता है।'' राजस्थान के भरतपुर के रहने वाले आकाश ने कहा कि एलएसजी के सहयोगी स्टाफ और कप्तान ऋषभ पंत का उन्हें लगातार समर्थन मिला है। उन्होंने बताया कि पंत ने मैच से पहले उन्हें अपनी स्विंग गेंदबाजी पर भरोसा रखने की सलाह दी थी। आकाश ने कहा कि आईपीएल में खेलने के अनुभव ने उन्हें बल्लेबाजों की कमजोरियों को बेहतर तरीके से समझने में मदद की है। (अनंत ज्ञान)

## एस्टन विला ने लिवरपूल को हराकर चैंपियंस लीग का टिकट कटाया

**एजेंसी, बर्मिंघम**



ओली वाटकिंस के दो गोल की मदद से एस्टन विला ने प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में लिवरपूल को 4-2 से हराकर अगले साल की चैंपियंस लीग में अपनी जगह पक्की कर ली। विला ने इस जीत से अगले सप्ताह होने वाले यूरोपा लीग के फाइनल के लिए भी अपनी पुख्ता तैयारियों का सबूत पेश किया। यूरोपा लीग के निर्णायक मुकाबले में विला का सामना फ्रीबर्ग से होगा।

विला ने इस जीत से प्रीमियर लीग में शीर्ष पांच में जगह पक्की कर ली है। उसके अभी 37 मैच में 62 अंक है और वह आर्सेनल (79), मैनचेस्टर सिटी (77) और मैनचेस्टर यूनाइटेड (65) के बाद चौथे स्थान पर है। लिवरपूल 59 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। वाटकिंस ने 56वें और 72वें मिनट में गोल किये। उनके अलावा विला की तरफ से मोर्गन रोजर्स (41वें) और जॉन मैकगिन (88वें) ने गोल दागे। लिवरपूल की तरफ से दोनों गोल वर्जिल वान डिज्क (51वें और 90वें) ने किए। (अनंत ज्ञान)

## अवनि प्रशांत ने दिन का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाकर हासिल किया कट

**एजेंसी, हैम्बर्ग (जर्मनी)।** भारतीय गोल्फर अवनि प्रशांत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में चार अंडर 69 का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया जिससे वह जर्मन मास्टर्स टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने में सफल रही। पहले दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली अवनि का कुल स्कोर अब एक ओवर हो गया है और वह संयुक्त 47वें स्थान पर है। कट दो ओवर पर गया। इस तरह से अवनि कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। इस टूर्नामेंट में भाग ले रही भारत की दो अन्य खिलाड़ी प्रणवी उर्स और वाणी कपूर कट में जगह नहीं बना पाई। प्रणवी ने दूसरे दौर में एक ओवर पार का स्कोर बनाया और कुल मिलाकर चार ओवर के साथ संयुक्त 72वें स्थान पर रहीं। वाणी पहले दौर के बाद ही टूर्नामेंट से हट गई थीं। जर्मनी की एस्थर हेंसेलीट (64-71) दूसरे दौर में दो अंडर 71 का कार्ड खेलकर कुल नौ अंडर पार के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं। सारा कौस्कोवा ने दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर सात अंडर 64 बनाया। वह दूसरे स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

### सुपर शतरंज क्लासिक

## प्रज्ञानानंदा ने सिंदारोव को दी मात

**एजेंसी, बुकारेस्ट (रोमानिया)**




भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने शानदार रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए फॉर्म में चल रहे विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव को सुपर चेस क्लासिक्स के दूसरे राउंड में मात दी।

काले मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञानानंदा ने उस मुकाबले को अपने पक्ष में मोड़ दिया, जो शुरुआती और मध्य चरण में ड्रॉ की ओर जाता दिख रहा था। लगातार चालों के दोहराव के बीच संतुलन की स्थिति बनती दिख रही थी, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने जोखिम उठाते हुए मौके को भुना लिया।

अन्य मुकाबलों में अमेरिका के फैबियानो कारुआना और नीदरलैंड के अनीश गिरी के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। वेसली सो और जॉर्डन वैन फॉरेस्ट का मुकाबला भी ड्रॉ में समाप्त हुआ। फ्रांस के मैक्सिम वाचिए-लाग्रेव ने अपने हमवतन अलीरेजा फिरोजा को हराकर दिन की दूसरी जीत दर्ज की। जर्मनी के विंसेंट कीमर ने भी रोमानिया के बोगदान-डैनियल डेअक को पराजित किया। दूसरे दौर के बाद प्रज्ञानानंदा, कीमर और वाचिए-लाग्रेव 1.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। कारुआना, वेसली सो, वैन फॉरेस्ट और गिरी के नाम एक-एक अंक है, जबकि फिरोजा, डेअक और सिंदारोव आधे अंक के साथ निचले पायदान पर हैं। यह टूर्नामेंट नौ दौर का है, जिसमें 10 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं और कुल पुरस्कार राशि 3.5 लाख डॉलर है, जिसमें विजेता को एक लाख डॉलर दिए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## सिनर-मेदवेदेव का मैच स्थगित, रुड फाइनल में

**एजेंसी, रोम**



कैस्पर रूड ने बारिश के कारण लगभग दो घंटे तक खेल रुकने के दौरान भी अपनी एकाग्रता बनाए रखी और इटली के लुसियानो डार्डेरी को 6-1, 6-1 से हराकर पहली बार इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

रुड जब पहले सेट में 4-1 से आगे चल रहे थे, तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा था। रविवार को होने वाले फाइनल में उनका सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर या दानिल मेदवेदेव से होगा। सिनर और मेदवेदेव के बीच सेमीफाइनल मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया। जब यह मुकाबला स्थगित करने का फैसला किया गया तब इटली के खिलाड़ी सिनर रूस के मेदवेदेव से 6-2, 5-7, 4-2 से आगे चल रहे थे। महिला वर्ग का फाइनल कोको गॉफ और एलिना स्वितोलिना के बीच खेला जाएगा। फ्रेंच ओपन से पहले यह आखिरी अभ्यास टूर्नामेंट है। (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट** दिल्ली और राजस्थान के लिए करो या मरो की स्थिति, कोटला में वैभव पर टिकी रहेंगी निगाहें

# स्टार्क की स्विंग के सामने होगी सूर्यवंशी की असली परीक्षा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आईपीएल में रविवार को होने वाला मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स, दोनों टीमों के लिए करो या मरो जैसा होगा। प्लेऑफ की उम्मीदें बनाए रखने के लिए दोनों को हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। हालांकि मुकाबले का सबसे बड़ा आकर्षण युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की भिड़ंत रहेगी।

दिल्ली कैपिटल्स के 12 मैचों में 10 अंक हैं और उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद बेहद कम बची है। हार मिलने पर टीम लगभग टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स के 11 मैचों में 12 अंक हैं और एक सप्ताह के ब्रेक के बाद टीम तरोताजा होकर मैदान पर उतरेगी। बिहार के समस्तीपुर से आने वाले वैभव सूर्यवंशी कम समय में ही क्रिकेट प्रशंसकों के नए चहेते बन गए हैं। सचिन तेंदुलकर के बाद किसी युवा खिलाड़ी को लेकर ऐसा उत्साह कम ही देखने को मिला है। फिरोजशाह कोटला मैदान पर उन्हें पहली बार बल्लेबाजी करते देखने के लिए दर्शकों में जबरदस्त उत्सुकता है। दिल्ली कैपिटल्स अपने घरेलू मैदान पर अब तक मजबूत फैन बेस नहीं बना सकी है। आरसीबी के मैचों में जहां 'कोहली-कोहली' के नारे गूंजते हैं, वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के मुकाबलों में पूरा स्टेडियम पीले रंग में नजर आता है। ऐसे में रविवार को अगर दर्शक सूर्यवंशी के समर्थन में दिखाई दें तो इसमें कोई हैरानी नहीं होगी।

सूर्यवंशी इस सीजन शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने 11 मैचों में 40 छक्कों की मदद से 236.55 की स्ट्राइक रेट से 440 रन बनाए हैं। अब सबकी नजर इस बात पर होगी कि मिचेल स्टार्क उन्हें किस तरह रोकते हैं। स्टार्क का आईपीएल करियर उतार-चढ़ाव भरा रहा है, लेकिन उन्हें शुरुआती स्विंग और सीम मिली तो सूर्यवंशी की तकनीक की कड़ी परीक्षा हो सकती है। दिल्ली के लिए कप्तान अक्षर पटेल और कुलदीप यादव का फीका प्रदर्शन चिंता का विषय है। अक्षर ने 12 मैचों में 10 विकेट लिए हैं, जबकि कुलदीप 11 मैचों में सिर्फ सात विकेट ही हासिल कर सके हैं। तेज गेंदबाजों में लुंगी एंगिडी को छोड़कर बाकी प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। बल्लेबाजी में केवल केएल राहुल ही लगातार रन बना सके हैं। नीतिश राणा और समीर रिजवी को भी जिम्मेदारी निभानी होगी। राजस्थान रॉयल्स के लिए कप्तान रियान पराग की खराब फॉर्म चिंता का कारण बनी हुई है। उन्होंने 10 मैचों में सिर्फ 207 रन बनाए हैं। हालांकि जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में टीम का गेंदबाजी आक्रमण प्रभावशाली रहा है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**दिल्ली कैपिटल्स:** अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, डेविड मिलर, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, साहिल पारख, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, अजय जादव मंडल, करुण नायर, टी नटराजन।

**राजस्थान रॉयल्स:** रियान पराग (कप्तान), अमन राव, शुभम दुबे, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, डोनोवन फरेरा, रवींद्र जडेजा, दासुन शनाका, जोफ्रा आर्चर, ब्रिजेश शर्मा, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, क्वेना मफाका, एडम मिल्ने, सुशांत मिश्रा, विग्नेश पुथुर, रवि बिश्नोई, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, यशराज पुंजा, युद्धवीर सिंह।